खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 17°C
न्यूनतम : 08°C

मुरादाबाद, रविवार 18 जनवरी 2026 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 155 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com माघ कृष्ण पक्ष 14 विक्रमी सम्वत् 2082 28 रजब 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



मीरा एंड्रीवा ने जीता एडिलेड इंटरनेशनल का खिताब खेल टाइम्स



ग्रीनलैंड पर कब्जे का विरोध किया, तो टैरिफ लगाएंगे, ट्रम्प की सभी देशों को धमकी पेज 12

# पहली स्लीपर वंदे भारत हुई रवाना

## हावड़ा-गुवाहाटी की 958 किमी की दूरी 14 घंटे में करेगी तय

**कोलकाता, वार्ता**

**पीएम नरेंद्र** मोदी ने शनिवार को पश्चिम बंगाल के मालदा टाउन से देश की पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। ट्रेन की अधिकतम स्पीड 180 किमी है। श्री मोदी ने ट्रेन को हरी झंडी दिखाने से पहले यहां विद्यार्थियों से बात भी की। इस दौरान कुछ विद्यार्थियों ने श्री मोदी को पेंटिग भेंट कीं। प्रधानमंत्री ने ट्रेन में केंद्रीय विद्यालय के विद्यार्थियों से बातचीत की।

प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि पहले लोग दूसरे देशों की आधुनिक ट्रेनों को देखकर आस लगाया करते थे कि भारत में भी ऐसी ट्रेनें हों। अब वह सपना सच हो रहा है। उन्होंने कहा कि देश की पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन मां दुर्गा और मां कामाख्या की भूमि को जोड़ रही है। उन्होंने इसके लिए पश्चिम बंगाल और असम के लोगों को बधाई दी। श्री मोदी ने कहा कि रेलवे कायाकल्प के दौर से गुजर रहा है। आज पश्चिम बंगाल सहित देश में 150 से अधिक वंदे भारत ट्रेनें चल रही हैं। आधुनिक और तेज गति से चलने वाली ट्रेनों का एक नेटवर्क बन रहा है। पश्चिम बंगाल के गरीब और मध्यम वर्ग परिवारों को इसका फायदा हो रहा है। प्रधानमंत्री ने पश्चिम बंगाल को मिली चार अन्य वंदे भारत ट्रेनों का जिक्र करते हुए कहा कि जो लोग बंगाल और पूर्वी भारत की यात्रा के लिए देश के अलग-अलग हिस्सों से आते हैं, ये ट्रेनें उनके सफर को आसान बनाएंगी। आज भारतीय रेल आधुनिक होने के साथ-साथ आत्मनिर्भर भी हो रही है। भारत के रेल इंजन, डिब्बे और मेट्रो कोच भारत की तकनीक की पहचान बन रहे हैं। आज हम अमेरिका और यूरोप से ज्यादा लोकोमोटिव बना रहे हैं। दुनिया के कई देश पैसेंजर कोच और मेट्रो कोच आयात कर रहे हैं। यह पश्चिम बंगाल के हावड़ा से गुवाहाटी (कामाख्या) के बीच 958 किलोमीटर की दूरी सिर्फ 14 घंटे में तय करेगी।



प्रधानमंत्री मोदी ने हरी झंडी दिखाई, अधिकतम स्पीड 180 किमी

### टीएमसी पर बरसे पीएम मोदी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के मालदा में रैली में प्रधानमंत्री मोदी ने केंद्र सरकार की योजनाओं, भाजपा के विस्तार और तृणमूल कांग्रेस सरकार पर तीखे हमलों के साथ बड़ा राजनीतिक संदेश दिया। पीएम मोदी ने कहा कि वह चाहते हैं कि बंगाल के हर गरीब परिवार के पास पक्का घर हो, हर जरूरतमंद को मुफ्त राशन मिले और केंद्र सरकार की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का पूरा लाभ गरीबों तक पहुंचे।




## संक्षिप्त समाचार

### गोवा में दो रूसी महिलाओं की हत्या, आरोपी रूसी नागरिक गिरफ्तार

**पणजी।** गोवा में दो रूसी महिलाओं की हत्या का हैरान करने वाला मामला सामने आया है। दोनों शव शुक्रवार को बरामद किए गए। पुलिस ने दोनों की हत्या के आरोप में 37 साल के रूसी नागरिक को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान एलेक्सी लियोनोव के रूप में की गई है। वहीं, मृतक महिलाओं का नाम एलेना कस्थानोवा (37) और एलिना वानीवा (37) था। गोवा दोनों महिलाओं की हत्या एक ही पैटर्न में की गई। दोनों का चाकू से गला रेता गया था। हाथ बॉडी के पीछे की तरफ रस्सी से बंधे थे। मामला तब सामने आया, जब गुरुवार रात गोवा के अरंबोल में किराए के मकान से आरोपी की लिव-इन पार्टनर एलेना कस्थानोवा का शव बरामद हुआ।

### वायुसेना की सूर्य किरण टीम दिखाएगी करतब

**नई दिल्ली।** भारतीय विमानन क्षेत्र की ताकत दिखाने वाले सालाना आयोजन विंग्स इंडिया 2026 में वायु सेना की सूर्य किरण एयरोबेटिक टीम भी अपने करतब दिखाएगी। विंग्स इंडिया नागर विमाननं क्षेत्र का एशिया का सबसे बड़ा आयोजन है। इस साल इसका आयोजन हैदराबाद के बेगमपेट हवाई अड्डे पर 28 से 31 जनवरी तक किया जा रहा है। इसका शुभारंभ नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू करेंगे।

### राष्ट्रपति भवन 21 से 29 जनवरी तक आम लोगों के लिए बंद

**नई दिल्ली।** आगामी गणतंत्र दिवस और बीटिंग द रिट्रीट समारोह के मद्देनजर राष्ट्रपति भवन 21 से 29 जनवरी तक आम लोगों के लिए बंद रहेगा। राष्ट्रपति सचिवालय ने शनिवार को यहां एक वक्तव्य जारी कर कहा कि गणतंत्र दिवस समारोह और उससे जुड़े कार्यक्रमों की रिहर्सल के चलते राष्ट्रपति भवन अगले सप्ताह 21 से 29 जनवरी तक आम लोगों के लिए बंद रहेगा।

# बांग्लादेश में एक महीने में 9वें हिंदू की हत्या

## कर्मचारी को बचाने आए होटल कारोबारी को पीट-पीटकर मारा

**ढाका, वार्ता**

**बांग्लादेश के** गाजीपुर जिले में शनिवार को एक हिंदू कारोबारी की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। वह अपनी मिठाई की दुकान में काम करने वाले एक नाबालिग कर्मचारी को बचाने की कोशिश कर रहा था। पुलिस ने मामले में तीन लोगों को हिरासत में लिया है।

मृतक की पहचान 55 वर्षीय लिटन चंद्र घोष उर्फ काली के रूप में हुई है। वह बैशाखी स्वीटमीट एंड होटल का मालिक था। यह दुकान नगरपालिका इलाके के पास बरनगर रोड पर स्थित है। बांग्लादेश में बीते एक महीने में अब तक 9 हिंदुओं की हत्याएं हो चुकी हैं। पुलिस के मुताबिक, शनिवार सुबह करीब 11 बजे मासूम मिया (28) दुकान में आया। किसी मामूली बात को लेकर उसका दुकान में काम करने वाले 17 साल के कर्मचारी अनंत दास से विवाद हो गया। देखते ही देखते कहासुनी मारपीट में बदल गई। कुछ देर बाद मासूम मिया के माता-पिता, मोहम्मद स्वपन मिया (55) और मजीदा खातून (45) मौके पर पहुंचे और झगड़े में शामिल हो गए। जब दुकान मालिक लिटन चंद्र घोष ने बीच-बचाव कर अपने कर्मचारी को बचाने की कोशिश की, तो हमलावरों ने उस पर भी हमला कर दिया। इसी दौरान लिटन के सिर पर फावड़े से वार किया गया। पुलिस के मुताबिक, चोट इतनी गंभीर थी कि उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद स्थानीय लोगों में गुस्सा फैल गया। लोगों ने तीनों आरोपियों स्वपन मिया, मजीदा खातून और मसूम मिया को पकड़ लिया और बाद में पुलिस के हवाले कर दिया। कलिगंज थाने के प्रभारी अधिकारी (ओसी) मोहम्मद जाकिर हुसैन ने घटना की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि तीनों आरोपी पुलिस हिरासत में हैं और हत्या के मामले में कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच जारी है। शुरुआती प्रक्रिया पूरी होने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बांग्लादेश में 16 जनवरी को हिंदू युवक की पेट्रोल पंप पर कुचलकर हत्या कर दी गई थी। युवक पेट्रोल का भुगतान किए बिना भाग रही एसयूवी को रोकने की कोशिश कर रहा था। मृतक की पहचान 30 साल के रिपन साहा के रूप में हुई है। वह पेट्रोल पंप पर कर्मचारी था। पुलिस ने बताया कि एसयूवी चालक ने जानबूझकर उसे कुचल दिया और मौके से फरार हो गया। पुलिस के मुताबिक, शुक्रवार सुबह करीब 4:30 बजे एक काली एसयूवी पेट्रोल पंप पर आई। वाहन में करीब 5,000 टका (लगभग 3,710 रुपये) का ईंधन भरवाया गया। जब ड्राइवर ने पैसे दिए बिना गाड़ी आगे बढ़ाने की कोशिश की, तो रिपन साहा ने वाहन रोकने की कोशिश की। इसी दौरान एसयूवी ने उसे कुचल दिया। मौके पर ही उसकी मौत हो गई। पुलिस और प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, घटना के बाद आरोपी वाहन लेकर फरार हो गए। बाद में पुलिस ने एसयूवी जब्त कर ली और वाहन मालिक अबुल हाशेम उर्फ सुजन (55) और ड्राइवर कमाल हुसैन (43) को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि अबुल हाशेम पेशे से ठेकेदार है। वह बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) की राजबाड़ी जिला इकाई का पूर्व कोषाध्यक्ष और जिला जुबो दल का पूर्व अध्यक्ष रह चुका है।



पुलिस ने तीन आरोपियों को हिरासत में लिया

### गणतंत्र दिवस से पहले आतंकियों के निशाने पर दिल्ली

**नई दिल्ली।** भारत की इंटेलिजेंस एजेंसियों ने गणतंत्र दिवस से पहले दिल्ली में आतंकी हमले को लेकर अलर्ट जारी किया है। एक न्यूज एजेंसी के अनुसार, आईबी से जुड़े सूत्रों ने बताया है कि प्रतिबंधित खालिस्तानी और बांग्लादेश के आतंकी संगठन दिल्ली समेत देश के कई शहरों को निशाना बनाने की कोशिश कर सकते हैं। सूत्रों ने बताया कि पंजाब के कुछ गैंगस्टर विदेश से संचालित खालिस्तानी और कट्टरपंथी हैंडलरों के लिए फुट सोल्जर की भूमिका निभा रहे हैं। ये हैंडलर अपने एजेंडे को आगे बढ़ाने और भारत की आंतरिक सुरक्षा को बाधित करने के लिए क्रिमिनल नेटवर्क का इस्तेमाल कर रहे हैं। ये गैंगस्टर हरियाणा, दिल्ली- एनसीआर, उत्तर प्रदेश और राजस्थान में एक्टिव हैं।

# मुंबई में शिंदे के सभी 29 पार्षद होटल में शिफ्ट

## मेयर बनाने के लिए भाजपा को चाहिए 25 पार्षद

**मुंबई।** महाराष्ट्र नगर निगम चुनाव रिजल्ट के एक दिन बाद मुंबई में राजनीतिक हलचल बढ़ गई है। शिवसेना (शिंदे) ने सभी 29 पार्षदों को ताज होटल शिफ्ट कर दिया है। शिवसेना (शिंदे) के इस फैसले को मुंबई के मेयर पद से जोड़कर देखा जा रहा है। 227 पार्षदों वाली बीएमसी में भाजपा ने 89 सीटों पर जीत दर्ज की है। बहुमत का आंकड़ा 114 है।

भाजपा को मेयर बनाने के लिए 25 पार्षदों की जरूरत होगी। उधर सीएम फडनवीस ने कहा कि मेयर कौन बनेगा और कब चुना जाएगा। ये सभी फैसले मैं, एकनाथ शिंदे और हमारे पार्टी नेता मिलकर लेंगे। इस पर कोई विवाद नहीं है। शिंदे गुट और अजित पवार गुट को जितनी उम्मीद थी, परिणाम वैसा नहीं आया। दोनों डिप्टी सीएम अपनी पार्टियों की सीटें कम आने से नाराज हैं। शनिवार को महाराष्ट्र सरकार की कैबिनेट बैठक में भी दोनों उप मुख्यमंत्री नहीं गए। शिवसेना की ओर से कहा गया शिंदे बीमार हैं। महाराष्ट्र में निगम चुनावों में बीजेपी ने कुल 29 नगर निगमों में से 17 पर जीत दर्ज की है। वहीं, उसके नेतृत्व वाले महायुति गठबंधन ने 8 निगमों में जीत हासिल की। इस तरह भाजपा गठबंधन को 25 नगर निगमों में जीत मिली है। महाराष्ट्र चुनाव में मिली हार के यूबीटी के संजय राऊत ने एकनाथ शिंदे को शिवसेना का जयचंद बताया। उन्होंने एक्स पर लिखा कि अगर एकनाथ शिंदे शिवसेना के जयचंद नहीं बनते, तो भाजपा को मुंबई में कभी मेयर नहीं मिलता। मराठी लोग शिंदे को जयचंद के रूप में याद रखेंगे। 227 सदस्यों वाली बीएमसी में भाजपा ने 89 और सहयोगी शिवसेना ने 29 सीटें जीतीं। जबकि उद्धव की शिवसेना को 65 और एमएनएस को 6 सीटें मिलीं।



मुंबई में राजनीतिक हलचल बढ़ी, कैबिनेट मीटिंग में नहीं पहुंचे शिंदे और अजित

# ईरान से लौटे भारतीय, एयरपोर्ट पर परिजन से मिलकर रोये

**नई दिल्ली।** ईरान में जारी हिंसा के बीच फंसे कई भारतीय नागरिक शुक्रवार देर रात दिल्ली एयरपोर्ट पहुंचे। इनमें ज्यादातर स्टूडेंट्स हैं। कुछ लोग भारत सरकार की पहल से लौटे, तो कुछ अपने खर्च पर वापस आए। दिल्ली एयरपोर्ट पर परिजन से मिलते ही कई नागरिक फूट-फूटकर रोने लगे।

उन्होंने बताया कि हिंसा के दौरान ईरान में हालात कैसे बिगड़े। ईरान से लौटे जम्मू-कश्मीर के एक युवक ने कहा कि वहां हालात बहुत खराब हैं। हिंसक विरोध-प्रदर्शन हो रहे हैं। ईरान से लौटी एक मेडिकल स्टूडेंट ने बताया कि भारतीय दूतावास ने उनसे संपर्क किया था, लेकिन वह निजी फ्लाइट से खुद दिल्ली पहुंची। भारत सरकार ने गुरुवार को एडवाइजरी जारी करके भारतीय नागरिकों से अपने पासपोर्ट, वीजा और अन्य जरूरी दस्तावेज हमेशा अपने पास रखने को कहा था। भारत सरकार के प्रयासों से निजी फ्लाइट के जरिये नागरिक वापस लौटे हैं। ईरान से लौटे भारतीयों के स्वागत के लिए दिल्ली एयरपोर्ट पर उनके परिवार मौजूद थे। ईरान में वहां की करेंसी रियाल के ऐतिहासिक रूप से नीचे गिरने और महंगाई के विरोध में 28 दिसम्बर 2025 में प्रदर्शन शुरू हुए थे। देश के सभी 31 प्रांतों में हिंसा फैल गई है। इसमें 3 हजार से ज्यादा लोगों की मौत हुई है। ज्यादातर लोग गोली लगने से मारे गए हैं। ईरान ने 14 जनवरी को अपना एयरस्पेस अस्थायी रूप से बंद कर दिया था। इसके बाद तेहरान स्थित भारतीय दूतावास ने वहां मौजूद सभी भारतीय नागरिकों को जल्द से जल्द से ईरान छोड़ने की सलाह दी थी। ईरान ने 15 जनवरी को अपना एयरस्पेस खोला, जिसके बाद कई भारतीय अपने देश लौटे। भारत के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा था कि हमारे लगभग 9,000 नागरिक इस समय ईरान में रह रहे हैं। इनमें से अधिकांश छात्र हैं। वहां के हालिया घटनाक्रमों के मद्देनजर हमने भारतीय नागरिकों को वहां उपलब्ध साधनों से देश छोड़ने की सलाह दी है। इससे पहले, विदेश मंत्रालय ने ईरान में फंसे भारतीय लोगों के लिए एक एडवाइजरी की थी। सरकार ने भारतीय नागरिकों से अपने पासपोर्ट, वीजा और अन्य जरूरी डॉक्यूमेंट्स हमेशा अपने पास तैयार रखने को कहा था। भारतीय दूतावास ने लोगों के लिए हेल्पलाइन नंबर और ईमेल एड्रेस भी जारी किया है। ईरान में भारतीय लोगों को +989128109115, +989128109109, +989128109102 और +989932179359 पर संपर्क करने को कहा गया है। ईमेल एड्रेस cons-tehran@mea.-gov.in पर मदद ली जा सकती है।



कहा: वहां इंटरनेट नहीं, हालात बदतर, 28 दिसम्बर से हिंसा जारी

# यूपी में कोहरे में 40 गाड़ियां टकराईं, सात की मौत

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश में शनिवार को सर्दी के इस सीजन का सबसे घना कोहरा छाया। 15 जिलों में 40 से ज्यादा वाहन कोहरे के कारण टकरा गए। इन घटनाओं में डेढ़ साल की बच्ची समेत 7 लोगों की मौत हो गई, जबकि 50 से ज्यादा घायल हुए।

राज्य में 100 से ज्यादा ट्रेन देरी से चल रही हैं। जम्मू-कश्मीर में कंपकंपाने वाली सर्दी का 40 दिन का चिल्लई कलां जारी है। शनिवार को इसका 28वां दिन था। कश्मीर में मिनिमम टेम्परेचर में भारी गिरावट आई। श्रीनगर में टेम्परेचर -4.0 डिग्री सेल्सियस रहा, शोपियां -5.6 डिग्री सेल्सियस रहा। इनके अलावा पहलगाम में -2.6डिग्री सेल्सियस, गुलमर्ग में -4.2डिग्री सेल्सियस, सोनमर्ग में -2.9डिग्री सेल्सियस रहा। हिमाचल के लाहौल स्पीति और चंबा में बर्फबारी हुई। स्पीति के शिंकुला दर्रा में 25 टूरिस्ट व्हीकल बर्फबारी में फंस गए, जिन्हें पुलिस ने रेस्क्यू किया। शिमला और चौपाल के अलावा सभी शहरों के तापमान में बढ़ोतरी हुई। सियोबाग का पारा 1.0 डिग्री सेल्सियस से सीधे 8.0डिग्री सेल्सियस पहुंचा।

श्रीनगर में पारा -4 डिग्री सेल्सियस पहुंचा

## संक्षिप्त समाचार

### ताजमहल में भगवा ले जा रहे हिंदूवादी संगठन को रोका

**आगरा।** उत्तर प्रदेश के आगरा जिला में ताजमहल पर भगवा ध्वज ले जा रहे हिंदूवादी संगठन के कार्यकर्ताओं को पुलिस ने रोक लिया। शनिवार को ताजमहल में चल रहे शाहज. हां के उर्स के आखिरी दिन अखिल भारत हिन्दू महासभा के कार्यकर्ता 21 मीटर लंबा भगवा ध्वज लेकर जा रहे थे, जिन्हें पुलिस ने ताजमहल से पहले पुरानी मंडी चौराहे पर रोक लिया। दरअसल ताजमहल में शाहजहां के उर्स के आखिरी दिन चादर पोशी होती है और अखिल भारत हिन्दू महा सभा के कार्यकर्ताओं ने ऐलान किया था किया था कि ताजमहल में भगवा ध्वज फहराएंगे। पुलिस को पहले से ही जानकारी थी और ऐसे में पुलिस सतर्क भी थी। दरअसल हिन्दूवादी संगठन ताजमहल को तेजोमहालय मंदिर मानते हैं और मंदिर मानकर ही भगवा ध्वज लेकर जा रहे थे।

### वशिष्ठ केंद्रीय सतर्कता आयोग के आयुक्त नियुक्त

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी ने केंद्रीय सतर्कता आयोग अधिनियम, 2003 की धारा 4 (1) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए प्रवीण वशिष्ठ को केंद्रीय सतर्कता आयोग में सतर्कता आयुक्त नियुक्त किया है। शनिवार को प्राप्त जानकारी के अनुसार वशिष्ठ ने शुक्रवार को केंद्रीय सतर्कता आयुक्त के समक्ष सतर्कता आयुक्त के रूप में शपथ ग्रहण की। उन्हें यह शपथ भारत के राष्ट्रपति द्वारा केंद्रीय सतर्कता आयोग अधिनियम, 2003 की धारा 5(3) के प्रावधानों के अनुसार अधिकृत किया गया था। बिहार कैडर के 1991 बैच के भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारी प्रवीण वशिष्ठ का तीन दशकों से अधिक का विशिष्ट सेवाकाल रहा है।

# इतिहास को भूलने वाला समाज अपनी नैतिक दिशा भी खो देता है: हरिवंश

**नई दिल्ली, वार्ता**

■ इतिहास केवल अतीत का लेखा जोखा नहीं है, लोकतांत्रिक संस्थाओं, जनचेतना और राष्ट्रीय चरित्र की नींव

राज्यसभा उपसभापति हरिवंश नारायण सिंह ने शनिवार को कहा कि जो समाज अपने इतिहास को भूल जाता है, वह न केवल अपना भविष्य खो देता है, बल्कि अपनी नैतिक दिशा भी खो देता है। सिंह ने शनिवार को यहां भारत मंडपम में दिल्ली विधान सभा सचिवालय द्वारा प्रकाशित कॉफी टेबल बुक वीर विठ्ठल भाई की गौरव गाथा: एक शताब्दी यात्रा पर आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि जो समाज अपने इतिहास को भूल जाता है, वह न केवल अपना भविष्य खो देता है, बल्कि अपनी नैतिक दिशा भी खो देता है।

इतिहास केवल अतीत का लेखा-जोखा नहीं है, बल्कि लोकतांत्रिक संस्थाओं, जनचेतना और राष्ट्रीय चरित्र की नींव है। इसलिए वीर विठ्ठलभाई पटेल की विरासत को पुनर्जीवित करना कोई अकादमिक अभ्यास नहीं, बल्कि एक लोकतांत्रिक दायित्व है। उन्होंने पुस्तक को भारतीय इतिहास के एक अत्यंत जीवंत और निर्णायक काल का प्रामाणिक दस्तावेज बताया। रॉलेट एक्ट काल का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि वीर विठ्ठलभाई पटेल ने विधाई परिषद में 220 से अधिक संशोधन प्रस्तुत किए और परिषद के प्रथम भारतीय अध्यक्ष बने। उन्होंने वीर विठ्ठलभाई पटेल की व्यक्तिगत ईमानदारी, औपनिवेशिक सत्ता से समझौता न करने का साहस, नेताजी सुभाष चंद्र बोस को दिया गया मार्गदर्शन तथा स्वतंत्रता संग्राम हेतु अपनी वसीयत और संसाधन सौंपने का भी उल्लेख किया। इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि वर्ष 1912 से 1933 का कालखंड भारत के स्वतंत्रता आंदोलन का सबसे निर्णायक चरण रहा, जिसका समापन 22 अक्टूबर 1933 को वीर विठ्ठलभाई पटेल के निधन के साथ हुआ।

# रोहित वेमुला के सवाल खत्म नहीं हुए: राहुल

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ दलित समाज आज भी उसी तरह के माहौल का हिस्सा, उसकी लड़ाई लड़ना हमारी जिम्मेदारी

■ भाजपा शासन में शिक्षा को भी राजनीतिक एजेंडे के तहत निशाना बनाया जा रहा है: कांग्रेस

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि एक दशक पहले जिस रोहित वेमुला की जान गई थी, उसी तरह के सवाल आज भी जिंदा है और देश का दलित समाज उसी तरह के माहौल का हिस्सा बना हुआ है, इसलिए उसकी लड़ाई लड़ते रहना हमारी जिम्मेदारी है।

गांधी ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि आज रो. हत वेमुला की मौत को गए 10 साल हो गए, लेकिन उसका सवाल आज भी हमारे सीने में धड़क रहा है और पूछा जा रहा है कि क्या इस देश में सपने देखने का हक सबको बराबर है। उनका कहना था कि रोहित पढ़ना, लिखना चाहता था। विज्ञान, समाज और इंसानियत को समझकर इस मुल्क को बेहतर बनाना चाहता था, लेकिन इस व्यवस्था को एक दलित का आगे बढ़ना मंजूर नहीं था। उन्होंने कहा कि देश में आज भी संस्थागत जातिवाद, सामाजिक बहिष्कार, रोज-रोज की बेइज्जती, 'औक़ात' दिखाने वाली भाषा और अमानवीय व्यवहार है और यही वह जहर था, जिसने एक होनहार युवा को उस मुक़ाम तक धकेल दिया, जहां उसकी गरिमा छीन ली गई और उसे अकेला कर दिया गया। उन्होंने सवाल किया कि क्या आज दलित युवाओं की हकीकत क्या बदली है। उनका कहना था कि कैंपस में वही तिरस्कार, हॉस्टल में वही अलगाव, क्लास में वही कमतर समझना, फिर वही हिसा और कभी-कभी वही मौत। क्योंकि जाति आज भी इस देश में सबसे बड़ा एडमिशन फॉर्म है। इसीलिए रोहित वेमुला एक्ट कोई नारा नहीं, एक जरूरत है, ताकि शैक्षणिक संस्थानों में जातिगत भेदभाव अपराध बने, दोषियों पर सख्त कार्रवाई हो और किसी भी छात्र को उसकी जाति के नाम पर तोड़ने, चुप कराने और बाहर करने की छूट खत्म हो। यह लड़ाई सिर्फ संसद की नहीं है। यह लड़ाई कैंपस की है, युवाओं की है, हमारी है। दलित युवाओं- आवाज उठाओ, संगठन बनाओ, एक-दूसरे के साथ खड़े रहो। मांग करो रोहित वेमुला एक्ट अभी लागू करो। कर्नाटक और तेलंगाना में कांग्रेस की सरकारें इस कानून को जल्द से जल्द लागू करने की प्रक्रिया में हैं। हम एक ऐसा भारत चाहते हैं, जो न्यायपूर्ण, मानवीय और समान हो, जहां किसी दलित छात्र को अपने सपनों की कीमत अपनी जान से न चुकानी पड़े। रोहित, तुम्हारी लड़ाई हमारी जिम्मेदारी है। वहीं कांग्रेस ने सरकार पर शिक्षा व्यवस्था को जानबूझकर तबाह करने का गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि अच्छी शिक्षा किसी भी विकसित राष्ट्र की नींव होती है, लेकिन भाजपा शासन में शिक्षा को भी राजनीतिक एजेंडे के तहत निशाना बनाया जा रहा है।

## उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने चंदौली में जताया भरोसा

# एकीकृत न्यायालय परिसर देश के लिए बनेंगे प्रेरणास्रोत

**चंदौली, वार्ता**



■ सीजेआई ने छह जिलों चंदौली, महोबा, अमेठी, शामली, हाथरस एवं औरैया के एकीकृत न्यायालय परिसर का शुभारंभ किया

उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने शनिवार को कहा कि उत्तर प्रदेश में बनने वाले एकीकृत न्यायालय परिसर देश में न्यायिक व्यवस्था के लिए प्रेरणाश्रोत साबित होंगे।

मुख्य न्यायाधीश ने यहां से छह जिलों चंदौली, महोबा, अमेठी, शामली, हाथरस एवं औरैया के एकीकृत न्यायालय परिसर का शुभारंभ करने के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति कृतज्ञता का इजहार करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री जी का धन्यवाद। आज की ऐतिहासिक यात्रा में शामिल हो सका। माननीय मुख्यमंत्री जी ने बताया कि यह क्षेत्र ऐतिहासिक धार्मिक मंदिरों के लिए प्रसिद्ध है। उसी इतिहास में उन्होंने आज एक नई कड़ी जोड़ी है, जब यहां न्यायिक मंदिरों की भी स्थापना की जा रही है। उन्होंने कहा कि संवैधानिक सपने को साकार करने के लिए मैं गर्व के साथ कह सकता हूं कि छह इंटीग्रेटेड कोर्ट कॉम्प्लेक्स और अन्य चार जो बनने वाले हैं, इनके बनने से उत्तर प्रदेश पूरे भारत में एक उदाहरण बनेगा। ये इंटीग्रेटेड कोर्ट कॉम्प्लेक्स पूरे भारत के लिए एक बेंचमार्क बनेंगे। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि आपने देखा होगा कि इन इंटीग्रेटेड कोर्ट कॉम्प्लेक्स को देखकर ऐसा लगता है कि अगले पचास वर्षों या उससे अधिक समय तक जो आवश्यकताएं होंगी, उन्हें वे पूर्ण रूप से पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। हर प्रकार की सुविधा से लैस ए न्यायिक कोर्ट कॉम्प्लेक्स वकीलों के लिए तथा न्याय के उपभोक्ता यानी आम आदमी के लिए, जो न्याय के अधिकार के लिए अदालत में आते हैं, बहुत ही सराहनीय सुविधाएं प्रदान करते हैं। मैं सरकार और उच्च न्यायालय को बहुत-बहुत बधाई देता हूं। उन्होंने कहा कि भारत के संविधान में जिला न्यायपालिका को महत्वपूर्ण स्थान दिया गया है। सभी का अपना हाईकोर्ट होगा। सुप्रीम कोर्ट से भी अधिक मौलिक अधिकारों को लागू करने की क्षमता होगी। संविधान निर्माताओं का इसके पीछे यही कारण था कि जिला न्यायपालिका स्थापित होगी, तो न्याय के सपने को भारत में पूरा किया जा सकेगा। लोगों को अपने क्षेत्र में नजदीक में ही अदालत की सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वाराणसी के बारे में भी हमारे न्यायमूर्ति ने उल्लेख किया। हम लोग तो चाहते हैं कि हर जनपद में कोर्ट कॉम्प्लेक्स बने। प्रदेश सरकार की ओर से मैं सभी को आश्वस्त करता हूं कि पैसों की कमी नहीं है और होने भी नहीं दी जाएगी। इच्छाशक्ति की कमी जरूर दिखती है।

### मुख्य न्यायाधीश के पहुंचने से पहले अधिवक्ताओं ने बैठने को लेकर किया हंगामा

**चंदौली।** उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) न्यायमूर्ति सूर्यकांत और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा शनिवार को प्रदेश के छह जिलों चंदौली, महोबा, अमेठी, शामली, हाथरस एवं औरैया के एकीकृत न्यायालय परिसर के शुभारंभ के पहले अधिवक्ताओं ने बैठने की व्यवस्था को लेकर जमकर हंगामा किया। अधिवक्ताओं ने आरोप लगाया कि 28 वर्षों की जद्दोजहद के बाद ऐसा मौका आया है, लेकिन कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के नेताओं को आगे बिठा दिया गया है, जबकि अधिवक्ताओं को पीछे बैठाया जा रहा है। शोर-गुल सुनकर मौके पर कई अधिकारी अधिवक्ताओं से संवाद करने पहुंच गए। चंदौली सिविल बार एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमित कुमार सिंह ने बताया कि यह कार्यक्रम मूल रूप से अधिवक्ताओं का है। चंदौली जिले के पदाधिकारियों को पीछे बैठा दिया गया है, जबकि अन्य जनपदों के लोगों को आगे की सीटें दी जा रही हैं।

# जीरो पावर्टी अभियान से मिलेगी शैक्षणिक संस्थानों को ताकत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

■ गरीब परिवारों के समग्र विकास के लिए कार्य होगा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश को गरीबी मुक्त बनाने की दिशा में योगी सरकार एक और अहम कदम उठाने जा रही है। सरकार के महत्वाकांक्षी 'जीरो पावर्टी अभियान' से प्रदेश के विश्व विद्यालयों और महाविद्यालयों को जोड़ने की तैयारी की जा रही है।

इसके तहत उच्च शिक्षण संस्थानों के साथ एमओयू किए जाएंगे, जिनके माध्यम से प्रत्येक संस्थान 10 से 15 ग्राम पंचायतों को गोद लेकर वहां चिन्हित गरीब परिवारों के समग्र विकास के लिए कार्य करेगा। इस पहल के अंतर्गत एनएसएस, एनसीसी, एमएस डब्ल्यू सहित अन्य पाठ्यक्रमों के छात्र स्वयंसेवक के रूप में अभियान से जुड़ेंगे। ये छात्र गांवों में जाकर जीरो पावर्टी परिवारों का सर्वे करेंगे और उन्हें आजीविका, कौशल विकास, रोजगार, स्वरोजगार और सामाजिक सशक्तिकरण से जोड़ने में सहयोग करेंगे। अभियान की शुरुआत पायलट प्रोजेक्ट के रूप में राजधानी लखनऊ से की जाएगी। इसके परिणामों के आधार पर इसे चरणबद्ध तरीके से पूरे प्रदेश में लागू किया जाएगा। जीरो पावर्टी अभियान के नोडल अधिकारी एवं प्रमुख सचिव (योजना) आलोक कुमार ने बताया कि विश्वविद्यालयों और कॉलेजों से जुड़े छात्र ग्राम पंचायत स्तर पर परिवारों की जरूरतों का आकलन करेंगे और उनके लिए माइक्रो प्लानिग के माध्यम से कौशल प्रशिक्षण, रोजगार और उद्यमिता के अवसर सुनिश्चित किए जाएंगे। अभियान की प्रभावी निगरानी के लिए प्रत्येक संस्थान में नोडल शिक्षक नियुक्त किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि युवाओं को स्किलिग प्रोग्राम, अप्रेंटिसशिप और प्लेसमेंट अवसरों से जोड़ा जाएगा।



सेंसेक्स 83570.35
निफ्टी 25694.35



सोना रु. 142601
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 287550
प्रति किलो



# एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक आईसीएसआई सदस्यों को देगा विशेष बैंकिंग सुविधा

**मुंबई, वार्ता**

देश के सबसे बड़े लघु वित्त बैंक एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक ने भारतीय कंपनी सेक्रेटरी संस्थान (आईसीएसआई) के सदस्यों के लिए विशेष बैंकिग सुविधाओं की घोषणा की है।

एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक ने बताया कि इसके लिए उसने संस्थान के साथ शनिवार को एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया है। इसके तहत आईसीएसआई के सदस्यों को विशेष बैंकिग और क्रेडिट कार्ड सुविधाएं देने के साथ उन्हें नियुक्तियों में भी प्राथमिकता दी जाएगी। एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक को हाल ही में रिजर्व बैंक से पूर्ण बैंक में बदलने के लिए सैद्धांतिक मंजूरी मिली है। आईसीएसआई के अध्यक्ष धनंजय शुक्ला और एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक में ब्रांच बैंकिंग के सर्किल प्रबंधक रजत माथुर ने हस्ताक्षर किए। संस्थान के सदस्यों को बचत खाता पैकेज प्रदान किया जाएगा, जबकि कंपनी सेक्रेटरी के फर्मों को बिजनेस खाता पैकेज के तहत चालू खाता दिया जाएगा। इन खातों पर न्यूनतम बैलेंस की जरूरत नहीं रहेगी। इनके साथ डीमैट खाता खोलने पर कोई वार्षिक शुल्क नहीं लगेगा। घर पर बैंकिंग के तहत महीने में दो बार विजिट की सुविधा होगी। बचत खाते के साथ लॉकर शुल्क में 50 प्रतिशत छूट मिलेगी। एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक ने बताया कि इन खातों के साथ जारी डेबिट कार्ड से कंपनी सेक्रेटरी घरेलू हवाई अड्डों पर हर तिमाही में दो बार लॉन्ज तक पहुंच का लाभ उठा सकेंगे। उन्हें प्रतिबद्ध संबंध प्रबंधक की भी सुविधा मिलेगी। साथ ही बचत खाते पर प्रीमियम क्रेडिट कार्ड और चालू खाते के साथ सावधि जमा पर ओवरड्राफ्ट की सुविधा भी मिलेगी। जिन पदों के लिए कंपनी सेक्रेटरी योग्य होंगे उन पर नियुक्ति में उन्हें प्राथमिकता दी जाएगी।

# पीएम विश्वकर्मा हाट 18 से 31 जनवरी तक दिल्ली हाट में होगी आयोजित

**नई दिल्ली।** सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय (एमएसएमई) 18 से 31 जनवरी तक यहां दिल्ली हाट में पीएम विश्वकर्मा हाट 2026 का आयोजन कर रहा है, जिसमें पारंपरिक शिल्पकला और सांस्कृतिक अनुभवों को प्रदर्शित किया जाएगा। एमएसएमई मंत्री जीतन राम मांझी तथा मंत्रालय में राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगे। यह प्रदर्शनी पीएम विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत कारीगरों और शिल्पकारों को समर्पित एक प्रदर्शनी होगी जो रविवार से 31 जनवरी तक यहां आईएनए दिल्ली हाट में सुबह 10:30 बजे से रात 10 बजे तक जनता के लिए खुला रहेगी।

प्रदर्शनी का उद्देश्य भारत की समृद्ध पारंपरिक शिल्पकला विरासत का उत्सव मनाना और उसे प्रदर्शित कर कारीगरों को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय खरीदारों, हितधारकों और आम जनता के सामने अपने हस्तनिर्मित उत्पादों को प्रदर्शित करने और उनका विपणन करने के लिए एक प्रमुख मंच प्रदान करना है। प्रदर्शनी में देश भर के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 117 से अधिक कारीगर भाग लेंगे। आधिकारिक सूचना के अनुसार प्रधानमंत्री विश्वकर्मा हाट 2026 में विदेशी दूतावासों के प्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया गया है। यह प्रदर्शनी पारंपरिक शिल्पकलाओं की एक विस्तृत श्रृंखला, शिल्पकला के प्रत्यक्ष प्रदर्शन और सांस्कृतिक अनुभवों को प्रदर्शित करेगी जो 'विश्वकर्मा का अभियान, विकसित भारत का निर्माण' की भावना को दर्शाएगी।

# चावल, गेहूं मजबूत, दालों में नरमी, खाद्य तेलों में रही घट-बढ़

**नई दिल्ली, वार्ता**



घरेलू थोक जिंस बाजारों में शनिवार को चावल के औसत भाव बढ़ गए। गेहूं में भी तेजी रही। चीनी के दाम में टिकाव रहा जबकि दालों में नरमी देखी गई।

खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 14 रुपये बढ़कर 3,795 रुपये प्रति क्विटल पर पहुंच गई। गेहूं छह रुपये महंगा हुआ और 2,867 रुपये प्रति क्विटल के भाव बिका। आटे की कीमत 11 रुपये बढ़ी। दाल- दलहनों में गिरावट का रुख रहा। तुअर दाल औसतन 142 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। मसूर दाल 76 रुपये और चना दाल 62 रुपये प्रति क्विंटल टूट गई। उड़द दाल की कीमत 37 रुपये और मूंग दाल की 13 रुपये प्रति क्विंटल फिसल गई। स्थानीय बाजारों में मूंगफली तेल की औसत कीमत 264 रुपये प्रति क्विंटल गिर गई। पाम ऑयल 28 रुपये और सरसों तेल तीन रुपये सस्ता हुआ। सोया तेल की कीमत 70 रुपये बढ़ गई। सूरजमुखी तेल 58 रुपये और सरसों तेल तीन रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। मीठे के बाजार में आज गुड़ के औसत भाव नौ रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गए। वहीं चीनी लगभग गत दिवस के स्तर पर ही पड़ी रही। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7710.84 रुपये, मसूर काली 8061.09 रुपये, मूंग दाल 10069.98 रुपये, उड़द दाल 10368.40 रुपये, तुअर दाल 10482.32 रुपये प्रति क्विंटल।

अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2867.04 रुपये और चावल 3795.39 रुपये प्रति क्विंटल। आटा (गेहूं) 3311.35 रुपये प्रति क्विटल। चीनी-गुड़: चीनी एस 4294.70 रुपये और गुड़ 4975.40 रुपये प्रति क्विटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 17608.86 रुपये, मूंगफली तेल 17687.79 रुपये, सूरजमुखी तेल 15968.93 रुपये, सोया तेल 13839.45 रुपये, पाम ऑयल 12471.96 रुपये और वनस्पति 14502.60 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

# माघ मेले का आकर्षण बने हैं गोल्डन बाबा

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश में प्रयागराज के संगम तट पर बसी टेंट नगरी में जगद्गुरु संतोष दास उर्फ सतुआ बाबा के सुर्खियों में आने के बाद अब एक और बाबा इन दिनों माघ मेले में चर्चा में बने हुए है। मूलरूप से कानपुर के रहने वाले गूगल गोल्डन बाबा उर्फ मनोज आनंद ने सोने-चांदी के गहने पहने हुए है। गोल्डन बाबा ने योगी आदित्यनाथ को देश का प्रधानमंत्री बनाने के लिए नंगे पैर रहने का कठोर संकल्प भी लिया हुआ है।

चांदी के मुकुट और हाथों में सोने के लड्डू गोपाल के साथ बाबा का यह अनोखा अंदाज चर्चा का विषय बना हुआ है। कानपुर से आए गूगल गोल्डन बाबा अपने अनोखे अंदाज के लिए पूरे माघ मेले में इन दिनों छाए हुए है। बाबा अपने हाथों में सोने से बने लड्डू गोपाल की मूर्ति हमेशा लेकर चलते है। मनोज आनंद उर्फ गोल्डन बाबा महाराज अपने शरीर पर करीब पांच करोड़ की कीमत का आभूषण पहनकर रहते है। गोल्डन बाबा अपने हाथों में देवी देवताओं की आकृति वाली अंगूठियां और गले में सोने और चांदी का शंख भी पहने हुए है। बाबा की वेशभूषा एकदम अलग दिखती है। गोल्डन बाबा ने अपने सिर पर कई किलों का चांदी से बना हुआ मुकुट भी पहना हुआ है। बाबा ने भगवा रंग के कपड़े पहने हुए और उसमें मुख्यमंत्री योगी को प्रधानमंत्री बनाने के लिए बकायदा एक पोस्टर छपा हुआ है। गूगल गोल्डन बाबा कहते है कि वो केवल अपने आभूषणों के लिए ही नहीं जाने जाते, बल्कि अपने एक कठोर संकल्प के लिए भी लोग उन्हें जानते है। लोग उन्हें गूगल गोल्डन बाबा के नाम से जानते है। बाबा ने बताया कि उनको सोना और चांदी पहनने का शौक इसलिए है, क्योंकि वो एक क्षत्रिय है। उन्होंने जो सोने और चांदी के आभूषण पहने हुए है उसकी कीमत करीब पांच करोड़ से कम नहीं है। बाबा के मुताबिक कई किलों सोना उन्होंने पहना हुआ है। करीब 20 साल से वो इस वेशभूषा में रहते है। गूगल गोल्डन ने बताया कि जब तक योगी आदित्यनाथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बाद देश के प्रधानमंत्री नहीं बन जाते, तब तक वो नंगे पैर परिक्रमा करेंगे। बाबा पहले पांच लाख रुपये की चांदी की चप्पल पहनते थे लेकिन अब उन्होंने नंगे पैर रहने का प्रण लिया है। बाबा चांदी के बर्तन में भोजन करते है और उनके चांदी के मुकुट पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तस्वीर लगी हुई है। वो अबतक यूपी के सभी जिलों में घूम चुके है। बाबा पिछले आठ सालों से मेले में आते है और यहां अनुष्ठान करते है। बाबा ने बताया कि इतना सोना और चांदी पहनकर उनको कोई डर नहीं लगता, क्योंकि उनके लड्डू गोपाल उनके साथ है। उनको किसी सुरक्षा की जरूरत नहीं है। वो अपने प्रभु के साथ सुरक्षित है। गोल्डन बाबा से ए सवाल पूछे जाने पर बाबा पहले क्या करते थे, तो उन्होंने जवाब में कहा कि वो पैदायशी रईश है।

# समग्र विकास की योजना को बाधित करने साजिशें जारी

**वाराणसी, वार्ता**



■ मुख्यमंत्री ने मणिकर्णिका घाट पर मूर्तियों को खंडित करने वाले कथित वीडियो की ओर किया इशारा

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने धार्मिक नगरी काशी के मणिकर्णिका घाट पर मूर्तियों को खंडित करने वाले कथित वीडियो की ओर इशारा करते हुए कहा कि पिछले 11 वर्षों में काशी के समग्र विकास की योजना को बाधित करने के लिए साजिशें रची जा रही हैं और दुष्प्रचार किया जा रहा है।

काल भैरव मंदिर और विश्वनाथ मंदिर में दर्शन-पूजन करने के बाद योगी ने शनिवार को यहां एक प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि काशी के समग्र विकास की योजना को बाधित करने के लिए साजिशें रची जा रही हैं और दुष्प्रचार किया जा रहा है। इसके सही तथ्य जनता के सामने आ सकें, इसलिए मुझे आज काशी आना पड़ा है। उन्होंने कहा कि काशी अविनाशी है। काशी के प्रति हर सनातनी और हर भारतवासी अपार श्रद्धा रखता है। स्वतंत्र भारत में काशी को जो सम्मान मिलना चाहिए था और जिस गति से उसका विकास होना चाहिए था, वह समग्र विकास पहले नहीं हो पाया। पिछले 11 वर्षों में काशी अपनी आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण करते हुए उसका संवर्धन कर रही है।

साथ ही भौतिक विकास के माध्यम से नई ऊंचाइयों को छू रही है। काशी को एक नई वैश्विक पहचान मिली है। काशी का प्रतिनिधित्व देश की संसद में यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि काशी की पुरातन काया को संरक्षित रखते हुए उसे नए कलेवर में देश-दुनिया के सामने प्रस्तुत किया जा रहा है। इसी के अनुरूप 55 हजार करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाएं काशी के लिए स्वीकृत हुई हैं। इनमें से 36 हजार करोड़ रुपये की परियोजनाएं लोकार्पित हो चुकी हैं और शेष पर कार्य प्रगति पर है। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले काशी विश्वनाथ मंदिर में प्रतिदिन पांच हजार से 25 हजार तक श्रद्धालु आते थे। आज यह संख्या डेढ़ लाख से डेढ़ लाख प्रतिदिन हो गई है। पीक सीजन में यह संख्या 6 लाख से 10 लाख तक पहुंच जाती है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कहा कि काशी विश्वनाथ धाम बनने के बाद अब तक अकेले काशी ने देश की जीडीपी में 1.3 लाख करोड़ रुपये का योगदान दिया है। योगी ने यहां पत्रकारों से कहा कि गत वर्ष काशी में 11 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने बाबा विश्वनाथ के दर्शन किए।

### योगी ने 'कथक सम्राट' पंडित बिरजू महाराज को दी श्रद्धांजलि

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'कथक सम्राट' और 'पद्म विभूषण' से सम्मानित महान नृत्याचार्य पंडित बिरजू महाराज की पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पंडित बिरजू महाराज ने भारतीय शास्त्रीय नृत्य-कला, विशेषकर कथक को वैश्विक पहचान दिलाने में अतुलनीय योगदान दिया। उनकी नृत्य-साधना, कोमल भाव-अभिव्यक्ति, लयात्मक सौंदर्यबोध और संगीत-ज्ञान ने भारतीय कला परंपरा को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पंडित बिरजू महाराज की विलक्षण कला-साधना और गुरु परंपरा सदैव भावी पीढ़ियों के कलाकारों के लिए प्रेरणा का स्रगोत बनी रहेगी। उनके योगदान को भारतीय संस्कृति और कला जगत सदैव श्रद्धा के साथ स्मरण करेगा। गौरतलब है कि संगीत और साहित्य की नगरी काशी में 17 जनवरी यानी शनिवार को पांच प्रदेशों के कथक कलाकारों का जुटान होगा। कथक सम्राट पद्म विभूषण पंडित बिरजू महाराज को 'कथक यज्ञ' के माध्यम से श्रद्धांजलि दी जाएगी।

# पाशा ने गरीबों को बांटी लाखों की सौगात


## वरिष्ठ समाजसेवी व हृदय सम्राट डॉ. मनोज वर्मा सहित कई हस्तियां रही शामिल





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़नपुर।** राष्ट्रीय विकलांग एसो. के द्वारा नूरपुर मार्ग स्थित पारकर पब्लिक स्कूल में कम्बल, ट्राई साइकिलें, व्हीलचेयर, वैशाखियां व अन्य उपकरण जरूरतमंदों को वितरण किए गए। विशाल समारोह में शामिल वरिष्ठ समाजसेवी व विशाल हृदय सम्राट डॉ. मनोज वर्मा सहित अन्य हस्तियों ने राष्ट्रीय विकलांग एसो. के राष्ट्रीय अध्यक्ष एमआर पाशा की तारीफ की।





प्राप्त समाचार के अनुसार एसो. के द्वारा आयोजित विशाल कार्यक्रम में दिव्यांगों, वृद्धों, विधवाओं, गरीबों व मजदूरों को 1300 कम्बल, दिव्यांगों को चार व्हीलचेयर, दस ट्राई साइकिलें, वैशाखी व अन्य उपकरणों का वितरण किया गया। धामपुर के विधायक अशोक कुमार राणा, जनपद के लोकप्रिय समाजसेवी डॉ. मनोज वर्मा, जीएम अवध शुगर मिल स्योहारा सुखवीर सिंह, ब्लाक प्रमुख स्योहारा उज्जवल चौहान, पूर्व चेयरमैन स्योहारा अख्तर जलील, डीपीसीआरसी सीनियर फैकल्टी मैनेजर सतेन्द्र शर्मा, राज्य प्रशिक्षक ईशांत शर्मा, स्कूल प्रबंधक उमेश राणा, भावी प्रत्याशी जिला पंचायत सदस्य हाजी शहजाद मलिक आदि द्वारा यह सामग्रियां वितरित की गई। राष्ट्रीय अध्यक्ष एमआर पाशा व वाइस प्रेसिडेंट मौहम्मद वसीम,नसीम अहमद व अन्य पदाधिकारियों द्वारा अतिथियों को शॉल ओढ़ाकर विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का सफल संचालन स्टेट मास्टर ट्रेनर कवि इशांत शर्मा व इकराम ठेकेदार ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर भावी प्रत्याशी जिला पंचायत सदस्य हाजी शहजाद मलिक, सरताज अंसारी, जिला अध्यक्ष मौहम्मद शाकिर, मौहम्मद आजम अंसारी, मास्टर शहजाद गोविंदपुर, मौहम्मद शाहे आलम, सुशील, नकुल, विदेश, मास्टर अफजाल, नाजिम मलिक, फहीम रायपुर, दिलशाद, अजमल, सितारे आलम, इंतजाम, इकराम ठेकेदार, मौलाना फहीम उस्मानी आदि मौजूद रहे।

### दिव्यांगों के सच्चे हमदर्द पाशा : डॉ. मनोज वर्मा



**बुढ़नपुर।** विशाल हृदय सम्राट व वरिष्ठ समाजसेवी डॉ. मनोज वर्मा ने कहा कि वर्तमान समय में जब समाज में स्वार्थ की भावना बढ़ती जा रही है, ऐसे में एमआर पाशा जैसे व्यक्ति समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन द्वारा आयोजित यह नि:शुल्क वितरण कार्यक्रम दिव्यांगों, वृद्धों, विधवाओं और गरीब मजदूरों के जीवन में राहत पहुंचाने का कार्य कर रहा है। सहायक उपकरणों और कम्बलों के वितरण से जरूरतमंदों को न केवल सहायता मिली है, बल्कि आत्मसम्मान और आत्मविश्वास भी बढ़ा है। उन्होंने कहा कि दूसरों को भी एमआर पाशा से प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने अपना पूरा जीवन विकलांगों व जरूरतमंदों को समर्पित कर दिया है। वह सच्चे समाजसेवी है।

### एमआर पाशा मेरे छोटे भाई जैसे : अशोक राणा

**बुढ़नपुर।** धामपुर के विधायक अशोक कुमार राणा ने कहा कि एमआर पाशा लगातार कई वर्षों से निस्वार्थ भाव से दिव्यांगों, वृद्धों, विधवाओं और गरीब मजदूरों की सेवा में लगे हुए हैं। उनका संगठन समाज के सबसे कमजोर वर्ग के लिए जिस प्रतिबद्धता और संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रहा है, वह वास्तव में सराहनीय है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय विकलांग एसो. द्वारा समय-समय पर किए जाने वाले नि:शुल्क वितरण कार्यक्रम जरूरतमंदों के जीवन में नई उम्मीद जगाने का कार्य करते हैं। विधायक अशोक कुमार राणा ने मंच से यह आश्वासन भी दिया कि वह व्यक्तिगत और राजनीतिक दोनों स्तरों पर एमआर पाशा और उनके संगठन के हर जनहितकारी कार्य में सहयोग देने के लिए सदैव तत्पर रहेंगे। उन्होंने कहा कि दिव्यांगों को सम्मान और आत्मनिर्भरता दिलाने की दिशा में किया जा रहा यह प्रयास समाज के लिए प्रेरणा है। उन्होंने कहा कि अगर सभी इसी तरह का प्रयास करें, तो समाज में बड़ा बदलाव देखा जा सकता है।

### निस्वार्थ संघर्ष मिसाल : सीडीओ

**बुढ़नपुर।** सीडीओ रणविजय सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय विकलांग एसो. द्वारा हर वर्ष आयोजित किए जाने वाले नि:शुल्क वितरण कार्यक्रम दिव्यांगजनों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का कार्य करते हैं। सहायक उपकरणों और आवश्यक सामग्री के माध्यम से दिव्यांगों को आत्मनिर्भर बनाने का जो प्रयास किया जा रहा है, वह समाज में एक मजबूत संदेश देता है। उन्होंने मंच से यह भी स्पष्ट किया कि प्रशासन दिव्यांगों के कल्याण और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है तथा ऐसे संगठनों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करेगा, जो निस्वार्थ भाव से जनसेवा में लगे हुए हैं। प्रशासन की ओर से हर संभव सहयोग का आश्वासन देते हुए उन्होंने एमआर पाशा और उनकी पूरी टीम की सराहना की।

### पूर्व चेयरमैन अख्तर जलील ने भी सराहा

**बुढ़नपुर।** नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष अख्तर जलील ने भी एमआर पाशा के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि वह वर्षों से लगातार दिव्यांगों एवं गरीबों के अधिकारों और सुविधाओं के लिए संघर्ष कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि एमआर पाशा हर वक्त संगठन और समाज के हित में खड़े रहते हैं और जरूरत पड़ने पर किसी भी स्तर पर सहयोग देने से पीछे नहीं हटते है। उन्होंने कहा कि सभी को एमआर पाशा की तरह गरीबों व जरूरतमंदों की खिदमत करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कड़ाके की ठंड के मौसम में गरीबों को अधिक से अधिक कम्बल व लिहाफ बांटे जाने चाहिए। अपनी हैसियत के मुताबिक सभी को मदद करनी चाहिए।

### पाशा का सेवा कार्य सराहनीय : उज्जवल

**बुढ़नपुर।** स्योहारा के ब्लॉक प्रमुख उज्जवल चौहान ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक राहत पहुंचाने का कार्य करते हैं। 1000 कम्बलों के साथ-साथ दिव्यांगजनों को ट्राई साइकिल, व्हीलचेयर, बैसाखी व अन्य सहायक उपकरण उपलब्ध कराना, केवल सहायता नहीं, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक मजबूत कदम है। उज्जवल चौहान ने कहा कि राष्ट्रीय विकलांग एसो. समाज के उस वर्ग के लिए कार्य कर रही है, जो अक्सर मुख्यधारा में शामिल होने से वंचित रह जाता है। एमआर पाशा के नेतृत्व में संगठन जिस संवेदनशीलता और समर्पण के साथ कार्य कर रहा है, वह अन्य सामाजिक संगठनों के लिए भी प्रेरणा है।

जबकि डीपीआरसी (डिस्ट्रिक्ट पंचायती राज रिसोर्स सेंटर) के सीनियर फैकल्टी मैनेजर गजरौला (अमरोहा) सतेन्द्र शर्मा ने कार्यक्रम को अत्यंत उपयोगी और समाज के लिए उपयोगी बताया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन गरीबों व दिव्यांगजनों को केवल सहायता प्रदान नहीं करते, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने की दिशा में एक मजबूत आधार तैयार करते हैं। सतेन्द्र शर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एमआर पाशा द्वारा जिस समर्पण और संवेदनशीलता के साथ यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है, वह प्रशंसनीय है। उन्होंने कहा कि सहायक उपकरण जैसे व्हीलचेयर, ट्राई साइकिल और बैसाखी दिव्यांगों के दैनिक जीवन को आसान बनाते हैं और उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

### पाशा का लगातार सेवा का संकल्प

**बुढ़नपुर।** राष्ट्रीय विकलांग एसो. के राष्ट्रीय अध्यक्ष एमआर पाशा ने मेहमानों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि हर वर्ष की तरह आने वाले समय में भी इससे भी बड़ा व भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मैं दिव्यांगजनों के चेहरों पर मुस्कान देखना चाहता हूं। मेरा एकमात्र उद्देश्य दिव्यांगों को आत्मनिर्भर बनाना व उनके चेहरे पर खुशी लाना है। उन्होंने कहा कि यह अभियान किसी एक दिन या कार्यक्रम तक सीमित नहीं है, बल्कि इसे निरंतर आगे बढ़ाया जाएगा। एमआर पाशा ने कहा कि दिव्यांगों, वृद्धों, विधवाओं और गरीब मजदूरों को कम्बल व सहायक उपकरण प्रदान करना, केवल सहायता नहीं, बल्कि उन्हें सम्मान और आत्मनिर्भरता देने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन भविष्य में भी इसी तरह के नि:शुल्क वितरण कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा, ताकि अधिक से अधिक जरूरतमंदों तक सहायता पहुंचाई जा सके। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित रहने वाले विधायक, प्रशासनिक अधिकारियों, समाज सेवियों, जनप्रतिनिधिओं और सहयोगी संस्थाओं का विशेष रूप से धन्यवाद देते हुए कहा कि सभी के सहयोग से ही यह कार्यक्रम सफल हो सका है। एमआर पाशा ने विश्वास जताया कि आगे भी सभी का सहयोग संगठन को मिलता रहेगा और एकजुट होकर समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाया जाएगा। उन्होंने आयोजन से जुड़े कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों की भूमिका की सराहना करते हुए उनका भी आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि दिव्यांगों पर अत्याचार नहीं होने दिया जाएगा।

# योगी सरकार की किरकिरी करा रहे बीएसए व अन्य जिम्मेदार बड़े अधिकारी



### न तो कार्यालयों में मौजूद रहते और न ही रिसीव करते कॉल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सचिन कसाना सहित अन्य कई बड़े जिम्मेदार अधिकारी योगी सरकार की छवि को आम जनता के बीच खराब करने में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ रहे हैं। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी तो सरकारी मोबाइल नम्बर पर आने वाली कॉल को रिसीव करना शायद पाप समझते हैं। इतने गैर जिम्मेदार अधिकारी को महत्वपूर्ण पद पर चार्ज देने पर सवाल उठना लाजमी है।


प्राप्त समाचार के अनुसार शासन ने जनता की सुविधा एवं जन शिकायतों के निस्तारण के उद्देश्य से मुख्य सचिव व डीजीपी से लेकर नायब तहसीलदारों एवं थाना प्रभारियों सहित अन्य जिम्मेदार अधिकारियों को सरकारी मोबाइल नम्बर उपलब्ध कराए थे। सरकार की मंशा थी कि जनता अधिकारियों से सीधे सम्पर्क स्थापित कर अपनी बात रख सके। लेकिन सरकार के इस अच्छे उद्देश्य को कई जिम्मेदार अधिकारी पलीता लगा रहे है। इन अधिकारियों के पास दो से तीन मोबाइल होते है। जिन पर यह अपने करीबियों से लम्बी-लम्बी बातें करते है, लेकिन सरकारी मोबाइल नम्बर पर आने वाली कॉल को यह रिसीव नहीं करते है। आम जनता के पास इन अधिकारियों का प्राइवेट नम्बर नहीं होता है। वैसे भी अधिकारी बदलते रहते है। इसलिए आम जनता तक उनके प्राइवेट नम्बर नहीं पहुंच पाते है। प्राइवेट नम्बर तो अधिकारी अपने उन करीबियों को देते है, जिनसे उन्हें बात करने की जरूरत महसूस होती है। अगर आम जनता में से कोई किसी अधिकारी का प्राइवेट नम्बर हासिल कर उस पर कॉल करता है, तो अधिकारी का सीधा सा सवाल होता है कि यह नम्बर कहा से मिला है। कई बार अधिकारी झिड़ककर कॉल काट देते हैं। योगी सरकार आम जनता के प्रति पूरी तरह से जिम्मेदारी निभाने का दावा करते हुए जनसमस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर सुनने के निर्देश दे रही हैं। सरकार कई बार अधिकारियों को इस संबंध में हिदायत दे चुकी है। लेकिन कुछ अधिकारियों के कानों पर जूं नहीं रेंग रही है। वह न तो कार्यालयों में जनसुनवाई के समय के दौरान मौजूद रहते है और न ही सरकारी मोबाइल नम्बरों पर आने वाली कॉल रिसीव करते हैं। इस मामले में जनपद के जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सचिन कसाना सबसे ज्यादा चर्चित हैं। वह भूले से भी सरकारी मोबाइल नम्बर में आने वाली कॉल को रिसीव नहीं करते हैं। वह न तो कार्यालय में मिलते है और न ही उनके बारे में पता चल पाता है कि किस समय उपलब्ध रहेंगे। सरकार को ऐसे गैर जिम्मेदार व न तजुर्बेकार अधिकारियों को हटा कर परिपक्व व गंभीर अधिकारियों को जिम्मेदार पदों पर तैनात करना चाहिए।

## नजीबाबाद में शांतिपूर्वक मतदान



**नजीबाबाद।** उत्तर प्रदेश बार कॉउंसिल के चुनाव के दूसरे दिन आज अधिवक्ताओं ने शांतिपूर्वक मतदान किया। सुरक्षा के मद्देनजर न्यायालय परिसर में भारी पुलिसबल तैनात किया गया था। पूर्व उपाध्यक्ष व प्रत्याशी शाहनवाज राना के पक्ष में युवा अधिवक्ताओं में जोश देखा गया।

# हबीबवाला के जंगल में दिखाई दे रहा गुलदार



### पिंजरा न लगाए जाने से ग्रामीण नाराज, अनहोनी की आशंका

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हबीबवाला।** क्षेत्र के जंगल में लगातार गुलदार दिखाई दे रहा है। जिससे किसान घने कोहरे एवं रात को जरूरी काम से खेतों व बागों में जाने से बच रहे है।

प्राप्त समाचार के अनुसार हबीबवाला के जंगल में पूर्व में बड़ी संख्या में नीलगाय मौजूद थी। जिससे गुलदारों को शिकार करने में आसानी रहती है। खो नदी एवं पाधोई नदी के किनारे के जंगलों में घने बाग व गन्ने के खेत होने के चलते यहां पर सैकड़ों की संख्या में नीलगायों को देखा जाता था। नीलगायों के द्वारा किसानों की फसलों को नुकसान काफी ज्यादा पहुंचाया जाता था। इस बीच शिकार के चक्कर में गुलदारों ने इस क्षेत्र के जंगलों को अपना ठिकाना बना लिया। उन्होंने नीलगायों का काफी शिकार किया। अभी भी बड़ी संख्या में नीलगाय मौजूद है, जो गुलदार से जान बचाने के लिए आबादी के पास के बागों एवं खेतों में मौजूद रहती हैं। इनके पीछे भागते हुए गुलदार भी आबादी के समीप आ रहे हैं। ईदगाह के समीप के बागों व खेतों में गुलदार देखा जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि इनकी संख्या काफी ज्यादा है। यहां पर अब तक पिंजरा नहीं लगाया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि गुलदार की वजह से वह घने कोहरे एवं रात में खेतों पर नहीं जा पा रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि गुलदार को पकड़ने के लिए पिंजरे लगाए जाने चाहिए। ताकि ग्रामीणों व उनके पशुओं की जान की हिफाजत की जा सके। ग्रामीणों का कहना है कि वन विभाग के अधिकारियों व प्रशासन को शायद किसी अनहोनी का इंतजार है। उसके बाद ही वह पिंजरा लगाएंगे।

## एक नजर

### हुमा उस्मानी की मौत पर गमजदा



**नूरपुर।** समाजवादी आंदोलन पार्टी कार्यालय में एक शोकसभा का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता कारी इसरार उल हक शायर ने की। संचालन डॉ. वसीम सिद्दीकी युवा प्रदेश अध्यक्ष समाजवादी आंदोलन पार्टी ने किया। शोकसभा में अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त शायर मंसूर उस्मानी मुरादाबादी के घर में आग लगने से उनकी बेटी हुमा उस्मानी (46 वर्ष) की मौत होने पर खिराजे अकीदत पेश की गई। साथ ही दुआ की गई कि अल्लाह मरहूमा को जन्नत नसीब फरमाए। साथ ही परिवार वालों को सब्र अता फरमाए। वक्ताओं ने कहा कि इस दुख भरी घड़ी में हम परिवार के साथ हैं। इस मौके पर अकबर नबी इदरीसी राष्ट्रीय अध्यक्ष समाजवादी आंदोलन पार्टी, शहाबुद्दीन अंसारी प्रधान प्रदेश अध्यक्ष, मुफ्ती इफ्तिखार कासमी प्रदेश प्रवक्ता, धर्मवीर सिंह दिवाकर राष्ट्रीय अध्यक्ष एससी समाज, शाहिद अंजुम शायर, शाहिद नईमी शायर, हाफिज इमरान मेहराजी, शर्फइबले नाजिश शायर, वाजिद इदरीसी, राशिद अली मंसूरी पूर्व सभासद नूरपुर, तंजीम अहमद अंसारी प्रदेश सचिव, सलमान खान, वसीम मिल्की, दानिश सैफी, मौहम्मद रफी मिकरानी प्रदेश कोषाध्यक्ष, मुस्तफा इदरीसी, आर्यन मलिक आदि मौजूद रहे।

### चांदपुर के टिंकू को उम्र कैद

**बिजनौर।** एफटीसी द्वितीय की अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अल्का चौधरी ने चांदपुर निवासी टिंकू को दोषी करार देते हुए उसे आजीवन कारावास और 60 हजार रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई। इस मामले में आरा. पी महिला नन्ही को साक्ष्य के अभाव में दोषमुक्त कर दिया गया। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता (एडीजीसी) प्रमोद शर्मा ने बताया कि नूरपुर क्षेत्र के लिन्डरपुर निवासी उमेश कुमार ने चांदपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट के अनुसार, उनके 10 वर्षीय भांजे वरुण (पुत्र ओमपाल सैनी, ग्राम जाफरपुर कोट, चांदपुर) 16 जनवरी 2023 की शाम को खेलते हुए लापता हो गया था। परिजनों ने वरुण की काफी तलाश की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। अगले दिन वरुण का शव गन्ने के खेत में मिला। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला घोंटकर हत्या की पुष्टि हुई थी। लोक अभियोजक ने मामले से जुड़े 12 गवाहों को अदालत में पेश किया। अदालत ने सभी साक्ष्यों और औपचारिकताएं पूरी करने के बाद टिंकू को दोषी मानते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई, जबकि महिला नन्ही को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया।

# कड़ी सुरक्षा के बीच मतदान

## यूपी बार काउंसिल चुनाव में 80 प्रतिशत मतदान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** बार काउंसिल आफ उत्तर प्रदेश के चुनाव में कुल 80 प्रतिशत हुआ। दूसरे दिन भी मतदान के दौरान कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई। अधिवक्ता, उनके लिपिक और जजी कर्मचारियों के वाहन जजी परिसर के बाहर ही रोक दिए गए। सुरक्षा की दृष्टि से भारी पुलिस बल तैनात रहा।

शुक्रवार को बार काउंसिल आफ उत्तर प्रदेश के चुनाव के प्रथम दिन 39 प्रतिशत मतदान हुआ था। शनिवार को दूसरे दिन हुए मतदान में अधिवक्ताओं ने 952 वोट डाले इस प्रकार कुल 80 प्रतिशत मतदान हुआ तथा कुल वोट 1837 पड़े। कुल मतदाता 2245 थे। शनिवार को भी अधिवक्ताओं ने मतदान में बढ़-चढ़कर भाग लिया और 952 वोट डाले। मतदान के दौरान वोट डालने के लिए अधिवक्ताओं की लंबी कतार लग गई। मतदान के दौरान सुरक्षा की कड़ी व्यवस्था की गई । शनिवार को भी मतदान स्थल सेंट्रल बार हॉल में वोटर के अलावा किसी को भी अंदर जाने की अनुमति नहीं थी। जजी परिसर के दोनों गेट पर और मतदान स्थल पर भारी पुलिस बल तैनात रहा। सुरक्षा की दृष्टि से अधिवक्ता उनके लिपिक और जजी कर्मचारियों के वाहन भी जजी परिसर के बाहर ही रोक दिए गए। प्रदेश में बार काउंसिल उत्तर प्रदेश के चुनाव चार चरणों में होने है जिनका पहला चरण शनिवार को समाप्त हो गया। तीन चरण अभी बाकी है, अंतिम परिणाम अप्रैल माह तक आने की संभावना है।





### महिला अधिवक्ता ने व्हीलचेयर पर जाकर वोट डाला

**बिजनौर।** शनिवार को मतदान के दौरान एक महिला अधिवक्ता के पैर में परेशानी कारण चलने में असमर्थ होने पर उन्हें व्हीलचेयर से मतदान स्थल पर अधिवक्ताओं के द्वारा लाया गया तब उनके द्वारा वोट डाला गया।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं ,छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# तेज रफ्तार अनियंत्रित बोलेरो व पिकअप से अफरा-तफरी

## सड़क किनारे मूंगफली व रेवड़ी के फड़ रौंदे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नगीना चौक पर उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब देर रात एक तेज रफ्तार बोलेरो और पिकअप अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगी मूंगफली व रेवड़ी की फड़ को रौंदते हुए आगे खड़ी कई कारों में जा भिड़ीं। हादसे के बाद चालक घबराहट में वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। गनीमत रही कि इस दुर्घटना में कोई जनहानि नहीं हुई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बीती रात बोलेरो और पिकअप अचानक अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे लगी फड़ को तोड़ते हुए आगे खड़ी कारों से टकरा गईं। टक्कर इतनी तेज थी कि मौके पर अफरा-तफरी मच गई और आसपास मौजूद लोगों में दहशत फैल गई। दुर्घटना में फड़ लगाने वाले दुकानदारों को हजारों रुपये के नुकसान की बात कही जा रही है। हालांकि राहत की बात यह रही कि हादसे के समय कोई व्यक्ति वाहनों की चपेट में नहीं आया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से वाहन और चालक की पहचान का प्रयास शुरू किया है। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी मृदुल कुमार सिंह ने बताया कि अभी तक इस मामले में किसी की ओर से कोई लिखित तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। यदि तहरीर मिलती है तो जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# पार्टी के लिए संघर्ष कर रहे खुर्शीद मंसूरी

## आजाद समाज पार्टी की महत्वपूर्ण बैठक




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** आजाद समाज पार्टी कांशीराम के कार्यालय पर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता हाजी गफ्फार ने की तथा संचालन उबैद नजीबाबादी ने किया।


बैठक को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद लगातार सड़क से लेकर संसद तक सर्वसमाज के मुद्दों को मजबूती से उठा रहे हैं।

वक्ताओं ने सभी समाज के लोगों से एकजुट होकर 2027 के विधानसभा चुनाव में उनके हाथों को मजबूत करने की अपील की। इस अवसर पर मुफ्ती नफीस ने कहा कि खुर्शीद मंसूरी लगातार पार्टी के लिए संघर्ष कर रहे हैं और जनहित के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। यदि पार्टी उन्हें टिकट देती है, तो जनता ने उन्हें विधायक बनाने का मन बना लिया है।

बैठक में हाशिम, हारून, मारूफ हुसैन, इरशाद अनस, अबरार, अफजाल सहित ग्राम लाठीपुरा, जहानाबाद, दाफरपुर, मीरापुर, हुसैनपुर, बोरकी, कमालपुर आदि ग्रामों से आए सैकड़ों लोगों ने उपस्थित होकर अपना समर्थन व्यक्त किया।

## एक नजर

### अफजलगढ़ के प्रथम पालिकाध्यक्ष का इंतकाल



**अफजलगढ़।** नगर पालिका के प्रथम नागरिक /अध्यक्ष ने दुनिया को अलविदा कहा। उनके इंतकाल की खबर लगते ही नगर में शोक की लहर दौड़ गई। गौरतलब है कि सन् 1969 में अफजलगढ़ नगर पंचायत को नगर पालिका का दर्जा प्राप्त हुआ था, जिसमें प्रथम नागरिक अध्यक्ष होने का गौरव शेख अब्दुल सलाम को प्राप्त हुआ। शेख अब्दुल सलाम का जन्म कोटद्वार (वर्तमान में उत्तराखंड) में हुआ। उसके बाद 1963 में वह स्थाई रूप से अफजलगढ़ आकर रहने लगे थे। अफजलगढ़ को नगर पालिका का दर्जा प्राप्त होने के बाद उन्हें 29 जून 1971 को पहली बार नगर पालिका अध्यक्ष पद की शपथ लेकर नगर पालिका के प्रथम अध्यक्ष बनने का गौरव प्राप्त हुआ। उनके बेटों शमीम अहमद व सलीम अहमद पेट्रोल पंप वालों ने बताया कि 90 वर्षीय शेख अब्दुल सलाम काफी समय से बीमार चल रहे थे। गत 22 दिसंबर को उनकी तबीयत अधिक खराब होने के कारण उन्हें मैक्स हॉस्पिटल दिल्ली में भर्ती कराया। दो सप्ताह पूर्व ही वह घर वापस आए थे। शनिवार को प्रातः पुनः उनकी तबीयत बिगड़ जाने के कारण उन्हें इलाज के लिए दिल्ली ले जाया जा रहा था कि रास्ते में उनका इंतकाल हो गया। उनके इंतकाल की खबर मिलते ही नगर में शोक की लहर दौड़ गई तथा उनके निवास पर राजनीतिक, सामाजिक और नगर वासियों एवं रिश्तेदारों का तांता लग गया। शनिवार को बाद नमाज ए इशा उनको तदफीन कर दिया गया।

### खेल स्टेडियम व हेली पैड बनाने की मांग



**चांदपुर।** मुनेश कुमार पूर्व सैनिक निवासी मौहल्ला गोकुलनगर चांदपुर ने नगर के अनेक संगठनों/संस्थाओ व सामाजिक व्यक्तियों के साथ एसडीएम से मिलकर उन्हें एक प्रार्थना पत्र दिया। प्रार्थना पत्र में कहा गया है कि ब्लाक जलीलपुर के अंतर्गत ग्राम सभा सराय शेख हबीब में खसरा नम्बर 321 में पर्याप्त भूमि उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा उपरोक्त हेतु प्रस्ताव भी पारित किया गया है। उपरोक्त हेतु निम्न संगठनो/संस्थाओं आदि ने भी अपने अपने प्रस्ताव व मांग पत्र इस प्रार्थना पात्र के साथ संलग्न कर मिनी स्टेडियम व हेली पैड बनवाये जाने की मांग की है। मांग पत्र पर बिजनौर क्रिकेट एसोसियेशन चांदपुर, चांदपुर स्पोर्ट सोसायटी चांदपुर, संयुक्त व्यापारी मण्डल, ब्राहमण विकास सेवा समिति चांदपुर, हिंदू गोरक्षा ग्राम सुधार ट्रस्ट स्याऊ, चांदपुर मेडिकल एसोसियेशन, भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक चांदपुर, गुड़ व्यापारी एसोसियेशन चांदपुर, आईएनओ समिति चांदपुर आदि ने कहा कि उपरोक्त मांग हेतु ग्राम सभा खसरा नम्बर 321 का ग्राम पंचायत का प्रस्ताव भी संलग्न करते हुए क्षेत्र के सभी खेल प्रेमियों की भावनाओं का ध्यान रखते हुए उक्त स्थल की जांचोपरांत मांग को पूरी गम्भीरता पूर्वक लेते हुए आश्वस्त करते कहा है कि वह इस ओर अवश्य कार्यवाही करेंगे। इस मौके पर पूर्व सैनिक मुकेश कुमार, पूर्व प्रधानाचार्य विनेश त्यागी, युवा समाजसेवी आशू गोयल आदि भी मौके पर उपस्थित रहे।

### नौ शिकायतों का मौके पर निस्तारण



**धामपुर।** तहसील सभागार में तहसील समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता अपर जिलाधिकारी ने की। समाधान दिवस के दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 141 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से 9 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष 132 शिकायतों को संबंधित विभागों के अधिकारियों को सौंपते हुए समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए गए। एडीएम ने अधिकारियों से कहा कि शिकायतों का निस्तारण केवल औपचारिक न होकर फरियादी की संतुष्टि के अनुरूप होना चाहिए, ताकि शिकायतकर्ता समाधान दिवस से संतुष्ट होकर लौट सके। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को सरकार की मंशा के अनुरूप कार्य करने और जनता की समस्याओं को गंभीरता से लेने के निर्देश दिए। तहसील समाधान दिवस में एडीएम अंशिका दीक्षित, उप जिलाधिकारी स्मृति मिश्रा, तहसीलदार धनराज सिंह, नायब तहसीलदार, सीओ धामपुर अभय पांडे सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

### यातायात नियमों की जानकारी दी



**स्योहारा।** आरएसपी इंटर कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस की दोनों इकाइयों द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का क्रम शनिवार को दूसरे दिन भी जारी रहां शिविर के दूसरे दिन सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रति जागरूकता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर ग्राम मंडौरी में स्वयंसेवकों एवं स्वयंसेविकाओं द्वारा पोस्टर व बैनरों के साथ जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से ग्रामीणों को सड़क सुरक्षा नियमों के पालन के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ प्रवक्ता डालचंद ने स्वयंसेवकों व स्वयंसेविकाओं को सड़क सुरक्षा के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। वहीं गणित अध्यापक डॉ. जितेंद्र कुमार ने यातायात नियमों का पालन करने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी राम सेवक के निर्देशन में ग्राम मंडौरी में भ्रमण कर स्वयंसेवकों से सड़क सुरक्षा से जुड़े नारे लगवाए गए। इस दौरान सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा, हेलमेट लगाओ जीवन बचाओ, सावधानी हटी दुर्घटना घटी जैसे नारों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया।

# गुलदार पकड़ने के लिए लगाया पिंजरा

## भाकियू ने गांव में बैठक कर वन दरोगा को सौंपा ज्ञापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** नगर से सटे बिरला फार्म मार्ग पर स्थित गांव मौहम्मद अलीपुर चौहड़ में गुलदार द्वारा आधा दर्जन से अधिक पालतू बकरियों को मौत के घाट उतार दिया था। आज वन विभाग की टीम ने गुलदार को पकड़ने के लिए घटनास्थल पर पिंजरा लगाया। उक्त घटना को लेकर गरीब बकरी पालकों में रोष व्याप्त है।

घटना की सूचना के बाद भारतीय किसान यूनियन ने आज ब्लॉक अध्यक्ष शैलेंद्र चौहान की अध्यक्षता में गांव के मदरसे में एक बैठक संपन्न हुई, जिसमें पीड़ित बकरी पालकों को उचित मुआवजा देने व किसानों की फसलों व किसान व खेत मजदूरों की सुरक्षा की मांग करते हुए, बैठक में पहुंचे वन दारोगा सुनील राजौरा को ज्ञापन सौंपा।

बैठक को संबोधित करते हुए जिला उपाध्यक्ष मदन सिंह राणा ने चेतावनी देते हुए कहा कि वन विभाग क्षेत्र में जंगली जानवरों, विशेषकर गुलदार, व महा (नील गाय) पर नियंत्रण करने में पूरी तरह नाकाम साबित हो रहा है। गुलदार अब तक कई पालतू पशुओं को अपना निवाला बना चुका है। वहीं खेतों में काम कर रहे किसानों व मजदूरों पर भी हमला कर उन्हें घायल कर चुका है। पूरे ब्लॉक क्षेत्र में गुलदारों का आतंक मचा हुआ है, इसके बावजूद वन विभाग आंखें मूंदे बैठा है। भाकियू के ब्लॉक अध्यक्ष शैलेंद्र चौहान ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही गुलदार को नहीं पकड़ा गया और पीड़ित परिवारों को उचित मुआवजा नहीं दिया गया तो संगठन बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी वन विभाग की होगी।

गौरतलब है कि गुलदार को पकड़ने के लिए वन विभाग द्वारा लगाए गए पिंजरे में गुलदार द्वारा शिकार की गई मरी बकरी को रखा गया है, जिसको लेकर किसानों में भारी रोष है और भारतीय किसान यूनियन ने इसका विरोध दर्ज कराया है।

इस मौके पर भारतीय किसान यूनियन के जिला उपाध्यक्ष मदन सिंह राणा, ब्लॉक अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह चौहान, सरदार हरि सिंह, सरदार बिरसा सिह, राणा सिंह सैनी, दीपक सिरोही, चंद्रवीर सिंह, मौहम्मद दिलशाद, शमशाद अहमद, दिलशाद अहमद, अनवर हुसैन, मौहम्मद नासिर, मौहम्मद दानिश, मौहम्मद जैद, मौहम्मद वसीम, अजीम अहमद, मौहम्मद रेहान आदि पदाधिकारी, ग्रामीण, किसान एवं पीड़ित पशुपालक मौजूद रहे।

# लक्ष्य ग्रुप के डायरेक्टर अनुराग चौहान ने बढ़ाया स्योहारा का मान

## अखिल भारतीय बार परीक्षा उत्तीर्ण की



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** लक्ष्य कॉलेज के संस्थापक निवर्तमान भाजपा जिलाध्यक्ष राजपाल चौहान के सुपुत्र एवं लक्ष्य ग्रुप ऑफ एजुकेशन के डायरेक्टर अनुराग चौहान ने बार काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित अखिल भारतीय बार परीक्षा (AIBE) को सफलता पूर्वक उत्तीर्ण कर नगर जनपद और शिक्षा जगत का नाम रोशन किया है।

इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के बाद लक्ष्य ग्रुप ऑफ एजुकेशन परिसर में खुशी का माहौल देखने को मिला। अनुराग चौहान द्वारा छात्र-छात्राओं के साथ अपनी सफलता की खुशी साझा करते हुए मिष्ठान वितरण किया गया। इस अवसर पर शिक्षकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों ने उन्हें बधाई देते हुए इसे लक्ष्य परिवार के लिए गर्व का क्षण बताया। अनुराग चौहान ने एलएलएम मानव अधिकार विषय से उच्च शिक्षा प्राप्त की है। इस विषय पर जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि अखिल भारतीय बार परीक्षा का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना होता है कि कोई भी कानून स्नातक अभ्यर्थी भारत के किसी भी न्यायालय में कानूनी प्रैक्टिस करने के लिए पूर्ण रूप से सक्षम और योग्य है। यह परीक्षा कानून के क्षेत्र में गुणवत्ता और पारदर्शिता बनाए रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

अनुराग चौहान ने वार्ता के दौरान बताया कि मानव अधिकार से एलएलएम करने के पीछे उनका उद्देश्य समाज को अधिकारों के प्रति जागरूक बनाना है। उन्होंने कहा कि जब तक नागरिक अपने संवैधानिक अधिकारों और कर्तव्यों को नहीं समझेंगे, तब तक सशक्त और समृद्ध राष्ट्र का निर्माण संभव नहीं है।

## एक नजर

### हादसे में बाइक सवार घायल

**अफजलगढ़।** घने कोहरे के चलते लगातार यातायात प्रभावित हो रहा है। सबसे अधिक परेशानी बाइक चालकों को उठानी पड़ रही है, जो बड़े वाहनों की चेपट में आ जाते हैं। ऐसा ही एक मामला नगर के धामपुर मार्ग स्थित अली मस्जिद के समीप पेश आया। अज्ञात वाहन की चेपट में आकर ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम प्रेमपुरी निवासी गुरुसेवक सिंह पुत्र हरजिन्दर सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें राहगीरों की मदद से सीएचसी अफजलगढ़ भर्ती कराया। जहां चिकित्सक द्वारा घायल गुरुसेवक सिंह को हायर सेंटर रैफर कर दिया।

### सड़क निर्माण को लेकर प्रदर्शन

**नजीबाबाद।** क्षेत्र के ग्राम इब्राहीमपुर बावन उर्फ नंगला के ग्रामीणों ने ग्राम के मुख मार्ग की सड़क न बनने पर रोष जताते हुए प्रदर्शन कर मेन रोड का शीघ्र निर्माण कराने की मांग की। आज ग्रामीण ग्राम की मुख्य रोड पर एकत्र हुए। उनका कहना था कि ग्राम की मेन रोड काफी समय से खस्ता हालत में है। मगर इस मार्ग का आज तक निर्माण नहीं कराया गया है। जिससे ग्रामीणों को आने-जाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने सपा के पूर्व जिला सचिव डॉ. महमूद अहमद उर्फ भोलू को मौके पर बुलाकर उनकी सड़क निर्माण में होने की शिकायत समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव तक पहुंचाने की गुहार लगाई। सपा नेता ने ग्रामीणों की शिकायत को अखिलेश यादव तक पहुंचाने का आश्वासन दिया। प्रदर्शन व मांग करने वालों में खलील अहमद, रामरक्षपाल सिंह, आदिल रशीद, शमशुद्दीन, मौहम्मद सरफराज, मौहम्मद नईम, पूर्व प्रधान रामगोपाल, अमानत हुसैन, इरशाद अहमद, यशपाल, महेश, सादिक, यासीन अय्यूब, बाबूराम, तेजपाल सिंह, राजेश, रतिराम, सुशील, चंद्रे, मूलचंद चौधरी, खलील अहमद, मौहम्मद सलीम, मौहम्मद अकबर नेता, दिनेश, टिल्लू, प्रदीप कुमार, साजिद, मेहरबान, ऋषिपाल, मूलचंद, जयवीर आदि शामिल रहे।

### सिर पर ईंट गिरने से पत्रकार घायल

**शेरकोट।** मौहल्ला फतेहनगर में धर्मवीर सिंह चौहान अपने मकान के बाहर खड़े थे। ऊपर कारीगर काम में जुटे थे तभी एक ईंट ने गुरुत्वाकर्षण का पूरा फायदा उठाया और सीधे पत्रकार के सिर पर जा गिरी। ईंट लगते ही पत्रकार लहूलुहान हो गए और मौके पर मौजूद लोग दौड़ पड़े। ऋषभ चौहान ने बताया कि परिजन बिना देर किए घायल पत्रकार को धामपुर के निजी अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने सिर में गंभीर चोट बताते हुए उपचार शुरू किया।

### बंद मकान से जेवरात व बर्तन चोरी

**स्योहारा।** मौहल्ला मुस्लिम चौधरियान पंजाब नेशनल बैंक के निकट निवासी फहीम अली पुत्र मौ. अली ने बताया कि वह 14 जनवरी को अपनी पत्नी व बच्चों के साथ रिश्तेदारी में गए हुए थे। 16 जनवरी को दोपहर जब वह बच्चों के साथ घर लौटे तो घर का नजारा देख उनके होश उड़ गए। पीड़ित के अनुसार चोरों ने घर में रखे दो बक्से, एक गैस सिलेंडर, करीब पांच तोला सोना, चांदी के जेवरात, साथ ही पीतल व एल्यूमिनियम के बर्तन चोरी कर लिए। पीड़ित ने आसपास के लोगों से पूछताछ की और काफी तलाश भी की लेकिन चोरी गए सामान का कोई सुराग नहीं लग सका। इसके बाद पीड़ित ने थाने पहुंचकर घटना की लिखित शिकायत दर्ज कराई। घटना के बाद से मौहल्ले में दहशत का माहौल है और लोगों ने रात्रि गश्त बढ़ाने की मांग की है।

### राजनीतिक दल वोट के प्रति जागरूक करें

**नजीबाबाद।** एसडीएम नजीबाबाद शैलेन्द्र कुमार द्वारा एसआईआर के संबंध में सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में एसडीएम ने बताया कि वोटर लिस्ट में नाम जोड़ने, हटाने अथवा संशोधन कराने तथा पहचान पत्र में सुधार के लिए मतदाता प्रारूप 6, 7 व 8 भरकर अपने संबंधित बूथ लेवल अधिकारी को उपलब्ध कराएं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जिन मतदाताओं को नोटिस जारी किए गए हैं, वे निर्वाचन आयोग द्वारा दिए दिए गए 11 विकल्पों में से किसी भी दो वैध पहचान पत्र प्रस्तुत कर अपना वोट पुनः जुड़वा सकते हैं। एसडीएम ने सभी राजनीतिक दलों से अपील की वह आम जनता को जागरूक करें ताकि कोई भी पात्र मतदाता अपने मताधिकार से वंचित न रहे। इस मौके पर साहनपुर नगर पंचायत के चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी, ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल आदि मौजूद रहे।

## गाजर व्यापारी से 15 हजार की ठगी

**स्योहारा।** मौहल्ला पीर का बाजार निवासी रिहान अहमद पुत्र सुल्तान अहमद की सब्जी की दुकान पर 16 जनवरी को दोपहर के समय एक युवक ग्राहक बनकर पहुंचा युवक ने बड़ी इत्मीनान से गाजर देखे और 15 हजार रुपये कीमत की गाजर पसंद कर ली। भुगतान के समय आरोपी ने पेटीएम से पैसे भेजने की बात कही और मोबाइल पर भुगतान करने का नाटक करने लगा। इसी दौरान दुकान के बाहर खड़े अपने बाइक सवार साथी के साथ आरोपी अचानक भीड़ का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया। जब तक दुकानदार को ठगी का एहसास हुआ। तब तक दोनों आरोपी आंखों से ओझल हो चुके थे। पीड़ित व्यापारी का कहना है कि वह ठगों को पहचान नहीं सका। घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दी गई। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर अज्ञात ठगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने की बात कही है।

# मतदाता सूची पुनरीक्षण के अंतर्गत भारत निर्वाचन आयोग ने कार्यक्रम किया निर्धारित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती जसजीत कौर ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अर्हता तिथि एक जनवरी के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत दावें एवं आपत्तियां प्राप्त करने की अवधि छह जनवरी से छह फरवरी तक निर्धारित की गई है। इस अवधि में मतदाताओं की सुविधा के लिए विशेष अभियान तिथियां 18 जनवरी, 31 जनवरी एवं एक फरवरी तय की गई हैं। इसके अतिरिक्त, एक चौथी विशेष अभियान तिथि जिला निर्वाचन अधिकारियों द्वारा जनपद स्तर पर सुविधानुसार निर्धारित की जाएगी।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि विशेष अभियान तिथियों के दौरान प्रदेश के सभी मतदान केन्द्रों पर संबंधित बूथ लेवल अधिकारी बीएलओ, सहायक स्टाफ सहित निर्धारित समय पर उपस्थित रहेंगे। बीएलओ के पास छह जनवरी को प्रकाशित आलेख्य मतदाता सूची, गणना अवधि के दौरान अप्राप्त (Uncollectable) श्रेणी में चिन्हित मतदाताओं की सूची तथा अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृतक व डुप्लीकेट मतदाताओं की सूची के साथ-साथ दावे एवं आपत्तियों से संबंधित सभी आवश्यक फार्म-6 (घोषणा-पत्र सहित), 6ए, 7 एवं 8 (घोषणा-पत्र सहित) पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रहेंगे। उन्होंने बताया कि विशेष अभियान के दौरान प्रत्येक मतदान केन्द्र पर एक हेल्प डेस्क स्थापित की जाएगी। जहां मतदाताओं को फार्म भरने में आवश्यक सहायता प्रदान की जाएगी। इसके साथ ही मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों द्वारा नियुक्त बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) को अभियान तिथियों की जानकारी देते हुए उनसे सहयोग प्राप्त करने के निर्देश दिए गए हैं। सभासदों, ग्राम प्रधानों एवं स्वयंसेवकों का भी नियमानुसार सहयोग लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि विशेष अभियान दिवसों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा अपने क्षेत्रों में भ्रमण कर व्यवस्थाओं की निगरानी की जाएगी। जिला निर्वाचन अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए गए हैं कि स्वंय एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा प्रतिदिन पुनरीक्षण कार्यक्रम की गहन समीक्षा सुनिश्चित की जाए।

उन्होंने प्रदेश के सभी मतदाताओं से अपील की है कि निर्धारित विशेष अभियान तिथियों पर अपने संबंधित बूथों पर जाकर मतदाता सूची में अपना नाम अवश्य जांच लें तथा आवश्यक होने पर फार्म-6, 6ए, 7 एवं 8 ऑनलाइन अथवा ऑफलाइन माध्यम से भरकर दावे एवं आपत्तियां समय से दर्ज कराएं, ताकि मतदाता सूची शुद्ध, अद्यतन और त्रुटिरहित बनाई जा सके।

# बाइक में पेट्रोल भरवाने को लेकर दो पक्षों में विवाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** पेट्रोल पंप पर बाइक में पेट्रोल भरवाने को लेकर शुरू हुआ विवाद झड़प में बदल गया। आरोप है कि दो युवकों ने एक व्यक्ति और उसके चाचा के साथ गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों और धारदार हथियार से हमला कर दिया, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। बाद में घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां हमलावरों के पहुंचने और दोबारा मारपीट होने का भी आरोप लगाया गया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस से आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की गई है। ग्राम मडैया निवासी अक्षय पुत्र सुरेन्द्र ने थाना धामपुर में दी गई शिकायत में बताया कि आज दोपहर करीब 12 बजे वह अपनी मोटरसाइकिल में पेट्रोल भरवाने के लिए चक सहजानी स्थित पेट्रोल पंप पर गया था। इसी दौरान गांव के ही शुम्मा और सोरम अपनी मोटरसाइकिल से वहां पहुंचे और पहले अपनी बाइक में पेट्रोल भरवाने को लेकर विवाद करने लगे। अक्षय द्वारा विरोध करने पर दोनों आरोपियों ने गाली-गलौज शुरू कर दी और लात-घूंसे व डंडों से मारपीट कर दी। मारपीट की सूचना मिलने पर अक्षय के चाचा रिंकू मौके पर पहुंचे तो आरोपियों ने उन पर भी हमला कर दिया। आरोप है कि शुम्मा और सोरम ने धारदार हथियार से रिंकू के सिर पर वार किया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद आरोपी जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। घटना में घायल अक्षय और रिंकू को उपचार के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# राष्ट्र के निर्माण में रासेयो की महती भूमिका: स्वाति वीरा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** राजा ज्वाला प्रसाद आर्य इंटर कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना की विशेष शिविर का उद्घाटन आज मुख्य अतिथि स्वाति वीरा महाजन, विशिष्ट अतिथि डॉ. निशांत यादव पर्यवेक्षक अधिकारी, अध्यक्षता प्रधानाचार्य कैप्टन बिशन लाल एवं संचालन कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार यादव एवं चंद्रहास सिंह संयुक्त रूप किया।

सात दिवसीय विशेष शिविर का उद्घाटन मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर विधिवत शुभारंभ मुख्य अतिथि स्वाति वीरा महाजन ने किया। अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का मूल उदेश्य समाज में अंतिम पायदान पर बैठा व्यक्ति का कल्याण करना है। लोगों के साथ मिलकर कार्य करना, स्वयं को सृजनात्मक और रचनात्मक सामाजिक कार्यों में प्रवृत्त करना, स्वयं तथा समुदाय की ज्ञान वृद्धि करना। समस्याओं को कुछ न कुछ हल करने में स्वयं की प्रतिभा का व्यहारिक उपयोग करना। पर्यवेक्षक अधिकारी डॉ. निशांत यादव ने कहा कि समस्याओं के समाधान हेतु मध्य मार्ग अपनाना सदैव हितकर होता है। नेतृत्व करो किसी के नेतृत्व में स्वयं सेवक बनो, स्वयं सेवक बनाओ।

अपने अध्यक्षीय भाषण में प्रधानाचार्य कैप्टन बिशन लाल ने कहा कि हम स्वयं सेवकों से कहूंगा कि पहले अपने लिए छांव रखो और दूसरों को छांव दो। आमजन बेबस गरीब की मदद करो, उनकी सेवा सहयोग करो यही मूलमंत्र आपको अपने जीवन में उतारना है। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य गयूर आसिफ, सुधांशु वत्स, एसपी गंगवार सुधीर राजपूत, सुभाष बाबू, नरेंद्र सिंह, बालेश कुमार, विनोद कुमार यादव, भूपेंद्र पाल सिंह, वीरेंद्र कुमार यादव, मो. अनस, प्रदीप कुमार, नरेश कुमार, जय प्रकाश पटेल, वाजिद हुसैन, रेडियो संदेश बिजनौर की टीम के कोर सदस्य सुनील भारद्वाज, अजय उपाध्याय, श्यामल मंडल शबाना वेग, ललित राठी, संग्राम सिंह, डॉ. शबनम, सारिका चौधरी आदि उपस्थित रहे।

## सम्बंध विच्छेद सूचना

मेरा पुत्र पिन्टू व पुत्रवधू हिमांशी मेरे कहने में नहीं है। मेरे साथ गाली गलौच व झगड़ा करते है। इनकी हरकतों से तंग आकर मैंने इन दोनों से अपने समस्त सम्बंध विच्छेद करके इन्हें अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। इनके किसी भी क्रिया कलाप अथवा मुकदमेबाजी से मेरा व मेरे परिवार का कोई मतलब वास्ता नहीं है।

**-सुरेशचंद पुत्र मुकन्दी, ग्राम हाजी मौहम्मदपुर कोटकादर, थाना नगीना देहात (बिजनौर)**

# हलवाई की दुकान में सिलेंडर फटा

## तेज धमाके से दहला क्षेत्र, तीन दुकानें क्षतिग्रस्त






**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** ब्लॉक क्षेत्र के गांव ककराला में हलवाई की दुकान में रखा सिलेंडर फटने के दौरान तेज आवाज से धमाका होने पर क्षेत्र दहल उठा, जिससे दुकान का लिंटर फट गया। दुकानों के ऊपर बने कमरों में सो रहा परिवार सहम गया। पास की दो दुकान भी क्षतिग्रस्त हो गई। करीब 10 लाख रुपए का नुकसान बताया जा रहा है। राजस्व विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर मौका मुआयना किया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार नहटौर ब्लॉक क्षेत्र के गांव ककराला निवासी सत्यपाल सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि सड़क किनारे उनका घर है। सड़क किनारे दुकाने बनी हुई है। दुकानों के ऊपर कमरे बने हुए है, जिनमें उनका परिवार रहता है। एक दुकान गांव लल्ला वाला निवासी अमित कुमार ने किराए पर ले रखी है, जिसमें वह हलवाई का काम करता है। शुक्रवार को उसने एक गैस सिलेंडर मंगाया था। गैस सिलेंडर दुकान में रखकर वह ताला लगाकर चला गया। अचानक बीती रात्रि 11:00 बजे दुकान में रखा सिलेंडर फट गया, जिससे दुकान भी क्षतिग्रस्त हो गई। दुकान का लिंटर तक फट गया। इस दुकान के पास में प्रदीप कुमार के जन सेवा केंद्र की दुकान भी चपेट में आ गई। उसमें रखे लैपटॉप व अन्य सामान नष्ट हो गया। पास में ही पुष्पेंद्र कुमार की मैकेनिक की दुकान भी चपेट में आ गई। तीनों दुकानें क्षतिग्रस्त हो गई। दुकानों के ऊपर बने कमरो में परिवार सो रहा था। ब्लास्ट होने पर हड़कंप मच गया। गनीमत रही कि ऊपर कमरे में सो रहे लोग बच गए। करीब 10 लाख रुपए का नुकसान होने बताया जा रहा है। सूचना राजस्व विभाग को दी गई है। राजस्व विभाग के कानूनगो ओमवीर सिंह ने बताया कि नुकसान के आंकलन के लिए हल्का लेखपाल मनोज सैनी मौके पर पहुंचे हैं। नुकसान का आंकलन कराया जा रहा है।

## अवैध वसूली बंद कराने की मांग

**नजीबाबाद।** प्राईवेट टैक्सी चालकों व मालिकों ने तहसील पहुंच कर एसडीएम को ज्ञापन देकर कुछ लोगों पर उनसे अवैध रूप से धन की वसूली करने का आरोप लगाते हुए मामले की जांच कराकर कार्रवाई की मांग की। टैक्सी चालकों का कहना है कि वह हरिद्वार तक अपनी टैक्सियां चलाते है। नजीबाबाद में कुछ लोग टैक्सी चलाने की आड़ में उन्हें बार-बार धमकी देने के साथ अवैध वसूली कर रहे है, जिससे टैक्सी चालकों का उत्पीड़न हो रहा है। इस संबंध में जिले भर के टैक्सी चालकों ने एसडीएम शैलेंद्र कुमार सिंह को शिकायती पत्र देकर उनसे अवैध वसूली, दबंगई व मारपीट करने वालों की जांच कराकर उनके खिलाफ कार्रवाई कराने की मांग की। शिकायती पत्र देने वालों में आरिफ, वसीम, तुषार कुमार, देवेंद्र कुमार आदि शामिल रहे।

### एक नजर

## हाईटेंशन लाइन को हटाने की मांग

**नजीबाबाद।** आजाद समाज पार्टी काशीराम के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद के निर्देश पर सांसद प्रतिनिधि फहीम अंसारी एड. ने विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता रामकुमार परमार के साथ ग्राम फजलपुर हबीब उर्फ बड़ी ज्वाली पहुंच कर घरों के ऊपर से जा रही 11 हजार व एलटी लाइन का निरीक्षण किया। अधिशासी अभियंता ने जल्द ही लाइन हटाने का आश्वासन दिया। सांसद प्रतिनिधि फहीम अंसारी एड. ने कहा कि लोगों के घरों के ऊपर से हाई टेंशन लाइन गुजर रही है जो कभी भी लोगों के लिए खतरा साबित हो सकती है। इस मौके पर मौहम्मद यूनुस, मौहम्मद जाकिर, जाहिद हुसैन, उस्मान मंसूरी, अरशद मंसूरी, शाकिर मंसूरी, शेख मौहम्मद इमरान, मौहम्मद गालिब अंसारी, खलील मंसूरी, अहसान अंसारी आदि उपस्थित रहे।

## दावे-आपत्ति 6 फरवरी तक

**बिजनौर।** अपर जिलाधिकारी (वि./रा.)/उप जिला निर्वाचन अधिकारी, वान्या सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के निर्देशों के क्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा जनपद के समस्त मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित कर बीएलओ द्वारा नो मैपिंग में चिन्हित मतदाताओं के निर्गत नोटिस के संबंध में जानकारी प्रदान की गई एवं अवगत कराया गया कि जनपद की समस्त विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में छह जनवरी, 2026 से छह फरवरी, 2026 तक कोई भी मतदाता अपने पोलिंग बूथ के बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) के पास, तहसील स्थित मतदाता पंजीकरण केन्द्र (वीआरसी) पर, तहसीलदार/सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के कार्यालय में, उप जिलाधिकारी/निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के कार्यालय में, जिलाधिकारी/ जिला निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय में जाकर अपने दावे/आपत्तियां दर्ज करा सकता है। इसके अतिरिक्त समस्त मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को निम्न बिन्दुओं पर सूचना उपलब्ध कराते हुए आयोग द्वारा दिए गए निर्देशों से निम्नानुसार जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि समस्त राजनैतिक दलों को जनपद की समस्त विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में नियुक्त बूथवार बीएलओ एवं पदाभिहित अधिकारियों की सूची हार्ड कॉपी में उपलब्ध करायी गयी। जनपद में नो मैपिंग के अन्तर्गत कुल - 89822 मतदाताओं को चिन्हित किया गया है तथा इन मतदाताओं को विधानसभावार नियुक्त अतिरिक्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा छह जनवरी 2026 से 27 फरवरी 2026 तक नोटिस जारी कर उनकी सुनवाई स्थान के संबंध में सूचना उपलब्ध कराई गई। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा अवगत कराया कि जनपद के समस्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा अपनी-अपनी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के छह जनवरी 2026 से 12 जनवरी 2026 तक प्राप्त दावे आपत्तियों की सूची प्रारूप 9, 10, 11, 11ए, 11 बी की सूची उपलब्ध करायी गयी है। यदि कोई मतदाता जिसका नाम किसी कारणवश वोटर लिस्ट में नहीं हैं। वह अपना प्रारूप-6 (घोषण पत्र के साथ) भरकर, प्रारूप-7 नाम अपमार्जित हेतु, प्रारूप-8 (घोषणा पत्र के साथ) पहचान पत्र में संशोधन के लिए, संबंधित बूथ लेवल अधिकारी को उपलब्ध करा दें।

## पेड़ चोरी से काटने का आरोप



**हीमपुर दीपा।** ग्राम हीमपुर दीपा में बालाजी मंदिर के सामने रहने वाले पवन चौधरी ने बताया कि बीती देर रात उनके खेत में खड़ा करीब 40 हजार रूपए कीमत का पेड़ चोरों ने चोरी कर लिया। पवन चौधरी ने आरोप लगाया है कि कुछ दिन पूर्व एक व्यक्ति ने कहासुनी के दौरान पेड़ कटवाने का चैलेंज दिया था और उसी ने स्थानीय पुलिस के एक सिपाही से हमसाज होकर पेड़ की चोरी कर ली। पीड़ित असमंजस मे है कि उसका पेड़ चोरी करने वाली पुलिस के पास वह कैसे चोरी की रिपोर्ट लिखवाने जाए।

# चोरी की बाइक के साथ दो गिरफ्तार



## अवैध तमंचा व कारतूस बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** पुलिस ने अंतरराज्यीय बाइक चोर गिरोह का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की बाइक के अलावा एक अवैध तमंचा व कारतूस भी बरामद किए हैं। दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उन्हें न्यायालय में पेश कर चालान कर दिया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बीती रात्रि धामपुर पुलिस गश्त पर थी। इसी दौरान गांव सुहागपुर स्थित कब्रिस्तान मार्ग पर दो संदिग्ध व्यक्ति खड़े दिखाई दिए। पुलिस को देखते ही दोनों संदिग्ध भागने का प्रयास करने लगे, जिस पर पुलिस ने घेराबंदी कर बल प्रयोग के जरिए दोनों को पकड़ लिया।

पुलिस द्वारा पूछताछ के दौरान जब आरोपियों से बाइक के कागजात मांगे गए तो वे संतोषजनक जवाब नहीं दे सके। तलाशी लेने पर उनके कब्जे से एक तमंचा व कारतूस बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि बाइक उत्तराखंड के जसपुर क्षेत्र से चोरी की गई थी।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान रियासत उर्फ सलीम निवासी गंगा रोड, काशीपुर (उत्तराखंड) तथा दानिश पुत्र सलीम निवासी फैज-ए-आम इंटर कॉलेज के पास, जसपुर (उत्तराखंड) के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

कोतवाली प्रभारी मृदुल कुमार सिंह ने बताया कि आरोपियों से पूछताछ जारी है और गिरोह से जुड़े अन्य लोगों की तलाश की जा रही है। जल्द ही बाइक चोरी से जुड़े अन्य मामलों का भी खुलासा किया जाएगा।

## सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे व मारपीट का आरोप



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** गांव सहानपुर नवादा निवासी एक व्यक्ति ने गांव के ही कुछ लोगों पर सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा करने, मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़ित ने इस संबंध में संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायती पत्र देकर अपने परिवार की सुरक्षा की मांग की है।

पीड़ित तस्लीम जहां पत्नी मौहम्मद हनीफ, निवासी ग्राम सहानपुर नवादा, तहसील धामपुर, जिला बिजनौर ने पुलिस को दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया कि गांव के ही कुछ लोग दबंगई के बल पर गांव की सरकारी संपत्तियों पर अवैध कब्जा कर रहे हैं। आरोप है कि ये लोग रास्ते, तालाब व सरकारी भूमि पर अतिक्रमण कर रहे हैं।

पीड़िता के अनुसार आरोपियों ने अब उनकी आबादी वाली जमीन पर भी कब्जा करने की कोशिश शुरू कर दी है।

आरोप है कि 16 जनवरी 2026 को पीड़िता के भाई मौहम्मद शहजाद व मौहम्मद हनीफ को दबंगों ने गुंडागर्दी करते हुए घर से घसीटकर बाहर निकाल दिया और उनके साथ मारपीट की। शोर सुनकर गांव के अन्य लोग मौके पर पहुंचे, जिसके बाद पीड़ितों की जान बच सकी। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी लगातार उन्हें जान से मारने की धमकी दे रहे हैं, जिससे उनका परिवार भय के साए में जीने को मजबूर है।

पीड़िता ने पुलिस से मांग की है कि आरोपियों के खिलाफ सख्त धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उनके परिवार की जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए।

## ग्राम प्रधान व सचिव के खिलाफ विरोध प्रदर्शन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** गांव हाफिजाबाद शर्की के ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान और सचिव पर विकास कार्यों में धन की बंदरबांट का आरोप लगाते हुए तहसील दिवस में विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने एसडीएम को शिकायती पत्र सौंपकर पूरे मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

शनिवार को बड़ी संख्या में ग्रामीण ट्रैक्टर-ट्रॉली में सवार होकर तहसील परिसर पहुंचे और ग्राम प्रधान व सचिव के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव के मुख्य रास्तों की हालत बेहद खराब है, लेकिन कई बार शिकायत करने के बावजूद कोई सुनवाई नहीं की गई।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि ग्राम पंचायत को विकास कार्यों के लिए मिलने वाली धनराशि का सही उपयोग नहीं किया जा रहा है। गांव के रास्ते लंबे समय से बदहाल पड़े हैं, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम प्रधान और सचिव द्वारा विकास कार्यों में लापरवाही बरती जा रही है और सरकारी धन का गलत तरीके से उपयोग किया जा रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से ग्राम पंचायत में कराए गए सभी विकास कार्यों की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।

प्रदर्शन करने वालों में कोमल सिंह, उत्तम सिंह, कपिल, उदयराज, पदम सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। तहसील प्रशासन ने ग्रामीणों को जांच का आश्वासन दिया, जिसके बाद प्रदर्शन शांत हुआ।

## उर्द एवं मूंग के नि:शुल्क बीज के लिए बीस तक कराएं ऑनलाइन बुकिंग

**नहटौर।** भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार इस वर्ष जायद ऋतु में बोई जाने वाली गन्ने की फसल में सहफसली खेती के रूप में उर्द एवं मूंग का बीज नि:शुल्क प्राप्त करने के लिए आनलाईन बुकिंग की प्रकिया चल रही है। 20 जनवरी तक बुकिंग कराई जा सकती है। राजकीय कृषि बीज भंडार के प्रभारी सुभाष कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि एक कृषक को पांच बीघे गन्ना बुवाई पर अधिकतम 8 किलो मूंग या उर्द का बीज प्राप्त हो सकेगा। इसी प्रकार एक हेक्टेयर की बुवाई के लिए 20 किलो मूंग या उर्द का बीज प्राप्त होगा। सभी इच्छुक कृषक 20 जनवरी 2026 से पूर्व अपनी बुकिंग जन सेवा केंद्र या अपने मोबाइल या कृषि बीज भंडार नहटौर पर आकर करा ले। इस योजना के तहत पहले आओ पहले पाओ के आधार पर बुकिंग अवश्य कर ले। बिना बुकिंग के नि:शुल्क बीज उपलब्ध नहीं हरे पाएगा। एक किसान उर्द या मूंग में से किसी एक प्रकार के बीज की ही बुकिंग कर सकता है।

## मतदाता सूची शुद्धिकरण में निष्पक्ष प्रक्रिया व पारदर्शिता की सराहना



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** देश के 12 राज्यों के साथ-साथ उत्तर प्रदेश में निर्वाचन आयोग द्वारा कराई गई विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण प्रक्रिया के अंतर्गत मतदाता सूची को शुद्ध त्रुटिरहित एवं पारदर्शी बनाने का कार्य सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। स्योहारा नगर में इस प्रक्रिया को लेकर आमजन में संतोष और विश्वास का माहौल देखने को मिल रहा है।

इस संबंध में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता अकरम अंसारी ने निर्वाचन आयोग एवं भाजपा सरकार की निष्पक्ष और पारदर्शी कार्यप्रणाली की खुलकर सराहना की। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची शुद्धिकरण की पूरी प्रक्रिया पूरी ईमानदारी नियमों एवं संवैधानिक मर्यादाओं के अनुरूप संपन्न की गई, जिससे किसी भी पात्र और जीवित मतदाता का नाम सूची से नहीं हटाया गया। अकरम अंसारी ने बताया कि पुनरीक्षण के दौरान केवल उन्हीं नामों को हटाया गया जो वास्तव में अपात्र की श्रेणी में आते थे। अकरम अंसारी का कहना है कि इस बार भी मतदाता सूची का कार्य पूरी तरह निष्पक्ष पारदर्शी और भरोसेमंद रहा, जिससे लोकतांत्रिक व्यवस्था और अधिक मजबूत हुई है। लोगों ने बताया कि उन्हें किसी भी प्रकार की शिकायत नहीं है। वहीं अकरम अंसारी के साथ-साथ नगर के गणमान्य नागरिकों, समाजसेवियों और बुद्धिजीवियों ने भी इस प्रक्रिया की प्रशंसा करते हुए इसे निर्वाचन आयोग की निष्पक्षता और भाजपा सरकार की सुशासन नीति का प्रत्यक्ष प्रमाण बताया। उनका कहना है कि ऐसी पारदर्शी व्यवस्था से जनता का लोकतंत्र में विश्वास और मजबूत होता है। मतदाता सूची शुद्धिकरण की इस सफल प्रक्रिया को लेकर पूरे स्योहारा नगर में निर्वाचन आयोग व भाजपा सरकार की प्रशंसा हो रही है।

# अग्रवाल प्रशिक्षण संस्थान का कार्यक्रम

## केपीएस कालेज में छात्राओं को वितरित की हॉट पैक बोतलें



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** अग्रवाल प्रशिक्षण एवं समाज सेवा संस्थान के तत्वावधान में स्थानीय के.पी.एस. इंटर कॉलेज में विवेकानंद जयंती के उपलक्ष में एक आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि श्रीमती संगीता जैन अग्रवाल महिला आयोग सदस्य उत्तर प्रदेश रही।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्रीमती संगीता जैन अग्रवाल, संस्थापिका श्रीमती सविता अग्रवाल एवं श्रीमती संगीता गुप्ता, प्रधानाचार्य केपीएस इंटर कॉलेज ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। तत्पश्चात संस्थान सदस्यों द्वारा सामूहिक रूप से वंदे मातरम का गायन किया गया। इसके साथ ही श्रीमती उषा शर्मा, श्रीमती कुसुमलता अग्रवाल एवं श्रीमती शशि शर्मा के द्वारा अतिथि स्वागत हेतु स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। विभिन्न वक्ताओं ने विवेकानंद जी के विषय में अपने-अपने विचार प्रकट किया और उनके योगदान की चर्चा की। कार्यक्रम में कई सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए, जिसमें पायल रानी के नृत्य को विशेष सराहना मिली। पायल शर्मा, आसिफा, इकरा, अक्सा आदि ने विवेकानंद जी के ऊपर, लेख अथवा कविता आदि प्रस्तुत किए। इस अवसर पर अग्रवाल संस्थान द्वारा सर्दियों से बचाव हेतु, ग्रामीण क्षेत्र से आई हुई छात्राओं को 100 से अधिक जेल वाली हॉट पैक बोतले एवं 4 दर्जन मोजे वितरित किए गए। इसके अतिरिक्त बिस्कुट के पैकेट एवं टॉफियां आदि सभी बच्चों को वितरित किए गए।

अग्रवाल प्रशिक्षण एवं समाज सेवा संस्थान की संस्थापिका श्रीमती सविता अग्रवाल ने कहा कि हम जो प्रतियोगिताएं समय-समय पर करते हैं, इससे बच्चों का मनोबल तो बढ़ता ही है। साथ ही उनके ज्ञान में वृद्धि भी होती है। श्रीमती अग्रवाल ने बताया कि हम सर्दियों में प्रत्येक वर्ष कंबल एवं कपड़े आदि वितरित करते रहे हैं परन्तु इस बार लोगों की आवश्यकता को देखते हुए, हॉट पैक जेल वाली बोतल वितरित की गई है, जिससे लोग सर्दियों से बचाव कर सके एवं आवश्यकतानुसार सिकाई आदि का लाभ ले सके।

मुख्य अतिथि श्रीमती संगीता अग्रवाल ने कहा कि संस्थान बहुत अच्छा कार्य कर रहा है, विशेष रूप से सर्दियों के मौसम से बचाव की जो सामग्री आज वितरित की गई है यह बहुत सराहनीय है।

प्रधानाचार्य श्रीमती संगीता गुप्ता ने कहा कि अग्रवाल समाज सेवा संस्थान द्वारा, उनके विद्यालय में भिन्न भिन्न समय पर, विभिन्न प्रतियोगिता एवं अन्य आयोजन किए जाते रहे हैं, जिससे छात्राओं को बेहतर करने की प्रेरणा मिलती रही है, जिसके लिए हम संस्थान के आभारी हैं।

मंच संचालन श्रीमती पूनम शर्मा ने किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की प्रधानाचार्य के सौजन्य से सभी को सूक्ष्म जलपान कराया गया। कार्यक्रम में प्रदीप कुमार अग्रवाल, श्रीमती सत्यवती, पूनम शर्मा, रजनी, भक्ति, मोनिका शर्मा, संजना, गोल्डी, मधु अग्रवाल, अलका अग्रवाल, वर्षा अग्रवाल, कुसुमलता अग्रवाल, रीता अग्रवाल, रेखा अग्रवाल गंज, रीना अग्रवाल, आशा अग्रवाल, शशि शर्मा, सरस्वती जोशी, वंदना अग्रवाल, शारदा अग्रवाल, उमा अग्रवाल, ऊषा शर्मा, शशि शर्मा, रेनू सिंघल, अंजू शर्मा, मनुश्री अग्रवाल आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

### एक नजर

## सड़क में घटिया सामग्री लगाने की शिकायत

नजीबाबाद। ग्राम हर्षवाड़ा में बन रही सड़क निर्माण ने घटिया सामग्री लगाने की शिकायत एसडीएम व एडीओ पंचायत से की है। ग्राम हर्षवाड़ा निवासी अब्दुल हई व रिहान अंसारी ने एसडीएम शैलेंद्र कुमार सिंह व एडीओ पंचायत अनिल कुमार को दिए शिकायती पत्र में कहा कि ग्राम में प्राथमिक विद्यालय से यूसुफ के मकान तक एक सड़क बन रही है, जिसमें ग्राम प्रधान व ठेकेदार आदि मिलकर पुरानी सड़क पर ही नालिया बनाकर मोटा पत्थर डालते हुए सड़क बना रहे हैं, इससे जल्दी ही सड़क टूट जाएगी व नाली का पानी भी लोगों के घरों में अंदर जाएगा। जबकि पुरानी सड़क को तोड़कर सड़क बनानी चाहिए। यह मानक व नियमों के विपरीत है, लेकिन ठेकेदार किसी की नहीं सुन रहे हैं, अपनी हठधर्मिता से कार्य करा रहे हैं। एसडीएम ने बीडीओ से एडीओ पंचायत से सड़क निर्माण जांच कराने की बात कही।

## भागवत कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव



**धामपुर।** श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव के तीसरे दिन की कथा में कथा व्यास आचार्य पंडित गौरव कृष्ण भारद्वाज जी महाराज ने बताया कि श्रीमद् भागवत ग्रंथ ही एक ऐसा ग्रंथ है, जो पितरों को प्रभु के चरणों की शरणागति दिलाने में सहायक सिद्ध होता है इस दौरान श्रद्धालुओं ने जय जय श्री राधे की सामूहिक गूंज तथा भगवान कृष्ण की जय जयकार से कार्यक्रम स्थल को राधा कृष्ण मय बना दिया। सात दिवसीय कथा के अंतर्गत पहले दिन निकाली गई कलश यात्रा में शामिल रहे। मुख्य अतिथि पालिका अध्यक्ष चौधरी रवि कुमार सिंह को जय जयकार के बीच विशेष सम्मान प्रदान किया गया। नगर के मौहल्ला साहुवान स्थित गोयल भवन पर गोयल परिवार के संरक्षक स्व. रामकिशोर गोयल एवं संरक्षिका स्व. माता रमा देवी गोयल की पावन स्मृति में आयोजित इस सात दिवसीय कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव के तीसरे दिन की कथा का शुभारंभ सामूहिक पूजन से किया गया। जिसके मुख्य यजमान नगर के युवा समाजसेवी रविंद्र किशोर गोयल एवं उनकी धर्मपत्नी श्वेता रानी गोयल, तापस गोयल, बोना भैया, नित्या गोयल, जयंत गोयल, चिराग गोयल, मीनाक्षी गोयल, बृंदा अग्रवाल, अंकुर गोयल, हर्षा गोयल, अयांश गोयल, अद्विका गोयल आदि रहे। जिन्होंने परिजनों सहित पूजन कार्यक्रम में सहभागिता की। जबकि अन्य यजमानों की भूमिका शशि बाला गोयल, अंशुल गोयल, शिवानी गोयल, विनोद कुमार मित्तल, प्रभा रानी मित्तल आदि ने प्रदर्शित की।

## नशा मुक्त समाज की शपथ दिलाई



**हल्दौर।** गांव कूकड़ा इस्लामपुर स्थित समग्र विद्यालय में आरएचएस इंटर कॉलेज, हल्दौर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा नशा मुक्ति एवं सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन को लेकर व्यापक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों को नशे के दुष्परिणामों एवं समाज में व्याप्त कुरीतियों के प्रति जागरूक कर सकारात्मक सामाजिक परिवर्तन की दिशा में प्रेरित करना रहा। इस अवसर पर एनएसएस स्वयंसेवकों ने हाथों में तख्तियां एवं पोस्टर लेकर नशा, दहेज प्रथा, बाल विवाह, कन्या भ्रूण हत्या तथा अंधविश्वास के विरोध में जागरूकता रैली निकाली और जोरदार नारे लगाए। सेवानिवृत्त शिक्षक जयपाल सिंह ने कहा कि नशा व्यक्ति ही नहीं, बल्कि पूरे परिवार और समाज को बर्बादी की ओर ले जाता है। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहकर शिक्षा एवं संस्कारों को अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में उमेश चंद्र गहलौत, पवित्र कुमार, अवनीश कुमार, रजनीश कुमार, वंदना सहित शिक्षकगण, एनएसएस स्वयंसेवक एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन नशा एवं कुरीति मुक्त समाज के निर्माण की सामूहिक शपथ के साथ किया गया।

## शिकायतकर्ता संस्था को नोटिस

**कोतवाली देहात।** मुख्यमंत्री से शिकायत के बाद स्टेनो ने शिकायतकर्ता संस्था को नोटिस दिया है। एक संस्था द्वारा जिला विकास अधिकारी कार्यालय बिजनौर में लगभग 22 वर्षों से तैनात स्टेनो की शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल सहित उच्च अधिकारियों से की गई थी। शिकायती पत्र में कहा गया है कि जिला विकास अधिकारी कार्यालय मे स्टेनो पद पर अरविंद कुमार की नियुक्ति लगभग 22 वर्ष पूर्व हुई है। जब से नियुक्ति हुई है अरविंद कुमार एक ही कार्यालय में तैनात हैं। संस्था ने अरविंद कुमार के स्थानांतरण की मांग की। सीडीओ व डीडीओ से प्रकरण में सरकारी मोबाइल पर संपर्क किया गया तो उनका फोन रिसीव नहीं हो सका।

## सांसद खेल स्पर्धा में जीते पदक

**नजीबाबाद।** इम्पीरियल इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों ने युवा दिवस के अवसर पर 12 से 13 जनवरी तक नेहरू स्पोर्ट्स स्टेडियम, बिजनौर में आयोजित सांसद खेल स्पर्धा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विभिन्न पदक जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय के विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता में अक्षय राजपूत ने शॉट पुट में स्वर्ण पदक, अभिनय चौधरी ने लॉन्ग जम्प में रजत पदक, वंश राज ने लॉन्ग जम्प में कांस्य पदक, अखिल प्रताप ने शॉट पुट में कांस्य पदक तथा हर्षित चौधरी ने जैवलिन में कांस्य पदक प्राप्त किया।

## गेहूं क्रय केंद्रों के अनुमोदन के संबंध में बैठक



**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में गेहूं क्रय केंद्रों के अनुमोदन व स्वीकृति के संबंध में बैठक आयोजित हुई। जिलाधिकारी ने बताया कि गेंहू क्रय की अवधि एक मार्च से प्रारम्भ होगी। उन्होंने सभी क्रय केन्द्र प्रभारियों को निर्धारित समय तक क्रय केन्द्रों पर उपस्थित रहकर पूर्ण पारदर्शिता, विश्वसनीयता एवं किसानों के प्रति संवेदनशीलता के साथ गेंहू खरीद सम्पन्न कराने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि गेहूं खरीद के लिए क्रय केन्द्रों पर समस्त उपकरण इलेक्ट्रॉनिक कांटे, नमी मापक यंत्र, विनोइंग फैन एवं छलना तथा पर्याप्त संख्या में बोरों की उपलब्धता सुनिश्चित रखें। उन्होंने उपस्थित क्रय एजेंसियों को निर्देशित किया कि वह क्रय केन्द्रों पर शेष समस्त व्यवस्था तत्काल पूर्ण करा लें तथा केन्द्रों पर उपस्थित रहकर कृषकों का अधिक से अधिक पंजीकरण भी कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी केन्द्र प्रभारियों को निर्देश दिए कि इस बात का विशेष ध्यान रखें कि खरीद में कृषकों को किसी प्रकार की असुविधा न होने पाए। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा जनपद में प्रस्तावित गेहूं क्रय केंद्रों की संख्या, उनके स्थान, भौतिक संसाधनों, कर्मचारियों की उपलब्धता एवं किसानों की सुविधा के दृष्टिगत विस्तार से समीक्षा की गई। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित एवं राजस्व वान्या सिंह, जिला खाद्य विपणन अधिकारी एवं समस्त केन्द्र प्रभारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

बड़ी संख्या में दीदार करने पहुंचे अकीदतमंद, महफिले मिलाद पाक का किया गया आयोजन

# मुंए मुबारक की ज्यारत को उमड़ा सैलाब

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** न ठंड और न ही कोहरे की चादर में लिपटा शहर और बर्फ से गिरती बूंदों एवं सर्द हवाओं के झोकों की परवाह। बस दिल में था तो ताजदारे मदीना दोनो जहान के मालिक के कदमे रसूल और मुंए मुबारक की ज़्यारत का प्रण। भीड़ को चीरते हुए उमड़े अकीदतमंदो के रैले ने मुंए मुबारक की ज्यारत की और मनौतियां मांगी।

नगर के मौहल्ला कोट गर्बी स्थित रेतला मैदान के निकट आस्ताना पर कदमे रसूल ओर मुंए मुबारक की ज़्यारत करायी गई। पैगम्बरे इस्लाम के मुंए मुबारक (दाढ़ी के मुकददस बाल) को देखने के लिए दूर-दराज़, शहर व ग्रामीण अंचल से बड़ी संख्या में लोगो का हुजूम उमड़ पड़ा। आस्ताना पर सुबह फज्र के बाद से ही महफिले मिलाद पाक और नात ख्वां ने नाते पाक पेश की। जबकि प्रातः रसूल के मुंए मुबारक की ज़्यारत करायी गई। बुजुर्गों के अनुसार मुगल बादशाह औरगजेब अपने महल में बुलंद आवाज़ में तिलावत कर रहे थे। उधर से गुज़रे बुजुर्ग बाबा ज़िंदा शाह औलिया को तिलावत मे कुछ गलती सुनायी दी। वह रूके और बादशाह के पास आकर गलती की जानकारी देकर उसे सही कराया। बादशाह औरंगजैब ने बाबा ज़िंदा शाह औलिया की क़ाबलियत से खुश होकर उन्हे कुछ मांगने के लिए कहा। बाबा ने हामी भरवाकर कदमे रसूल ओर मुंए मुबारक के तबर्रूक की मांग कर डाली। इसे सुनकर बादशाह चौंका, लेकिन पहले ही वादा कर चुके बादशाह औरंगज़ेब ने आपका कदम और मुंए मुबारक बाबा को दे दिया। परम्परा के अनुसार बाबा के वंशजो ने तबर्रूकात की ज़्यारत करायी। अंत में मौलाना कलीम अशरफ ने मुल्क व कौम की तरक्की की दुआ करायी। इस मौके पर



सम्भल। हांड़ मांस को कंपाती सर्दी के बीच उमड़ा सैलाब मुंए मुबारक की ज्यारत करते।

# पीएम आवास योजना में लेट लतीफी

शाह टाइम्स,संवाददाता

**सिरसी।** प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अर्न्तगत आवास का सपना देखने वालों के आवेदन पत्रों पर अभी तक प्रभावी कार्रवाई नहीं हो सकी हैं जिस कारण गरीब अभी भी जर्जर व कच्चे आवासों में ही रहने को मजबूर है।

सूत्र बताते हैं कि लगभग तीन वर्षों से उक्त योजना के तहत कोई आवास नहीं बना है। पात्र लोगों के साथ ही अपात्र भी आवेदन कर देते है। बस यहीं से पहलवानलों के बीच अखाड़े जैसी जोर आजमाइश शुरू हो जाती है। पात्र व्यक्ति ज्यादा जोर नहीं लगा

**○पन्द्रह सौ आवेदन तीन साल से चाट रहे हैं धूल**

पाता,क्योंकि वह शरीर के साथ ही आर्थिक रूप से भी कमज़ोर होता है। जबकि अपाख हर स्थिति में मजबूत होता है। इसलिए योजना का लाभ पात्र को कम मिल पाता है। इस याजना में विभागीय कार्रवाई पर भी सवाल उठते रहे हैं वहीं सक्रिये दलाल भी पात्र को अपात्र बनाने में अपनी ताकत लगा देते हैं। तीन वर्षो से कोई आवास न बन पाना योजना लागू करने वालों की कार्य प्रणाली पर सवाल खड़े कर रहा है।



सम्भल। हजरत नगर गढ़ी में मदरसे की नापजोख करती राजस्व विभाग की टीम।

# गढ़ी में राजस्व टीम ने की मदरसे की पैमाइश

**सिरसी (शाह टाइम्स,संवाददाता)।** ग्राम हजरत नगर गढ़ी में राजस्व टीम ने मदरसे व उसके आसपास भूमि की पैमाइश कर चिन्हित किया। इअस बीच आसपास लोगों का जमावड़ा रहा। ग्राम के दारूल उलूम मजहारूल इस्लाम मदरसे के अंदर व बाहर आस-पास के भवनों एवं सड़क की पैमाईश की। मदरसे के लोगों ने मुख्य दरवाजे के पास की दीवार खुंद ही गिरा दी थी। अब मदरसे के अंदर तक पैमाईश होने से लोगो में बैचेनी है। मदरसे में कुछ कमरे भी बने हैं तो पूरब दिशा में मकान भी बने है। इसके अलावा मदरसे के सामने वाले पक्के मुक्ष्य मार्ग की भी पैमाईश की गई थी। पैमाईश के बाद नोटिस जारी किए जायेंगे। आवश्यकता हुई तक निर्माण ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जाएगी। नायब तहसीलदार बबलू कुमार के नेतृत्व वाली टीम में कानूनगो व हल्का लेखपाल आदि मौजूद रहे।

# बख्शे नहीं जाएंगे निस्तारण में लापरवाही बरतने वाले

शाह टाइम्स,संवाददाता

**बबराला।** फरियादियों की समस्याओं के त्वरित व गुणवत्ता परक निस्तारण को सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने समस्याओं को सुना ओर उनका निस्तारण करने के निर्देश दिए।

गुन्नौर तहसील परिसर में जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पेसिया की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में आम जन की समस्याएं सुनी गई। जहां राजस्व विभाग की सबसे ज्यादा 51 शिकायतें आई जबकि पुलिस विभाग 24 पूर्ति विभाग 6 चकबंदी विभाग 5,

**○डीएम ने सूनी समस्याएं**

ग्राम विकास विभाग 7, नगर पंचायत 1,लोक निर्माण विभाग 1,स्वास्थ्य विभाग 2, सिंचाई विभाग 1, शिक्षा विभाग 1, विद्युत विभाग 6, बैंक की 3 व वन विभाग 1 कुल मिलाकर 110 शिकायतें आई। शिकायतों को लेकर संबंधित को समय अनुसार निपटारा करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पेसिया ने कहा कि लापरवाही बरतने वालें संबंधित को बख्शा नहीं जाएगा आमजन की शिकायतों को लेकर संबंधित गंभीरता से लें। इस मौके पर सीडीओ गोरखनाथ भट्ट,सीएमओ तरुण पाठक, सीओ गुन्नौर आलोक सिद्दू,उपजिलाधिकारी अवधेश वर्मा, पुलिस व राजस्व कर्मचारी मौजूद रहे।

# धूप ने दिलाया गलन भरी सर्दी से छुटकारा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** रोज़ाना बढ़ रही कड़ाके की ठंड जन-जीवन की गति को धीमी कर रही है। ठिठुरन व शीतलहर और उस पर कोहरे की मार ने सामान्य जन-जीवन को अस्त- व्यस्त कर दिया। दो दिन पूर्व दिन भर सूरज नहीं निकलने से लोग घरों में कैद रहने का मजबूर हो गए थे,जबकि तीसरे दिन देर से ही सही लेकिन चिलचिलाती धूप ने ठंडे हो रहे शरीर में गर्ताहट ला दी।

एक दिन पूर्व दिन भर सूरज आसमान और कोहरे की चादर में छिपा रहा था। शनिवार को भी लगभग 11 बजे तक कोहरा ही कोहरा दिखायी देने से धूप निकलने के आसार बहत कम नजर आ रहे थे। लेकिन देर से ही सही लगभग एक बजे आसमान में चमक बढ़ने लगी। कुछ देर बाद सूरज की चमक किरणें दिखायी देने लगीं। वैसे ही आसमान साफ होने से हंड़ मांस को कंपा रही सर्दी से राहत मिलने की उम्मीद जग गयी थी। सूर्य की किरणों की चमक बढ़ते ही शरीर में गर्माहट होने लगी। लोग धूप निकले इसके लिए आसमान की ओर टकटकी लगाए देख रहे थे। सूरज ने अपनी दस्तक दी। सूर्य की किरणें निकलते ही लोग बड़ी राहत महसूस करने लगे।

**राहत**

**○हांड़ मांस को कंपा देने वाली ठंड से मिली निजात**

कभी धूप तो कभी बादल छाये रहने से सर्दी के प्रकोप से मांस ठंड और गर्मी का अहसास कराती रही, मगर दिन का परा चढ़ते ही सूरज की तपिश कोहरे पर भारी पड़ गयी। हालांकि ठंडी हवाओं के झोंके ने सूरज की किरणों की गर्माहट का मज़ा ओर किरकिरा कर रही थीं। लेकिन सूरज की किरणे राहत लेकर आयीं। सूर्य देवता के चमकते ही लोगों के चेहरे खिल उठे। सांय को गलन काफी बढ़ गयी।

# कोहरे से सभी हुए परेशान

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** कोहरे के प्रकोप से जनजीवन अस्त व्यस्त हो रहा है। ऐसे में वाहन हादसों का शिकार बन रहे हैं। कोहरे ने ट्रेनों की रफ्तार पर ब्रेक लगा दिया है। ट्रेन भी लेट चल रही है ।

कोहरे के कारण सुबह व रात को वाहन चलाना मुश्किल हो रहा था। कोहरा वाहनों को अंदाजे से चलाने को मजबूर कर रहा है। कोहरा में रात को बूंदे से झड़ रही हैं। यह गलन पैदा कर रहा है। धूप भी कोहरे में कम दिखाई पड़ रही है। दो बजे के बाद आसमान में हल्की चमक दिखायी दी। कोहरे के कारण सड़क पर सामने का कुछ दिखाई नहीं पड़ रहा है। ऐसे

**हालात**

**○सांय को जल्द शुरू हो रहे कोहरे में बढ़ रहे हादसे के खतरे**

में सड़क पर खराब खड़े वाहन हादसों का सबब बन रहे हैं। सड़कों पर कोहरे में चलना मुश्किल हो रहा है। कोहरे के साथ ही ठंड भी बढ़ गई है। जिसकी वजह से लोग सफर करने से बच रहे हैं। लोग ठंड की वजह से घरों में दुबकने को मजबूर हैं। लोग घरों में गैस के हंडे व अंगीठी से तापने में लगे हैं।सांय को भी कोहरे की रफ्तार जल्दी शुरू हो रही है।

# मनरेगा खत्म करके भाजपा मजदूरों का घोंटना चाहती है गला: साफिया



सम्भल-महिला कांग्रेस कार्यकत्रियों को सम्बोधित करती रा. प्रभारी साफिया जुबैर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रभारी साफिया जुबैर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी मनरेगा योजना ओ खत्म करके गरीब कमज़ोर मजदूरों का गला घोंटने का काम कर रही है।

वह शनिवार को महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा के आहवान पर आलम सराय स्थित कांग्रेस कार्यालय पर महिला संगठन के साथ बैठक कर रही थीं। उन्होने कहा कि भाजपा मनरेगा योजना को खत्म करके भारत के गरीब कमजोर मजदूरों का गला घोटने का काम कर रही है जबकि गरीब मजदूरों के रोजगार को छीनना चाहती है महिला प्रदेश अध्यक्ष भारती त्यागी ने कहा कि कांग्रेस चाहती थी सरकार द्वारा दिया गया पैसा सीधे गरीब मजदूर के खाते में जाए। इसलिए कांग्रेस ने मनरेगा लाकर गांव ग्राम के गरीब मजदूर तक रोजगार पहुंचा रोजगार का पैसा सीधे मजदूर के खाते में पहुंचा उनका स्वयं का कार्य स्थानीय मजदूरों ने स्वयं किया। जिससे काम के कार्य कुशलता में गुणवत्ता आई गरीब मजदूर खुशहाल हुआ लेकिन भाजपा सरकार नहीं चाहती गरीब मजदूर खुशहाल बने इसलिए वह मनरेगा को खत्म करने के रास्ते

**○ महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रभारी ने ली बैठक**

ढूंढ रही है लेकिन कांग्रेस किसी हाल में खत्म नहीं होने देगी। इस अवसर पर सहारनपुर जिला अध्यक्ष गाजियाबाद, जिला अध्यक्ष बुलंदशहर, जिला अध्यक्ष बागपत की जिला अध्यक्ष शाहिद अन्य पश्चिमी उत्तर प्रदेश की जिला अध्यक्ष मौजूद रही।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल

शाह टाइम्स संवाददाता

**बबराला।** आगरा-मुरादाबाद राजमार्ग पर नूरपुर तिराहे के पास घने कोहरे में अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। इसमें युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने उसे सीएचसी पहुंचाया। वहां से चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार देने के बाद उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। हादसा उस समय हुआ जब बदायूं के थाना जरीफनगर अंतर्गत गांव रसूलपुर कलां के अजय पाल बाइक पर सवार होकर बहजोई से अपने घर जा रहे थे।

## एक नज़र इधर भी



सम्भल-सीएम के नाम सदर विधायक इकबाल महमूद को ज्ञापन सौंपते व्यापारी।

# सीएम के नाम व्यापारियों ने सदर विधायक को सौंपा ज्ञापन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन सदर विधायक को सौंपकर व्यापारियों की प्रमुख समस्याओं पर तत्काल कार्रवाई की मांग की।

जिला चेयरमैन एवं प्रदेश संगठन मंत्री गौरीशंकर चौधरी के नेतृत्व में जिलाध्यक्ष प्रेम ग्रोवर के निर्देश पर एक प्रतिनिधिमंडल सदर विधायक इकबाल महमूद के आवास पर पहुंचा और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि गृह एवं जलकर विभाग द्वारा अनावश्यक नोटिस भेजे जा रहे है। जिससे व्यापारियों को अनावश्यक रूप से परेशानी हो रही है जबकि इससे व्यापार भी प्रभावित हो रहा है। ज्ञापन में पारदर्शी एवं उचित प्रक्रिया अपनाने की मांग। की गई। इसके अलावा जीएसटी विभाग द्वारा अनावश्यक नोटिस जारी करने पर रोक ऐसे नोटिस जिनकी आवश्यकता नहीं होती, उन्हें तत्काल बंद करने और बिना अनुमति के छापेमारी पर रोक बिना जिला अधिकारी की अनुमति एवं व्यापार मंडल पदाधिकारी की मौजूदगी के छापेमारी न करने की मांग की गई। हो।



बबराला- कस्तूरबा गांधी बालिका विषलय का निरीक्षण करते डीएम।

# विद्यालय की भूमि की पैमाईश के निर्देश

**बबराला (शाह टाइम्स,संवाददाता)।** जिलाधिकारी ने कस्तूरबा विद्यालय गुन्नौर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि स्कूल की जमीन की पैमाइश की जाए। उन्होंने कहा कि गुन्नौर उच्च प्राथमिक विद्यालय एवं प्राथमिक विद्यालय को सम्भल श्री विद्यालय में शामिल करते हुए उसको संतृप्त किया जाए। इसके अलावा संबंधित अधिकारियों को स्कूल की साफ सफाई का प्रत्येक दशा में ध्यान रखे जाने के निर्देश दिए।

# इस सत्र से वित्तविहीन शिक्षकों को तीस हजार मिले मानदेय

शाह टाइम्स संवाददाता

**बबराला।** वित्तविहीन शिक्षको ने मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी से इस सत्र से तीस हजार मानदेय देना लागू कराने की मांग की है। इस पर शीघ्र अमल करने की मांग उठाई है।

नगर में हुई वित्तविहीन शिक्षको की बैठक में शिक्षको ने कहा कि पिछली सरकार ने मानदेय के स्थान पर प्रोत्साहन राशि ही दी गयी। जोकि अब बन्द कर दी गयी। इसके स्थान पर तीस हजार रूपये मानदेय शिक्षको को दिया जाये। क्योंकि कालेज के सरकारी शिक्षकों का वेतन कई हजार है। जबकि वित्तविहीन शिक्षक भी इतना ही अध्यापन कार्य करते हैं तो उन्हें क्या मिलता है। उनके साथ भेदभाव

**○शिक्षकों ने सीएम से की मांग**

समाप्त हो। उन्हें सरकारी शिक्षकों का आधा ही वेतन तो दिया ही जाये। ऐसा न करना नाइंसाफी है। शिक्षको ने कहा कि केबिनेट में शीघ्र मानदेय निरर्धारित कर अमल में लाया जाये। ताकि वह परिवार का पालन पोषण ठीक प्रकार हो सके। अब मानदेय देने की प्रकिया पर काम शीघ्र पूरा होना चाहिए। इसे जल्द ही असली जामा पहनाया जाये। जब सबके वेतन में बढ़ोत्तरी की जा रही है तो फिर मानदेय भी बढोत्तरी करके दिया जाये। इसके अमल में इतनी देर नहीं होनी चाहिए। बैठक में चित्र शर्मा, अर्चना, संजय शर्मा, नेत्रपाल चन्द्रपाल योगेन्द्र सिंह आदि मोजूद रहे।

## ठंड व कोहरे से आम जन जीवन अस्त-व्यस्त

शाह टाइम्स संवाददाता

**बबराला।** शीतलहर के कारण हाथ-पैर सुन्न से पड़ गए। मौसम विभाग के अनुसार अगले कुछ दिनों तक ऐसा ही मौसम बने रहने की संभावना है। पहाड़ों पर लगातार हो रही भारी बर्फबारी का असर मैदानों में साफ दिखने लगा है। कोहरा और शीतलहर ने मिलकर ऐसा कहर बरपाया कि जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया। ठंड का प्रकोप लगातार बना रहा। हाईवे पर कई वाहनों को कोहरे के चलते खड़े देखा गया। सुबह के समय घना कोहरा छाया रहा। दृश्यता इतनी कम थी कि 10 मीटर की दूरी पर भी कुछ साफ नजर नहीं आ रहा था। सड़कों पर वाहन रेंगते दिखे। आगरा -मुरादाबाद व बदांयू-दिल्ली हाईवे पर चालकों को दिन में ही हेडलाइट जलाकर चलना पड़ा। कई जगह जाम जैसे हालात बने रहे। कोहरे और कड़ाके की ठंड ने आम लोगों की दिनचर्या को बुरी तरह प्रभावित किया।

# गन्ने से लदे ट्रक की ट्रैक्टर-ट्राली से टक्कर

**○आमने-सामने की टक्कर में ट्रैक्टर ट्राली दो हिस्सों में बंटी**

शाह टाइम्स,संवाददाता

**असमोली।** गन्ना लदे ट्रक की ट्रॅक्टर-ट्राली से आमने-सामने की टक्कर हो गयी। हादसे में दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गये। गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई। दोनों वाहनों के चाले सुरक्षित बच गए।

मिली जानकारी के अनुसार ट्रैक्टर-ट्रॉली नंबर यूपी 38 ए एफ 5714 को आले हसन पुत्र इमाम अली निवासी ओबरी थाना मढ़न की ओर जा रहे थे। ट्रैक्टर-ट्रॉली जैसे ही मुबारकपुर अडडे के पास पहुंची, तभी सामने से आ रहे गन्ने से भरे ट्रक नंबर यू पी 21 सीएम 1672 से उसकी जोरदार टक्कर हो गई। ट्रक को रिंकू पुत्र तेजपाल सिंह निवासी सैदपुर जसकोली थाना असमोली चला रहा था मढ़न से असमोली मिल की ओर जा रहे था। आमने-सामनेसे टकरा गए। टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रैक्टर-टॉली के दो हिस्से हो गए, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही चौकी इंचार्ज मंसूरपुर माफी रोहित मलिक पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति को संभाला। पुलिस ने सड़क पर यातायात को सुचारू कराया और कानून व्यवस्था बनाए रखी। चौकी इंचार्ज रोहित मलिक ने बताया कि दोनों चालक पूरी तरह सुरक्षित हैं। दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है तथा आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।



असमोली- मुबारकपुर अडडे के समीप आपस में भिड़े गन्ने से लदा ट्रक व ट्रैक्टर।

# डीएसएम रजपुरा में किसानों को खिचड़ी भोज

**सम्भल (शाह टाइम्स,ब्यूरो)।** डीएसएम शुगर मिल रजपुरा में किसानों को खिचड़ी भोज के साथ साथ कंबल वितरण किया गया डीएसएम शुगर मिल रजपुरा में यूनिट हेड आशीष कुमार शर्मा के द्वारा किसानों के बीच खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया तथा कंबल वितरण भी किया गया। शुगर मिल के द्वारा करीब 600 कंबल वितरण किया गया, हरि बाबा आश्रम, और अन्य स्थानों पर भी यूनिट हेड आशीष कुमार शर्मा, वरिष्ठ महाप्रबंधक केन इकबाल सिंह के अलावा कारखाने के अधिकारी, कर्मचारी और क्षेत्र के कर्मचारी उपस्थित थे।

# यातायात सुरक्षा प्रतियोगिता में फारेहा रही अव्वल

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** सड़क सुरक्षा माह के तहत कार्यक्रमों की श्रृंखला में पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

एमजीएम पीजी कॉलेज में चित्रकला विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर प्रीति सिंह के संयोजन में आयोजित प्रतियोगिता में 35 से अधिक छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में फारेहा ने प्रथम स्थान यश भारती ने द्वितीय स्थान और आकांक्षा सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। संयोजिका ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओं से छात्र छात्राओं की छिपी हुई प्रतिभा उजागर होती है तथा उनके व्यक्तित्व का विकास होता है। सड़क सुरक्षा अभियान प्रभारी डा. फहीम अहमद ने छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करना समाज के प्रत्येक वर्ग के लिए अनिवार्य है। सड़क पर निकलते समय यातायात के सभी नियमों का पालन अवश्य करना चाहिए। उन्होंने बताया कि सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत महाविद्यालय में आगामी दिनों में भाषण और क्विज प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम में डा जोहरा जबीं, डा. विजयलक्ष्मी शर्मा आदि ने सहयोग किया।



सम्भल- यातयात सुरक्षा को लेकर प्रतियोगिता में बनाए पोस्टर प्रदर्शित करती छात्रायें।

# नागरिक सुरक्षा वार्डन व स्वयं सेवकों का होगा सात दिवसीय प्रशिक्षण

शाह टाइम्स,संवाददाता

**बबराला।** नगर में भारत सरकार गृह मंत्रालय द्वारा प्रायोजित नागरिक सुरक्षा कोर नरौरा के वार्डन और स्वयंसेवकों का सात दिवसीय क्षमता निर्माण प्रशिक्षण 19 से 25 जनवरी 2026 तक नगर के बगीचा बेंकट हॉल में संपन्न होगा। उक्त जानकारी देते हुए नागरिक सुरक्षा के चीफ वार्डेन योगेन्द्र सिंह यादव ने बताया कि यह प्रशिक्षण नागरिक सुरक्षा नरोरा की उप नियंत्रक अनुराधा सिंह के संरक्षण में नरोरा से संचालित तीनों डिवीजन गुन्नौर सम्भल, डिबाई बुलंदशहर, जिरौली अलीगढ़, के वार्डेन और स्वयंसेवकों को प्रशिक्षित करने हेतु संचालित होगा। उक्त प्रशिक्षण में 22 जनवरी को धर्मवीर सिंह प्रजापति मंत्री नागरिक सुरक्षा विभाग उत्तर प्रदेश सरकार भी शामिल होंगे। जिसमें कुल, 270, महिला और पुरुष वार्डेन तथा स्वयं सेवक प्रशिक्षण प्राप्त

**○19 से 25 जनवरी तक बागीचा बैंक्वेट हॉल में**

करेंगे जिन्हें विभाग के मास्टर ट्रेनर और एन डी आर एफ, विभाग आपदा प्रबंधन, विभाग अग्निशमन विभाग, और जिला स्वास्थ्य विभाग, उप नियंत्रक, चीफ वार्डेन द्वारा विशेष प्रकार से विभिन्न तरह के जैसे आपदा में स्वयं सेवकों की भूमिका, अग्नि शमन उपकरणों का प्रयोग, आग का वर्गीकरण,सी पी आर विधि का अभ्यास, प्राथमिक चिकित्सा खोज और बचाव, सहित तमाम तरह का प्रशिक्षण दिया जाएगा, इस प्रशिक्षण का उद्देश्य स्वयंसेवकों और वार्डेन को आपदा प्रबंधन के प्रति दक्ष बनाना और आपात स्थितियों में प्रभावी भूमिका निभाने के लिए तैयार करना है। अंत में प्रशिक्षण प्रमाण पत्र और अन्य लेखन सामग्री ,बैग का वितरण होगा, नागरिक सुरक्षा के सभी वार्डेन और स्वयं सेवक इसमें अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर प्रशिक्षण प्राप्त करें।

**खोया-पाया**

मेरी हाईस्कूल वर्ष 2022 हाई स्कूल की मार्कशीट अनुक्रमांक 1220708442 वास्तव में कहीं खो गयी है।

**सुहैल पुत्र श्री हारून**
**निवासी 100,ताहरपुर 1, पोस्टः डींगरपुर, जिला मुरादाबाद**

# ट्रस्ट निर्धनों को वितरित करेगा कम्बल व लिहाफ

**सम्भल (शाह टाइम्स,ब्यूरो)।** हयूमन केयर चैरिटेबल ट्रस्ट ने गरीब, कमजोर, असहाय, निर्धन लोगों को हर साल की तरह इस साल भी लिहाफ व कंबल वितरित करने का फैसला लिया।

उपनगरी सरायतरीन मे ट्रस्ट संस्थापक नाजिश नसीर खाँन ने बताया कि गरीब, कमजोर, असहाय, निर्धन व जरूरतमंद लोगों की मदद करना हर इंसान का फर्ज है, अगर हम अपने रोजाना के खर्चों में से कुछ धन निकाल कर गरीबों, जरूरमंदो की मदद करे तो काफी हद तक जरुरमंदों की जरुरते पूरी हो सकती है, ठंड अपने चरम पर है मगर अभी तक बहुत से गरीब लोगों के पास सर्दी से बचने का कोई इंतेजाम नही है, अगर समाज के जिम्मेदार उन परिवारो की परेशानियों का एहसास करते हुए कुछ मदद करे तो गरीब परिवारों को काफी राहत मिल सके। मु. फहीम ने बताया कि हर साल अनेक गरीब व असहाय लोग ठंड से बचाव का सामान न होने के कारण अपनी जिंदगी खो देते है। नौजवानो से अपील की दलगत राजनीति से ऊपर उठाकर समाज सेवा मे अपने टेलेंट का इस्तेमाल करें।ताकि दिली सुकून मिल सके। अगर हमारी कोशिशों से किसी की जरूरत पूरी होती है तो यह हमारे लिए फख्र की बात है।इस अवसर पर मु. मुमताज, हाफिज इल्यास, जिया उर कमर, माहे आलम, रईस खां, नाजिश मियां, डा. जीशान आदि मौजूद रहे।

# घने कोहरे के कारण रात को नहर में गिरी कार, बाल-बाल बचे सवार

## ● लावारिस हालत में मिलने पर पुलिस ने मालिक को बुलाकर किया कार को हवाले

**कांठ( शाह टाइम्स )** घने कोहरे के कारण रात को एक कार मुख्तियारपुर नवादा के पास महमूदपुर रजबाहे में गिर गई जिसे रात को ही कार सवारों ने लिफ्टर बुलाकर निकलवा लिया।

सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची और मालिकों को तलाश कराया। शुक्रवार की रात को हरियाणा से कुछ लोग फॉर्च्यूनर द्वारा बिजनौर जनपद के गांव किवाड़ जा रहे थे रात करीब 11:00 बजे मुख्तियारपुर नवादा के पास नहर के रास्ते से निकले जैसे ही गांव से आगे पहुंचे कोहरे के कारण सड़क देख नहीं पाए और कार नहर में उतर गई वक्त अच्छा था कि कार पलटी नहीं बल्कि अंदर जाकर खड़ी हो गई रात को ही उन्होंने लिफ्टर बुलवाकर कार को बाहर निकलवाया लेकिन कार जब स्टार्ट नहीं हुई तो वहीं सड़क किनारे छोड़कर वह दूसरे साधन से किवाड़ चले गए। सुबह लोगों ने लावारिस महंगी फॉर्च्यूनर कार को खड़े देखा तो उसकी सूचना पुलिस को दी सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और



कार के नंबर प्लेट एवं उसके अंदर मिले डॉक्यूमेंट से मालिक का पता लगा लिया। काफी घंटो की मस्कत के बाद मलिक ने फोन उठाया तो पूरे घटनाक्रम का पता चला, कार सवार आए तो पुलिस ने कार उनके हवाले कर दी।

लेकिन कार फिर भी स्टार्ट नहीं हुई दिन भर की मशक्कत के बाद नोएडा की कंपनी से एक वाहन को बुलाया गया और शाम के वक्त कार को उसमें लादकर ले जाया गया।

कुल मिलाकर इस हादसे में कार सवार लोगों की जान बाल बाल बच गई।

# कड़कड़ाती ठंड में संवेदनशील पहल: वृद्ध आश्रम ग्वार खेड़ा ने एक मां को उसके परिवार से मिलाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** बीती रात कड़कड़ाती ठंड के बीच मानवता की एक मिसाल देखने को मिली, जब वृद्ध आश्रम ग्वारखेड़ा के संस्थापक रोहन देव सामाजिक ने सहसपुर ब्लॉक के सामने से एक बेसहारा वृद्ध मां को सुरक्षित आश्रम पहुंचाया। ठंड और धुंध से घिरी रात में जब आसपास काफी खोजबीन के बावजूद उनके परिजन नहीं मिल पाए, तब आश्रम द्वारा सोशल मीडिया का सहारा लिया गया।



आश्रम की इस पहल का असर यह हुआ कि वीडियो के माध्यम से बुजुर्ग मां की सूचना उनके परिजनों तक पहुंच गई। जानकारी मिलते ही संभल, आलम सराय से उनके बेटे बंटी और अनिल वृद्ध आश्रम ग्वारखेड़ा पहुंचे। अपनी मां को सकुशल देखकर उनकी आंखों में खुशी और राहत साफ झलक रही थी। भावुक क्षणों के बीच उन्होंने अपनी मां को खुशी-खुशी अपने साथ घर ले गए। परिजनों ने वृद्ध आश्रम ग्वारखेड़ा और उसके संस्थापक रोहन देव सामाजिक की इस मानवीय सोच को दिल से सलाम किया। उनका कहना था कि अगर यह प्रयास न होता, तो शायद आज वे अपनी मां से नहीं मिल पाते। इस नेक कार्य के लिए उन्होंने आश्रम की पूरी टीम का हृदय से धन्यवाद किया और ऐसी सकारात्मक व संवेदनशील सोच को नमन किया। वाकई, वृद्ध आश्रम ग्वारखेड़ा की यह पहल समाज के लिए एक प्रेरणादायक संदेश हैख्रजहां सेवा, संवेदना और सामाजिक जिम्मेदारी मिलकर टूटते रिश्तों को फिर से जोड़ देती है।

## खेती की मेड़ काटने का आरोप, पीड़िता ने समाधान दिवस में लगाई न्याय की गुहार

**ठाकुरद्वारा।** ठाकुरद्वारा तहसील क्षेत्र में कृषि भूमि की मेड़ काटे जाने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने संपूर्ण समाधान दिवस में प्रार्थना पत्र देकर आरो. पित के खिलाफ कार्रवाई और मेड़ पुनः लगवाए जाने की मांग की है। प्रार्थना पत्र के अनुसार प्रार्थिनी बीना देवी पत्नी रमेश सिंह, निवासी ग्राम महुआखेड़ा, तहसील जसपुर, जिला ऊधम सिंह नगर (उत्तराखंड) की खेती गाटा संख्या 434, मौजा बघाड़ा, तहसील ठाकुरद्वारा, जिला मुरादाबाद में स्थित है। पीड़िता का आरोप है कि गांव के ही भारत सिंह पुत्र हरनाम सिंह निवासी ग्राम बलवाड़ी, सुरजननगर, उसकी आराजी को लेकर लगातार परेशान करता रहता है। जिससे खेत को नुकसान पहुंचा। पीड़िता ने प्रशासन से मांग की है कि आरोपित भारत सिंह के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई की जाए तथा उसकी खेती की मेड़ को दोबारा लगवाया जाए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटना की पुनरावृत्ति न हो।

# अधिवक्ताओं का प्रदर्शन बरकरार, समझौते के नहीं दिखाई दे रहे अभी आसार

कांठ( शाह टाइम्स) तहसीलदार से नाराज अधिवक्ताओं का विरोध प्रदर्शन एक सप्ताह बाद भी जारी है और अभी तक इस मामले में किसी तरह के समझौते के आसार दिखाई नहीं दे रहे हैं।

लेकिन इसका सीधा नुकसान बादकारियों को उठाना पड़ रहा है। पिछले शुक्रवार को अधिवक्ता और तहसीलदार के बीच उपजे विवाद को अभी तक शांत नहीं किया गया है अधिवक्ता तहसीलदार पर अभद्रता किए जाने का आरोप लगा रहे हैं तहसीलदार अभद्रता किए जाने की बात से इनकार कर रहे हैं लेकिन वकीलों का नारेबाजी करना और तहसीलदार कोर्ट का न्यायिक बहिष्कार करना लगातार जारी है। इस मामले में समझौते के लिए अभी कोई पहल नहीं की गई है अधिवक्ताओं



का कहना है कि जब तक सम्मानजनक समझौता नहीं हो जाता वह तहसीलदार कोर्ट की अदालत का बहिष्कार रखेंगे विरोध प्रदर्शन में चौधरी लोकेश कोमल सिंह कपिल बिश्नोई सत्येंद्र सिंह मोहम्मद अफसर सुगम पवार संजीव कुमार डॉक्टर विनीत नैन कपिल यादव चरन सिंह ढाका सहित काफी संख्या में सीनियर और जूनियर अधिवक्ता मौजूद रहे।

# थावंला में भाजपा विधायक ठाकुर रामवीर सिंह का हुआ सम्मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** क्षेत्र के गांव थावंला के मोहल्ला कुरेशियान मस्जिद चौक पर आयोजित हुए कार्यक्रम में कुंदरकी के भाजपा विधायक ठाकुर रामवीर सिंह मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे। जहां मुस्लिम समाज के लोगों ने उनका फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया।

शनिवार को कुंदरकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने कार्यक्रम के दौरान भाजपा सरकार की नीतियों को गिनाया। इस बीच कहा कि भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार पूरी तरह से समाप्त है, अराजकता का माहौल नहीं है इसके अलावा गुंडे माफिया कहीं दिखाई नहीं दे रहे। पूरी तरह से आदमी सुरक्षित है।



इसके साथ ही हाईवे निर्माण में भी भाजपा सरकार अग्रणी रही है, आम जनता पूरी तरह से अपने आप को सुरक्षित मानती है। सभी को भाजपा से जुड़ने का आह्वान किया। इस मौके पर डॉक्टर अनिल सिंह, दीप जोशी विशिष्ट अतिथि के तौर पर मौजूद रहे। यहां पर कुंद. रकी विधायक ने जरूरतमंद लोगों को कंबल का वितरण किया। कार्यक्रम में समाजसेवी हाजी मास्टर शमशाद हुसैन जिला महामंत्री उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ, भारतीय किसान यूनियन टिकैट ग्रुप के ब्लॉक मीडिया प्रभारी गुड्डू कुरैशी आदि सहित अनेकों मौजूद रहे। गुड्डू कुरैशी ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस मौके पर मास्टर तस्लीम, असद आलम, एडवोकेट इमरान, अब्दुल कादिर, अमीर हमजा, मोहम्मद अली एडवोकेट, मोहम्मद नईम, हाजी अख्तर हुसैन, मुस्तकीम हुसैन,मुन्ना कुरैशी सहित भारी तादात में लोग मौजूद रहे।

# संपूर्ण समाधान दिवस में आई बाइस शिकायतों में दो का मौके पर निस्तारण



**कांठ( शाह टाइम्स )** संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन आज तहसील स्थित सभागार में एसडीएम संतदास पवार की अध्यक्षता में किया गया जिसमें पहुंचे 22 लोगों ने अपनी शिकायत दर्ज कराई इनमें दो शिकायत तो मौके पर निस्तारित हो गई बाकी शिकायतों के निस्तारण को एक सप्ताह का समय दिया गया। एसडीएम ने कहा कि सभी शिकायतों का निस्तारण गुणवत्ता पूर्वक होना चाहिए और शिकायतकर्ताओं से उनका फीडबैक भी लिया जाए छजलैट क्षेत्र के डॉक्टर जितेंद्र ने समाधान दिवस में शिकायत रखी उनका कहना था कि उन्होंने चक्रोड की नाप कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिए 2 साल पहले हाई कोर्ट का आदेश हुआ लेकिन 2 साल बीत जाने के बाद भी चक्रोड को कब्जा मुक्त नहीं कराया गया। इस बात को सुनकर एसडीएम हैरान हुए और संबंधित कर्मचारियों को फटकार लगाई समाधान दिवस में तहसीलदार राजकुमार सिंह नायव तहसीलदार कानून गो लेखपाल पुलिस विकास समाज कल्याण गन्ना नहर बिजली आदि विभागों के अधिकारी या प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## ठाकुरद्वारा में 22 जनवरी को विराट हिंदू सम्मेलन 17 जनवरी से निकाली जा रही प्रभात फेरी

**ठाकुरद्वारा।** सकल हिंदू समाज के तत्वावधान में होलिका मंदिर स्थित सरस्वती विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 22 जनवरी 2026, बृहस्पतिवार को सुबह 11.00 बजे एक विराट हिंदू सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम को व्यापक जनभागीदारी और भक्ति का स्वरूप देने के लिए 17 जनवरी, शनिवार से प्रतिदिन शाम को रामभक्तों द्वारा सायं प्रभात फेरी निकाली जा रही है। इस फेरी के दौरान शहर के प्रत्येक घर जाकर अक्षत (चावल) देकर लोगों को सम्मेलन में शामिल होने का आमंत्रण दिया जा रहा है। शनिवार शाम की प्रभात फेरी में क्षेत्र के कई गणमान्य नागरिक एवं भक्त शामिल हुए, जिनमें उत्कर्ष चौरावल, जुगनू अग्रवाल, आशुतोष अग्रवाल, रमेश कुमार, दीपक शर्मा, हरकरण सिंह, मुखलाल चौहान, निवेश कुमारी, मीनू पंत, उषा देवी, तारा देवी, जीतू देवी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के आयोजकों का कहना है कि यह सम्मेलन हिंदू समाज के सामाजिक, सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक विषयों पर चर्चा तथा सद्भाव के संदेश के प्रसार के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। सभी नागरिकों से कार्यक्रम में सहभागिता की अपील की गई है।

**बेदखली सूचना**

मैने अपने पुत्र प्रिंस व पुत्रवधू श्रीमती प्रिंयका को गलत संगत/ गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर सामाजिक व पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके के द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/ लेनदेन व मुकदमें बाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा।
**सुभाष पुत्र श्री छुन्नन निवासी मौहल्ला दौलत बाग, तहसील व जिला मुरादाबाद।**

**नाम परिवर्तन सूचना**

मेरे शैक्षिक प्रमाण पत्रों में मेरा नाम त्रुटिवश मौ. वारिस (MOHD VARIS) अंकित हो गया है जो कि गलत है जबकि मेरे नाम की सही स्पेलिंग मौहम्मद वारिस (MOHAMMAD WARIS) है। भविष्य में मुझे मौहम्मद वारिस (**MOHAMMAD WARIS**) के नाम से जाना पहचाना व पढ़ा जाए।
**मौहम्मद वारिस**
**( MOHAMMAD WARIS )**
**पुत्र मुनव्वर हुसैन निवासी ग्राम व डाकखाना डींगरपुर तहसील बिलारी, जिला मुरादाबाद।**

**बेदखली सूचना**

मैने अपने पुत्र रितिक कुमार को गलत संगत/ गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर सामाजिक व पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में रितिक कुमार के द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/ लेनदेन व मुकदमें बाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। श्रीमती सोनी पत्नी नरेश कुमार निवासी सैनी सीमेन्ट स्टोर, विकास नगर, लाईनपार थाना मझोला, तहसील व जिला मुरादाबाद।

**खोया-पाया सूचना**

हमने एक फ्लैट टी0-3/102 पार्श्वनाथ प्रतिभा नया मुरादाबाद में बुक कराया था जिसकी जमा रशीदें (so125653 एवं, so125655) कुल 7,57,711/रू0 की कही गुम हो गयी है। जिसका दूरुपयोग अवैधानिक होगा। **ब्रजराज सिंह व बलराज सिंह पुत्रगण मदन सिंह निवासीगण 98 एम०आई०जी० आशियाना कॉलोनी कॉठ रोड थाना सिविल लाइन्स जिला मुरादाबाद। मो०न०- 9410866289**

# कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, भगतपुर टाण्डा (मुरादाबाद)

पत्रांक: 3243/आंकिक/क्षेत्र पंचायत/2025-26 दिनाँक: 17.01.2026

## अल्पकालीन निविदा सूचना

क्षेत्र पंचायत भगतपुर टाण्डा जिला मुरादाबाद की आयोजित बैठक दिनांक 13.10.2025 मे परित कार्य योजना के सापेक्ष क्षेत्र पंचायत पंचम राज्य वित्त एंव केन्द्रीय वित्त मद में निम्नलिखित कार्य इस विकास खण्ड मे जनहित में कराये जाने है इच्छुक ठेकेदार दिनांक 18.01.2026 से 02.02.2026 को अपरान्ह 12.30 बजे तक अपनी-अपनी निविदाये अद्योहस्ताक्षरी कार्यालय से क्रय कर दिनांक 02.02.2026 को अपरान्ह 02.00 बजे तक कार्यालय में आवश्यक प्रपत्रो सहित एंव जमानत रशि (बैंक एफ0डी0आर0) संलग्न करते अपनी-अपनी निविदाये अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में जमा कर सकते है। निविदा प्रपत्र में एंव शर्ते कार्यालय अवधि में कार्यालय से प्राप्त होंगी निविदा स्वीकृत / अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा निविदा विकास खण्ड कार्यालय पर दिनांक 02.02.2026 को अपरान्ह 04.00 बजे खोली जायेगीं। उक्त दिनांक को राजकीय अवकाश होने की दशा में निविदायें अगले दिन खोली जायेगीं।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | योजना का नाम | प्रस्ताव संख्या | लम्बाई (मी० में) | प्राक्कलन की धनराशि | निविदा मूल्य (500+500) स्टेशनरी आदि) | जमानत धनराशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्रा0पं0-समदा चतुर्भुज में धर्मपाल के मकान से विरेन्द्र के मकान की ओर नाली व सी0सी0 टाईल्स द्वारा सड़क निर्माण कार्य | पंचम राज्य वित्त | 09 | 60 मी0 | 850637.54 | 1000 | 2% | 3 माह |
| 2 | ग्रा0पं0- बहोरनपुर कलां में बिन्दु के मकान से अबरार के मकान की ओर खण्डजा द्वारा सड़क निर्माण कार्य | पंचम राज्य वित्त | 12 | 165 मी0 | 544902.34 | 1000 | 2% | 3 माह |
| 3 | ग्रा0पं0- बेरखेड़ा चक में सहकारी समिति के सामने खुर्शीद के घर से हाईवे की ओर नाली व सी0सी0 टाईल्स द्वारा सड़क निर्माण कार्य | पंचम राज्य वित्त | 15 | 74 मी0 | 995973.87 | 1000 | 2% | 3 माह |
| 4 | ग्रा0पं0 पसियापुरा में बलवीर के मकान से हरफूल के मकान की ओर नाली व सी0सी0 टाईल्स द्वारा सड़क निर्माण कार्य | पंचम राज्य वित्त | 14 | 100 मी0 | 981863.47 | 1000 | 2% | 3 माह |
| 5 | ग्रा0पं0- पसियापुरा में रामेश्वर सिंह देवल के मकान से गैस फैक्टरी की ओर खण्डजा द्वारा सड़क निर्माण कार्य | पंचम राज्य वित्त | 13 | 350 मी0 | 996686.88 | 1000 | 2% | 3 माह |
| 6 | ग्रा0पं0 डूंगरपुर में हरज्ञान के मकान से तालाब की ओर नाली व सी0सी0 टाईल्स द्वारा सड़क निर्माण कार्य | पंचम राज्य वित्त | 11 | 120 मी0 | 967825.84 | 1000 | 2% | 3 माह |
| 7 | ग्रा0प0- सत्तीखेड़ा में महेन्द्र सिंह के मकान से मनोज ठाकुर के मकान की ओर नाली व सी0सी0 टाईल्स द्वारा सड़क निर्माण कार्य | पंचम राज्य वित्त | 07 | 105 मी0 | 985506.18 | 1000 | 2% | 3 माह |
| 8 | ग्रा0पं0- निवाड़खास में धर्मपाल के घर से रामबहादुर के मकान की ओर नाली व सी0सी0 टाईल्स द्वारा सड़क निर्माण कार्य | केन्द्रीय वित्त (अनटाईड) | 03 | 126 मी0 | 998750.22 | 1000 | 2% | 3 माह |
| 9 | ग्रा0पं0- निवाड़खास में वाल्मीकि बस्ती में नरेश के घर से जसपाल के मकान की ओर नाली व सी0सी0 टाईल्स द्वारा सड़क निर्माण कार्य | पंचम राज्य वित्त | 18 B | 83 मी0 | 505311.39 | 1000 | 2% | 3 माह |
| 10 | ग्रा0पं0- निबाड़खास में अमित के घर से मनोज के घर की ओर नाली व सी0सी0 टाईल्स द्वारा सड़क निर्माण कार्य | केन्द्रीय वित्त (अनटाईड) | 10 | 55 मी0 | 658316.09 | 1000 | 2% | 3 माह |
| 11 | ग्राम- चिरोडियाई द0 में मेन रोड से मैम्बर साहब के मकान की ओर नाली व सी0सी0 टाईल्स द्वारा सड़क निर्माण कार्य | केन्द्रीय वित्त (अनटाईड) | 16 | 66 मी0 | 530325.77 | 1000 | 2% | 3 माह |
| 12 | ग्राम- चिरोडियाई उ0 में चरन सिंह के मकान से मेन रोड की ओर नाली व सी0सी0 टाईल्स द्वारा सड़क निर्माण कार्य | केन्द्रीय वित्त (अनटाईड) | 17 | 50 मी0 | 422429.17 | 1000 | 2% | 3 माह |
| 13 | ग्रा0पं0 श्यामपुर हादीपुर में मंदिर से मनोज के मकान की ओर नाली व सी0सी0 टाईल्स द्वारा सड़क निर्माण कार्य | केन्द्रीय वित्त (अनटाईड) | 18 A | 92 मी0 | 996473.15 | 1000 | 2% | 3 माह |
| 14 | ग्रा0पं0- निबाड़खास में नचला नदी पुलिया के दोनो साईड दीवार व खण्डजा निर्माण कार्य | केन्द्रीय वित्त (अनटाईड) | 19 | One Job | 996000.24 | 1000 | 2% | 3 माह |
| 15 | ग्रा0पं0- निबाड़खास में नदी की पुलिया से विजेन्द्र के खेत की ओर रिटेनिंग वॉल व खण्डजा निर्माण कार्य | केन्द्रीय वित्त (अनटाईड) | 20 | One Job | 997100.00 | 1000 | 2% | 3 माह |
| 16 | ग्रा0पं0- निबाड़खास में नदी की पुलिया से सुनील के खेत की ओर रिटेनिंग वॉल व खण्डजा निर्माण कार्य | केन्द्रीय वित्त (अनटाईड) | 21 | One Job | 997690.00 | 1000 | 2% | 3 माह |
| 17 | ग्रा0पं0- श्यामपुर हादीपुर में रिन्कु के मकान के पास मेन रोड पर यात्री शेड निर्माण कार्य | केन्द्रीय वित्त (अनटाईड) | 22 | One Job | 561425.58 | 1000 | 2% | 3 माह |
| 18 | ग्रा0पं0- पीपलसाना में डा0 नाजीक के घर से कब्रिस्तान तक नाली व सी0सी0 टाईल्स निर्माण कार्य | केन्द्रीय वित्त (अनटाईड) | 04 | 85 मी0 | 999400.75 | 1000 | 2% | 3 माह |
| 19 | ग्राम- चिरोडियाई उ0 में तेजपाल के मकान से मुकेश सैनी के मकान तक सी0सी0 टाईल्स निर्माण कार्य | केन्द्रीय वित्त (अनटाईड) | 05 | 25 मी0 | 280841.88 | 1000 | 2% | 3 माह |
| 20 | ग्रा0पं0-रूस्तमपुर तिगरी में कब्रिस्तान से शकील के मकान की ओर सी0सी0 टाईल्स रोड व नाली निर्माण कार्य | केन्द्रीय वित्त (अनटाईड) | 08 | 80 मी0 | 620730.24 | 1000 | 2% | 3 माह |

**( अमर सिंह )**
**खण्ड विकास अधिकारी**
**भगतपुर टाण्डा ( मुरादाबाद )।**

## एक नजर

### मदन स्वरूप इंटर कॉलेज हरियाना में सड़क सुरक्षा पर विशेष शिविर



**कुंदरकी।** शनिवार को मदन स्वरूप इंटर कॉलेज हरियाना मुरादाबाद में राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर शिविर के द्वितीय दिवस पर महेंद्र सिंह पूर्व प्रवक्ता मदन स्वरूप इंटर कॉलेज हरियाना ने स्वयं सेवक सेविकाओं को सड़क सुरक्षा एवं यातायात के नियमों के बारे में विस्तार से बताया तथा इसमें सुरक्षा से तथा नियमों से अलग चलने वाले लोगों को होने वाले नुकसान तथा मानसिक हनी शारीरिक हानि तथा दुर्घटनाएं जो होती है उनके बारे में बताया तथा सड़क पर किस साइड चलते हैं या वाहन को नशीले पदार्थ लेकर नहीं चलना चाहिए तथा दो पहिया वाहन को बिना हेलमेट तथा चार पहिया वाहन को बिना सीट बेल्ट के नहीं चलना चाहिए इस सब के बारे में बताया इसके उपरांत कालेज प्रधानाचार्य श्री अजय प्रकाश शर्मा ने भी सड़क सुरक्षा के बारे में बताया तथा बाद में हरियाणा गांव में सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा के नारे लगाकर एक रैली का आयोजन किया गया और लोगों को देना हेलमेट के दो पहिया वाहन चलाना बिना सीट बेल्ट के चार पहिया वाहन चलाना के बारे में सवारियों को रोक कर समझाया तथा इसमें सरिता कुमारीअनु कुमारी अतुल कुमार गुलाम आफरीन नोहिडा आदि स्वयंसेवक सेविकाओं ने सड़क सुरक्षा के बारे में अपने विचार व्यक्त किया तथा इसमें कॉलेज स्टाफ अमित कुमार श्री बागेश्वर सिंह आदि का सहयोग रहा कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी श्याम मीत सिंह द्वारा किया गया।

### सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत

**कुंदरकी ( शाह टाइम्स संवाददाता )।** थाना क्षेत्र के मुरादाबाद आगरा हाईवे पर बीती देर रात कमलपुर फतेहाबाद के निकट घने कोहरे के चलते सड़क हादसे में बाइक सवार व्यक्ति की मौत हो गई। सूचना मिलते पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में ले लिया। मृतक की पहचान कुंदरकी थाना क्षेत्र के इशनपुर नागल के निवासी के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

### अस्पताल के सामने स्लेब टूटने से खुला मेनहोल हो रही दुर्घटनाएं

**शाह टाइम्स संवाददाता बिलारी।** नगर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने वाली सड़क पर किसी गैस कंपनी का मेल होल का स्लेब टूट जाने के कारण राहगीर गिर रहे हैं, कई दिन बाद भी इसका स्लेव नहीं डलवाने से मरीजों तीमारदारों और राहगीरो में भारी रोष व्याप्त है। मेहरबान सैनी का कहना है कि गैस कंपनी वाले हल्का सलेब डालते हैं जो भारी वाहनों के दबाव से टूट जाता है, कई बार टूट चुका है।

कंपनी वालों को चाहिए कि वह मजबूत स्लैब डलवाएं ताकि राहगीर दुर्घटना से बच सकें। प्रतिदिन देर सवेर दो-चार राहगीर इसमें गिरकर चोटिल हो रहे हैं। यहां 24 घंटे मरीजों को लेकर एंबुलेंस भी गुजरती है इससे मरीजों की जान को भी खतरा बना हुआ है।



# संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम अनुज कुमार सिंह ने सुनीं शिकायतें, 49 में चार का मौके पर हुआ निस्तारण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** जिलाधिकारी अनुज कुमार सिंह ने बिलारी तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस में जनता की शिकायतों को सुना। अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए। इस दौरान उप जिलाधिकारी विनय कुमार सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कुलदीप सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी अशोक कुमार सिंह, तहसीलदार अंकित गिरी, एसडीओ अवधेश कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, मौजूद रहे। समाधान दिवस में चकबंदी से जुड़ा एक मामला ग्राम चकफाजलपुर, कुन्दरकी से सामने आया जिसमें आरोप लगाया कि उसकी भूमि पर गांव के कुछ लोग अवैध रूप से मिट्टी डालकर कब्जा कर रहे हैं जबकि भूमि उसके नाम खतौनी में दर्ज है और आरोपितों का उस जमीन से कोई संबंध नहीं है। कई बार शिकायत के बावजूद कार्रवाई न होने की बात भी बात कही। थाना सोनकपुर क्षेत्र के ग्राम भीकनपुर निवासी श्यामकली ने गांव के ही कुछ लोगों पर मारपीट व धमकी देने का आरोप लगाया। पीड़िता के अनुसार 4 जनवरी की सुबह करीब 9 बजे वह अपने पुत्र के साथ खेत पर फसल देखने गई थी, जहां खेत की मेड़ काटने को लेकर आरोपितों ने गाली-गलौज करते हुए लात-घूंसों



और डंडों से मारपीट की, जिससे उसे और उसके पुत्र को चोटें आईं। पीड़िता ने पुलिस पर रिपोर्ट दर्ज न करने का आरोप लगाया। इसके अलावा भारतीय किसान यूनियन (तोमर) के पदाधिकारियों ने ज्ञापन सौंपकर ग्राम चांदपुर थाना बिलारी निवासी एक युवक के साथ मारपीट का मामला उठाया। ज्ञापन में बताया गया कि 16 जनवरी की शाम करीब 5 बजे बिलारी-सिरसी मार्ग पर पेट्रोल पंप के पास दबंगों ने युवक के साथ मारपीट की। संगठन ने पुलिस पर कार्रवाई न करने का आरोप लगाते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। इसी क्रम में तहसील के एक लेखपाल पर भी भ्रष्टाचार का आरोप लगा है जिसके लिए जिलाधिकारी ने जांच के निर्देश जारी कर दिए हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि आईजीआरएस मामले में बिलारी की रैंकिंग में अच्छा सुधार हुआ है।लोगो ने बताया कि इस सुधार का श्रेय एसडीएम विनय कुमार सिंह को जाता है क्योंकि वह समय देकर जनता को सुनते हैं।

## भाकियू तोमर के युवा जिला अध्यक्ष पर बोला हमला

### हमले के बाद भड़के किसान यूनियन के पदाधिकारी की पुलिस से हुई नोकझोंक, तहरीर के बाद पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** भारतीय किसान यूनियन तोमर गुट के युवा जिला अध्यक्ष पर हमला बोला गया। इस मामले को लेकर भड़के पदाधिकारी कोतवाली पहुंचे। जहां उनकी पुलिस से तीखी नोक जोख हुई। पुलिस ने तहरीर के बाद आरोपियों पर मुकदमा दर्ज कर लिया।

भारतीय किसान यूनियन तोमर गुट के युवा जिला अध्यक्ष चांदपुर गणेश निवासी फहीम पुत्र कय्यूम ने गांव में विकास कार्य को लेकर आरटीआई डाली थी।। जिसको लेकर उन्हें धमकी मिल रही थी इस मामले को लेकर कोतवाली में भी शिकायत की गई थी। कोई कार्यवाही नहीं हुई। जिसके बाद युवा जिला अध्यक्ष पर शुक्रवार शाम 5 बजे हमला बोला गया। यह जानकारी भारतीय किसान यूनियन तोमर गोत्र के मंडल अध्यक्ष काशिद हुसैन को हुई तो वह भारी तादात में पदाधिकारी के साथ कोतवाली पहुंच गए। जहां हंगामा खड़ा कर दिया। पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाया। इस बीच पुलिस से तीखी नोंक झोंक हुई। पुलिस ने तहरीर के बाद मुक. दमा दर्ज कर लिया। युवा जिला अध्यक्ष फहीम द्वारा दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया कि 16 जनवरी को शाम 5 बजे वह अपने गांव ग्वारऊ से बिलारी की तरफ आ रहे थे। तभी मिल रोड पर सुहेब पुत्र जमील व 4 अज्ञात लोग निवासी चांदपुर गणेश ने घेर लिया और गाली गलौज करते हुए उन्हें लात घुसो लाठी डंडों से पीटा। जिससे उनके शरीर पर चोटें आई। अब जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। तहरीर के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। किसान यूनियन के पदाधिकारी आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे।

## बढ़ती ठंड को देखते हुए रघुराज सिंह यादव ने सूखी लकड़ियां दान कीं

**शाह टाइम्स संवाददाता बिलारी।** नगर में बढ़ती ठंड, घने कोहरे और शीतलहर को देखते हुए समाजसेवी एवं वर्तमान नगर पालिका अध्यक्ष रघुराज सिंह यादव ने जनहित में सूखी लकड़ियां दान कीं। उन्होंने बताया कि जरूरतमंदों को सर्दी से राहत पहुंचाने के उद्देश्य से करीब 6 कुंतल सूखी लकड़ियां विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर अलाव जलाने के लिए उपलब्ध कराई गई हैं। यह लकड़ियां गन्ना समिति, बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय, शंकर सहाय स्कूल, कन्या जूनियर हाईस्कूल, सब्जी मंडी स्थित जूनियर हाईस्कूल, प्राथमिक विद्यालय कोठी, प्राथमिक विद्यालय अब्दुल्ला बिलारी, तहसील परिसर, रैनबसेरा, थाना, रोडवेज बस स्टैंड, गांधी मूर्ति सहित अन्य सार्वजनिक स्थानों पर डलवाई गई हैं। रघुराज सिंह यादव ने कहा कि नगर पालिका स्तर से पहले से ही अलाव जलाए जा रहे हैं, लेकिन एक समाजसेवी होने के नाते उन्होंने व्यक्तिगत रूप से भी लकड़ियां दान की हैं, ताकि ठंड से जूझ रहे लोगों को अतिरिक्त राहत मिल सके। लोगों से भी अपील की कि सर्दी के इस मौसम में जरूरतमंदों की मदद के लिए आगे आएं।



## टीएमयू हॉस्पिटल में पीडियाट्रिक्स विभाग की ऐतिहासिक उपलब्धि, नवजात को मिलीं सांसें

### नवजात चिकित्सा में एक मील का पत्थर: जन्म के समय दम घुटने- बर्थ एस्फिक्सिया से पीड़ित नवजात का थेरैप्यूटिक हाइपोथर्मिया तकनीक से डॉक्टरों की टीम ने किया सफल उपचार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर हॉस्पिटल, मुरादाबाद के लिए चिकित्सा के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि मिली है। टीएमयू हॉस्पिटल में पहली बार जन्म के समय दम घुटने- बर्थ एस्फिक्सिया से पीड़ित नवजात शिशु का नवीन तकनीक- थेरैप्यूटिक हाइपोथर्मिया के जरिए सफल उपचार किया गया। इलाज के बाद अब शिशु पूरी तरह स्वस्थ होकर बिना किसी जटिलता के अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। थेरैप्यूटिक हाइपोथर्मिया सरीखी उन्नत सुविधा अब तक केवल बड़े महानगरों के चुनिंदा चिकित्सा केंद्रों में उपलब्ध थी। मुरादाबाद में इसका सफल प्रयोग होना पूरे पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। टीएमयू अस्पताल का यह प्रयास न केवल नवजात चिकित्सा में एक मील का पत्थर है, बल्कि मुरादाबाद को उन्नत स्वास्थ्य सेवाओं के मानचित्र पर एक नई पहचान भी दिलाता है। इस जटिल और संवेदनशील उपचार का नेतृत्व नियोनेटोलॉजिस्ट डॉ. अदिति रावत ने किया।

डॉ. रावत की टीम में पीडियाट्रिक्स की एचओडी डॉ. रूपा सिंह, प्रो. विवेक त्यागी, डॉ. सुरेन, डॉ. मयंक और डॉ. नव्या की महत्वपूर्ण भूमिका रही। डॉक्टरों की



इस टीम ने चौबीस घंटे निगरानी रखते हुए शिशु को सुरक्षित और प्रभावी उपचार प्रदान किया। डॉक्टर्स के अनुसार, जन्म के तुरंत बाद शिशु को गंभीर अवस्था में नवजात गहन चिकित्सा इकाई- एनआईसीयू में भर्ती किया गया था। बर्थ एस्फिक्सिया एक अत्यंत गंभीर स्थिति होती है, जिसमें समय पर सही इलाज न मिलने पर शिशु के मस्तिष्क को स्थायी क्षति पहुंच सकती है। ऐसे चुनौतीपूर्ण समय में डॉक्टरों की टीम ने आधुनिक और वैज्ञानिक तकनीक थेरैप्यूटिक हाइपोथर्मिया का सहारा लिया। थेरैप्यूटिक हाइपोथर्मिया प्रक्रिया के तहत शिशु के शरीर को नियंत्रित रूप से ठंडा किया जाता है। इस उपचार में लगभग 72 घंटे तक शरीर का तापमान सावधानीपूर्वक कम रखा जाता है, जिससे मस्तिष्क की कोशिकाओं को होने वाले नुकसान को रोका जा सके। इसके बाद शिशु को- ग्रैजुअल रीवार्मिंग के जरिए धीरे-धीरे सामान्य तापमान पर लाया जाता है। यह पूरी प्रक्रिया अत्याधुनिक उपकरणों और विशेषज्ञों की सतत निगरानी में की जाती है। शिशु के माता-पिता ने भावुक होकर डॉक्टरों और अस्पताल प्रशासन का आभार व्यक्त किया और कहा कि उन्होंने उम्मीद खो दी थी, लेकिन डॉक्टरों की मेहनत, अनुभव और आधुनिक तकनीक ने उनके बच्चे को नया जीवन दिया।


### खादी ग्रामोद्योग सेवा निकेतन

कार्यालय सीरवासुचंद पोस्ट कासमपुर गढ़ी बिजनौर उत्तरप्रदेश -246722

**टेण्डर**

संस्था को पंजाब देशी रुई 16670.00 किलो की आवश्यकता हैं। इच्छुक पार्टियां टेण्डर भरने कष्ट करें। टेण्डर का प्रारूप संस्थासे प्राप्त की जा सकती हैं। टेण्डर भरने की तिथि 30. 01.2026 की शाम 5 बजे तक होगी।

**सचिव-कमल कुमार**
**मोबाइल नंबर - 9719928077**

### जाहिदा ग्रामोद्योग समिति

कार्यालय-ग्राम व पोस्ट रतुपुरा जिला मुरादाबाद। उ0प्र0-244601

**टेण्डर**

संस्था को पंजाब देशी रुई 4670.00 किलो तथा धुनी ऊन 3300.00 किलो की आवश्यकता हैं। इच्छुक पार्टियाँ टेंडर भरने का कष्ट करे। टेंडर का प्रारूप संस्था से प्राप्त की जा सकती हैं। टेंडर भरने की तिथि 30.01.2026 की शाम 5.00 तक होगी।

**सचिव सत्यपाल सिंह**
**मोबाइल नंबर -7668132168**


### कार्यालय ग्राम पंचायत त्रिलोकपुर वि० ख० मुरादाबाद ( मुरादाबाद )।

पत्रांक: मीमो/ग्रा.पं. त्रिलोकपुर/ओ0एस0आर0 योजना/2025-26 दिनांक: 17.01.2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

विकास खंड मुरादाबाद की ग्राम पंचायत त्रिलोकपुर में पंचायती राज अधिनियम एवं नियमावली 1947 ( यथा संसोधित 1994 ) के नियम संख्या 157 सहपठीत नियम संख्या 152 (क) एवं शासनादेश संख्या 58/2021/2350/33-3-2021-2257/2020-21 के क्रम में ओ0एस0आर0 योजना के अंतर्गत निम्नलिखित कार्यों हेतु पंजीकृत ठेकेदारों/फर्म से निविदा आमंत्रित की जाती है, कार्य निम्नलिखित है।

| क्र० सं० | मद का नाम | कार्य का नाम | प्राक्कलन लागत जीएसटी सहित | सामग्री की अनुमानित लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ओ0एस0आर0 | त्रिलोकपुर में विक्रम से चेतराम के घर तक नाली व सी0सी0 टाईल्स | 343589 | 253154 | 100 | 1 माह |
| 2 | ,, | त्रिलोकपुर में जगदीश से संतोष तक नाली व सी0सी0 टाईल्स | 146254 | 109993 | 100 | 1 माह |
| 3 | ,, | त्रिलोकपुर में बलवीर से पप्पू के घर तक नाली व सी0सी0 टाईल्स | 243569 | 175193 | 100 | 1 माह |
| 4 | ,, | त्रिलोकपुर में कमल से नेम सिंह तक नाली व सी0सी0 टाईल्स | 159337 | 124957 | 100 | 1 माह |
| 5 | ,, | त्रिलोकपुर में सुखिया से चमुण्डा तक सी0सी0 टाईल्स | 281900 | 217267 | 100 | 1 माह |

**निविदा से संबंधित विवरण-**

| क्र. सं. | विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 1 | निविदा प्रारम्भ | 18.01.2026 | प्रात: 10.00 बजे |
| 2 | निविदा समाप्त | 25.01.2026 | दोपहर 12.00 बजे |
| 3 | निविदा खोलने जाने का दिनांक | 25.01.2026 | दोपहर 03.00 बजे |

1. कार्य से सबंधित विवरण निविदा प्रपत्र के साथ किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
2. आयकर व्यापार कर नियामानुसार देय होगा।
3. कार्यों का अनुबन्ध सक्षम स्तर से अनुमोदन/स्वीकृती प्राप्त हाने के उपरान्त किया जायेगा।
4. कार्यदेश एवं कार्य का भुगतान शासन से धनराशि प्राप्त होने के उपरान्त ही किया जायेगा।
5. इस निविदा को बिना कारण बताये पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने या सामग्री की आपूर्ति को बढाने या घटाने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास होगा।

**सचिव/ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत त्रिलोकपुर**
**विकास खण्ड एवं जिला मुरादाबाद**

## अध्यक्ष, महासचिव, कोषाध्यक्ष और सहसचिव पद पर 24 जनवरी होगा चुनाव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** ठाकुरद्वारा बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव के दौरान नाम वापसी की गई। जिसमें एक वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर एक नामाकंन पत्र जमा होने पर निर्विरोध चुने जाना तय है और सभी पदो पर चुनाव निर्धारित तिथि पर होगा। शनिवार को बार सभागार में ठाकुरद्वारा बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव प्रक्रिया के दौरान नाम वापसी सायं 5.00 बजे तक की गई। चुनाव अधिकारी सत्यवीर सिंह, पूर्व नरेंद्र सिंह, हीरालाल अग्रवाल और सफदर अली खां ने बताया कि शनिवार को नाम वापसी प्रक्रिया में वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए मौ0 सलीम अहमद, अनिल कुमार चौहान व सतीश कुमार चौहान ने नामांकन पत्र दाखिल किया था, लेकिन मौ0 सलीम अहमद, अनिल कुमार चौहान ने अपना नाम वापस ले लिया, जिससे सतीश कुमार चौहान का निर्विरोध चुने जाना तय हो गया है। साथ ही बताया कि चुनावी प्रक्रिया में सह सचिव पद से अरविन्द्र कुमार, सुनील कुमार सिंह, अरूण प्रताप सिंह, कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद से केशव कुमार, हरिओंम सिंह, सदस्य कार्यकारणी पद से विनय कुमार, महासचिव पद से अतीक अहमद खां ने अपने नाम वापसी ले लिये है। चुनाव अधिकारियों ने बताया कि अब अध्यक्ष पद के लिए आबिद अली , राजीव कुमार विश्नोई, महासचिव पद के लिए सतीश, रजनीश प्रताप सिंह, कुलदीप सिंह, सहसचिव पद के लिए लोकप्रताप सिंह, सुनील कुमार, महमूद अली, देवेंद्र कुमार, मौ0 कासिम , कोषाध्यक्ष पद के लिए शैलेद्र कुमार, अनिल कुमार नायक , विशाल अग्रवाल चुनावी मैदान मे है। इन पदो पर चुनाव होना तय हो गया है । 24 जनवरी को उक्त पदो पर चुनाव बार सभागार में होगा।

### खोया-पाया सूचना

मेरा इंटर वर्ष 2024 अनुक्रमांक 2245559050 का अंकपत्र एवं सहप्रमाण पत्र कहीं खो गया है। **रोहन कुमार पुत्र भोपाल सिंह परमावाला, धामपुर, बिजनौर।**

### कार्यालय ग्राम पंचायत पदिया नगला

विकास खण्ड-भगतपुर टाण्डा ( मुरादाबाद )।

पत्रांक: मीमो /मनरेगा/ग्राम पंचायत/निविदा/2025-26 दिनांक: 17.01.2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत पदिया नगला विकास खण्ड भगतपुर टाण्डा (मुरादाबाद) की आयोजित बैठक दिनांक 02.10.2024 में पारित कार्य योजना के सापेक्ष मनरेगा योजनान्तर्गत में निम्न कार्य इस ग्राम पंचायत द्वारा जनहित में कराये जाने है। इच्छुक पंजीकृत आपूर्तिकर्ता/ठेकेदार दिनांक: 02.02.2026 को 12.30 बजे तक अपनी-अपनी निविदाएं अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में अपने पंजीकरण प्रमाण पत्र/व्यापार कर के विभाग में पंजीकरण प्रमाण पत्र की छायाप्रति के तथा हैसियत प्रमाण पत्रों सहित नियमानुसार जमानत राशि के साथ/एफडीआर आदि संलग्न करते हुए अपनी-अपनी निविदाएं अद्योहस्ताक्षरी के ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा कर सकते है। निविदाएं स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को निहित होगा। निविदाएं ग्राम पंचायत मुख्यालय पर दिनांक 02.02. 2026 की अपरान्ह 3.30 बजे खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य तथा स्थल का नाम | कार्य की ल० मी० में | अनुमानित लागत लागत ( रू. लाख में ) | निविदा मूल्य | जमानत धनराशि | कार्य पूर्ण कराने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ओम सिंह के घर से दीवान जी के घर तक नाली व टाईल्स निर्माण कार्य। | 107 मी0 | 349830 | 500 | 2% | 2 माह |
| 2 | जमीरा के घर से अनीस की चक्की तक नाली व टाईल्स निर्माण कार्य। | 90 मी0 | 354928 | 500 | 2% | 2 माह |
| 3 | मुन्नू के घर से कय्यूम के घर तक नाली व टाईल्स निर्माण कार्य। | 90 मी0 | 359969 | 500 | 2% | 2 माह |
| 4 | ग्राम पंचायत पदिया नगला में सरकारी उचित दर की दुकान एवं जनसुविधा केन्द्र निर्माण कार्य। | 1 | 676991 | 500 | 2% | 2 माह |

**सचिव/ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत पदिया नगला, वि० ख० भगतपुर टाण्डा, मुरादाबाद**

### उत्तर रेलवे

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/II/मुरादाबाद द्वारा ई टेन्डर निम्न टेन्डर संख्या के अर्न्तगत आमंत्रित किये जाते है। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदा दाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वैबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| टेन्डर संख्या दिनांक | 293-DRM-MB-25-26 DATE 16.01.2026 | 294-DRM-MB-25-26 DATE 16.01.2026 |
|---|---|---|
| कार्य का नाम | Upgradation of Running Room at BLM at station under SSE/W/BLM in the jurisdiction of ADEN/II/HRI | Civil works in c/w Interlocking of L.C. gates TVU>20000 in the jurisdiction of Sr.DEN-II-MB |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक/समय | 09.02.2026 16:00 | 09.02.2026 16:00 |
| अनुमानित लागत | 49,75,680.22 | 1,53,30,031.80 |
| धरोहर राशि | 99,500.00 | 2,26,700.00 |
| बिडिंग स्टार्ट तिथि | 26.01.2026 | 26.01.2026 |
| आफर की वैधता | 60 दिन | 60 दिन |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 06 माह | 06 माह |

नं. 74-W/2/3/WA/Publication दिनांक 16.01.2026 180/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

### उत्तर रेलवे

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/चतुर्थ द्वारा निम्नलिखित ई-टेंडर जिनके बंद होने की तिथि व समय प्रत्येक सामने अंकित है। जो उसी दिन 16:00 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे। निम्नलिखित टेंड संख्या के अंतर्गत आमंत्रित किये जाते हैं। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से ऑनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चेक डिपॉजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगा। टेंडर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| | | | |
|---|---|---|---|
| टेंडर संख्या | 290-DRM-MB-25-26 Date: 16.01.2026 | | |
| कार्य का नाम | Elimination of Level Crossing No. 80/C & 85/AC by providing LHS by pushing method on MB-GZB in the section of ADEN/HPU. | | |
| टेंडर क्लोजिंग दिनांक/समय | 10.02.2026 / 16:00 | | |
| अनुमानित लागत(₹) | ₹8,33,83,009.56 | | |
| धरोहर राशि(₹) | ₹5,66,900/- | | |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 10 माह | बिडिंग आरंभ तिथि | 27.01.2026 |

टेंडर नं.: Sr. DEN-IV/Publication/25-26 दिनांक 22.12.2025 182/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


### शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।


### खोया-पाया सूचना

मेरा हाईस्कूल वर्ष 1998 रोल नं. 0497310 तथा इंटर वर्ष 2000 रोल नं. 0240353 का अंकपत्र तथा सहप्रमाण पत्र कहीं खो गया है। धर्मेंद्र कुमार पुत्र मनधाता सिंह, सुहागपुर, धामपुर बिजनौर।

### बेदखली सूचना

मैने अपने पुत्र मौहम्मद आरिफ पुत्र सगीर अहमद को गलत संगत/ गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर सामाजिक व पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में मौहम्मद आरिफ के द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/ लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगा। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। **रूखसाना परवीन पत्नी सगीर अहमद निवासी मौहल्ला नूरूल्ला कुंदरकी तहसील बिलारी, जिला मुरादाबाद।**

### नाम परिवर्तन सूचना

मैंने अपना नाम MUHI UDDIN ALIAS BUDDHU से बदलकर MOHI UDDIN पुत्र कमरुद्दीन अंसारियां उमरी कलां मुरादाबाद रख लिया है। भविष्य में इसी नाम से जाना जाए।

### खोया-पाया सूचना

मेरा हाईस्कूल वर्ष 2006 अनुक्रमांक 0790047 का अंकपत्र तथा सह प्रमाण पत्र कहीं खो गया है। **प्रीति रानी पुत्री यशवीर सिंह दौलताबाद ( स्योहारा ), बिजनौर।**

### कार्यालय सहायक निबन्धक फर्म्स सोसाइटीज एवं चिट्स मुरादाबाद मण्डल मुरादाबाद

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री नसीम अहमद द्वारा संस्था आबादी बरकत मस्जिद, मौहल्ला बरकत नगर ताज बिल्डिंग के सामने ग्राम जैतपुर पटटी तहसील बिलारी, जिला मुरादाबाद का मोहत. मिम/ प्रबन्धक दशति हुये संस्था के पंजीकरण हेतु निर्धारित शुल्क व प्रपत्र प्रस्तुत किये है। प्राप्त अभिलेखों के अनुसार सर्वश्री 1. नसीम अहमद अध्यक्ष, 2. छिद्दा हुसैन प्रबन्धक, 3. जहीर अहमद कोषाध्यक्ष, 4. कल्लन, 5. मोहम्मद परवेज, 6. रमजानी खान, 7. मौ0 फैजान- दर्शाये गये है। अत यदि किसी व्यक्ति को उक्त संस्था के पंजीकरण पर आपत्ति हो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात आपत्ति पर विचार नही हो तो वह अपनी आपत्ति सूदना किया जायेगा। और गुण-दोष के आधार पर संस्था के पजीकरण सम्बन्धी कार्यवाही सुनिश्चित कर ली जायेगी।

विदित हो कि उक्त नोटिस सो0 रजि0 एक्ट 1860 की धारा 3(1) के अन्तर्गत जारी किया जा रहा है।

**आज्ञा से-( आनन्द विक्रम सिंह सहायक निबन्धक )**

# कार्यालय नगर पंचायत ढकिया (मुरादाबाद)

पत्रांक:- 461/ न0 पं0ढकिया/2025-26 दिनांक:- 17/01/2026

## लाईसेन्स शुल्क नियमावली वर्ष-2025

उत्तर प्रदेश म्युनिसिपैलटीज एक्ट, 1916 की धारा 301 (1) के अन्तर्गत व शासनादेश के अनुपालन में यह उपविधियां प्रकाशित की जाती है। उपनियम गजट की प्रकाशन की तिथि से प्रभावी होगा।

### उपनियमावली

1. यह **'उपनियमावली'** नगर पंचायत ढकिया जनपद-मुरादाबाद लाइसेंसिंग नियंत्रण उपनियमावली कहलायेगी।
2. **'अधिशासी अधिकारी'** का तात्पर्य नगर पंचायत ढकिया जनपद-मुरादाबाद के अधिशासी अधिकारी से है।
3. **'अध्यक्ष/प्रभारी अधिकारी'** का तात्पर्य नगर पंचायत ढकिया जनपद-मुरादाबाद के अध्यक्ष / प्रभारी अधिकारी से है।
4. **'लाइसेंसिंग अधिकारी'** का तात्पर्य नगर पंचायत ढकिया जनपद-मुरादाबाद के अधिशासी अधिकारी से है।

### उपनियम

1. यह उपनियम नगर पंचायत ढकिया जनपद-मुरादाबाद की सीमा के अन्तर्गत लागू होंगे।
2. यह उपनियम लाइसेंसिंग व अन्य शुल्क से सम्बन्धित उपनियम कहलायेंगे।
3. कोई भी व्यवसायी जो रेस्टोरेंट / नर्सिंग होम / पशुपालन तथा अन्य व्यवसाय जिनका उल्लेख नगर विकास अनु0-9, उ0 प्र0 शासन, लखनऊ के शासकीय पत्र संख्या 1847/9-97-23ज/97, दिनांक 9 जून, 1997 के अनुसार संलग्न सूची में अंकित हों व अन्य जो संलग्न है के अन्तर्गत आता हो तथा जिसका उललेख प्रदत्त उपनियमों में आगे लिया जायेगा के लिए लाइसेंस प्राप्त करना अनिवार्य होगा।
4. प्रस्तुत उपनियमों के पूर्व चल रहे ऐसे समस्त व्यवसायों आदि जिनका उल्लेख सूची में किया गया है, के लिए भी नगर पंचायत ढकिया जनपद-मुरादाबाद से लाइसेंस प्राप्त करना अनिवार्य होगा।
5. लाइसेंस की अवधि प्रति एक वित्तीय वर्ष अर्थात् 1 अप्रैल से 31 मार्च तक एक वर्ष के लिए होगी।
6. प्रत्येक व्यक्ति/व्यवसायी जिसका उल्लेख सूची में किया गया है, के लिए आवश्यक होगा कि वह लिखित तालिका में निर्धारित की गयी दर से शुल्क की धनराशि नगर पंचायत ढकिया जनपद-मुरादाबाद के कार्यालय में जमा कर सकते है या पंचायत द्वारा अधिकृत कर्मचारी को अदा करके उसकी रसीद प्राप्त कर लाइसेंस प्राप्त कर सकते है।
7. प्रत्येक व्यक्ति / व्यवसायी आदि से शुल्क प्राप्त कर उसके निर्धारित प्रपत्र पर धन की रसीद जारी की जायेगी।
8. केन्द्र या राज्य सरकार या अन्य कोई विधि निहित संस्था के द्वारा पंचायत में उल्लिखित व्यवसायों के नियंत्रण हेतु लाइसेंस से भिन्न होगा।
9. ऐसा कोई व्यक्ति जो किसी छूत की बीमारी से पीड़ित है, उल्लिखित तालिका में वर्णित व्यवसाय नहीं करेगा तथा उक्त व्यवसायों में सहायक अथवा नौकरी भी नहीं करेगा तथा बाल श्रमिक को भी नौकर / सहायक के रूप में नहीं रख सकेगा।
10. नगर पंचायत ढकिया जनपद-मुरादाबाद के अधिशासी अधिकारी अथवा ढकिया जनपद मुरादाबाद द्वारा अधिकृत अधिकारी/कर्मचारी किसी भी दुकान आदि के लाइसेंस का निरीक्षण कर सकते हैं और प्रत्येक व्यक्ति तथा व्यवसाय जैसी भी स्थिति हो का निरीक्षण कर सकते हैं तथा भवन में प्रवेश करने के लिए अधिकृत होंगे, मानक के अनुरूप न पाये जाने पर लाइसेंस निरस्त एवं रोकने का अधिकार लाइसेंसिंग अधिकारी में निहित होगा।
11. समस्त लाइसेंस अधिशासी अधिकारी द्वारा निर्गत किये जायेंगे। इन उपनियमों के प्रभावी होते ही पूर्व में प्रभावी समस्त लाइसेंस व तत्सम्बन्धित दरें निरस्त समझी जायेगी और उन पर संशोधित दरें लागू होगी।
12. वाहनों व जानवरों के लाइसेंस न बनवाने अथवा चेकिंग में पकड़े जाने पर नगर पंचायत द्वारा जारी रसीद न दिखाने पर लाइसेंसिंग अधिकारी / अधिकृत कर्मचारी को ऐसे वाहन तथा जानवर अपनी कस्टडी में लेने का अधिकार होगा और यदि कस्टडी में लेने के 15 (पन्द्रह) दिन के अन्दर निर्धारित किये गये जुर्माने तथा शुल्क को अदाकर लाइसेंस प्राप्त नहीं किया गया तो बाद अवधि एक सप्ताह में नोटिस उपरान्त नगर पंचायत को ऐसे वाहन / जानवर नीलाम करने का अधिकार होगा।
13. प्रत्येक व्यक्ति / व्यवसायी लाइसेंस प्राप्ति के लिए लाइसेंसिं अधिकारी को निर्धारित प्रारूप पर प्रार्थना-पत्र देगा।
14. प्रत्येक लाइसेंसधारी को वित्तीय वर्ष के प्रारम्भ में 15 (पन्द्रह) अप्रैल तक लाइसेंस का नवीनीकरण कराना आवश्यक होगा। अन्यथा रू0 100.00 विलम्ब शुल्क के साथ लाइसेंस का नवीनीकरण किया जायेगा।

15- परन्तु प्रतिबन्ध यह है कि उक्त नियम 15 के अन्तर्गत प्रदत्त छूट प्रत्येक वित्तीय वर्ष की 30 अप्रैल तक प्रभावी होगी। जिसके उपरान्त निर्धारित दण्ड वसूला जायेगा।

| क्र०सं० | मद का नाम | निर्धारित दरें (रूपये मं) |
|---|---|---|
| 1 | होटल लाजिंग तथा गेस्ट हाउस व बारातघर 10 शैय्या तक | 10000.00 |
| 2 | पाँच सितारा होटल | 12000.00 |
| | **नर्सिंग होम-** | |
| 3 | नर्सिंग होम (20 बेड तक) | 10000.00 |
| 4 | नर्सिंग होम (20 बेड से अधिक पर) | 15000.00 |
| 5 | प्रसूति गृह (20 बेड तक) | 10000.00 |
| 6 | प्रसूति गृह (20 बेड से ऊपर) | 15000.00 |
| 7 | प्राइवेट अस्पताल | 2000.00 |
| 8 | पैथोलाजी सेंटर | 5000.00 |
| 9 | एक्सरे क्लीनिक | 1000.00 |
| 10 | डेन्टल क्लीनिक | 2000.00 |
| 11 | प्राइवेट क्लीनिक | 1000.00 |
| 12 | **परिवहन** | |
| क | ऑटो रिक्शा | 100.00 |
| ख | ऑटो रिक्शा 7 सीटर (टेम्पो) | 500.00 |
| ग | ऑटो रिक्शा 4 सीटर | 400.00 |
| घ | मिनी बस | 1000.00 |
| ड़ | बस | 2000.00 |
| च | तांगा | कर मुक्त |
| छ | रिक्शा किराये पर | 75.00 |
| ज | रिक्शा (निजी चालित) | कर मुक्त |
| झ | ठेली/ठेला | 500.00 |
| त्र | हाथ ठेला | कर मुक्त |
| ट | बैलगाड़ी/भैंसागाड़ी | कर मुक्त |
| ठ | ट्राली (ट्रैक्टर) | 1000.00 |
| ढ | अन्य चार पहिये का वाहन (व्यापारिक प्रयोग हेतु वाहन) | 2000.00 |
| 13 | धुलाई गृह (डक) | 1000.00 |
| 14 | ड्राईक्लीनर | 2000.00 |
| 15 | ड्राईक्लीनर (मशीन चालित) | 2000.00 |
| 16 | फाइनेंस क0 चिटफण्ड | 5000.00 |
| 17 | ईश्योरेंश क0 प्रतिशाखा | 5000.00 |
| 18 | फाउण्ड्रि इंजीनियरिंग इण्डस्ट्रियल | 2000.00 |
| 19 | बार / बियर दुकान | 10000.00 |
| 20 | आइस फैक्ट्री | 2000.00 |
| 21 | बिल्डर्स / फड़ रेता / बजरफुट / आरा मशीन / चूना भट्टी | 5000.00 |
| 22 | देशी शराब (प्रति दुकान) | 10000.00 |
| 23 | विदेशी शराब (प्रति दुकान) | 15000.00 |
| 24 | **पशुपालन** | |
| | कांजी हाउस में बन्द जानवरों पर जुर्माना: | |
| | (1) बड़े चार पैर वाले जानवर | 100.00 |
| | (2) छोटे चार पैर वाले जानवर | 50.00 |
| | (3) दो पैर वाले जानवर | 50.00 |
| इ | खुराकी छोटे जानवर बकरी आदि | 50.00 |
| ब | खुराकी बड़े जानवर गाय, भैंस, घोड़े आदि | 100.00 |
| 25 | मानचित्रक | 5000.00 |
| 26 | किराने की दुकान (10x10) वर्गफिट | 500.00 |
| 27 | किराने की दुकान (10x10) से ऊपर या फुटकर विक्रेता | 1500.00 |
| 28 | मेडिकल की दुकान (फुटकर विक्रेता) | 1500.00 |
| 29 | मेडिकल की दुकान (थौक विक्रेता) | 2500.00 |
| 30 | डेयरी (20 पशु तक) | 500.00 |
| 31 | डेयरी (20 पशु से अधिक) | 1000.00 |
| 32 | मिठाई की दुकान | 2000.00 |
| 33 | रेडीमेड / कपड़े की दुकान | 2000.00 |
| 34 | इलेक्ट्रानिक दुकान | 2000.00 |
| 35 | मोटर गैराज / ऑटोमोबाईल्स दुकान | 2000.00 |

### दण्ड

यू0पी0 म्यूनिसिपैलिटीज एक्ट, 1916 की धारा 299 (1) के अन्तर्गत अधिकारों का प्रयोग करते हुए यह निर्देश दिया जाता है कि इस नियमावली में दिये गये किन्ही उपविधियों की अवहेलना करने पर निर्धारित शुल्क के अतिरिक्त रू-1000.00 (एक हजार रूपये) तक अर्थदण्ड दिया जा सकता है और उल्लंघन जारी रहने की दशा में रू0-25.00 (पच्चीस रूपया) प्रतिदिन दण्ड दिया जायेगा जो प्रथम दोष सिद्ध होने के पश्चात् ऐसे प्रत्येक दिन के लिए जिसके बारे में यह सिद्ध हो जाये कि इसने अपराध निरन्तर किया है।

नोट:- यह उपविधि के प्रभावी होने की तिथि से इस विषय से सम्बधित पूर्व में प्रचलित उपविधि निरस्त हो जायेगी। नगर पंचायत ढकिया जनपद-मुरादाबाद के किसी भी नागरिक को किसी तरह की कोई भी आपत्ति हो या कोई सुझाव देना चाहता है तो वह 30 दिन के अन्दर किसी भी कार्य दिवस में लिखित में दे सकता है अन्यथा कि स्थिति में यह समझा जायेगा कि नगर पंचायत ढकिया जनपद-मुरादाबाद के किसी भी नागरिक को कोई आपत्ति नहीं है।

**(रामेश्वर दयाल)**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत ढकिया**
**मुरादाबाद।**

**(मुजम्मिल हुसैन)**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत ढकिया**
**मुरादाबाद।**


# कुंदरकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने दी मूंढ़ापांडे को 4.19 करोड़ की सौगात, 5 सड़कों का किया शिलान्यास





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुंडापांडे।** कुंदरकी विधान सभा क्षेत्र से विधायक ठाकुर रामव. ीर सिंह ने क्षेत्र के ग्रामीण विकास को रफ्तार देते हुए शनिवार को मुंडापांडे ब्लॉक में विकास कार्यों की झड़ी लगा दी। विधायक ने गो. विंदपुर सक्टू नगला मोड़ एवं करनपुर सरकड़ा रोड़ मिलक क्षेत्र में कुल 4 करोड़ 19 लाख रुपये की लागत से बनने वाली 5 महत्वपूर्ण सड़कों का विधि-विधान से भूमि पूजन एवं शिलान्यास किया,इन सड़कों का होगा कायाकल्प, शिलान्यास की गई परियोजनाओं में सबसे महत्वपूर्ण दलपतपुर-अलीग. ंज मार्ग है, जिसके 1 किमी हिस्से का चौड़ीकरण एवं सौंदर्यीकरण 267.65 लाख रुपये की लागत से होगा। इसके अलावा: बूजपुर मान से लाढपुर संपर्क मार्ग (लागत 64. 15 लाख),गोविंदपुर वाया सकटूनगला हमीरपुर में सी.सी. नाली निर्माण (लागत 37.38 लाख),सरकड़ा खास संपर्क मार्ग की विशेष मरम्मत (लागत ï37.23 लाख)। मुंडापांडे खाईखेड़ा-दलपतपुर मार्ग पर सी.सी. एवं नाली निर्माण (लागत ï13.20 लाख) का कार्य शुरू कराया गया,विकास की रोशनी हर गली तक पहुँचाना मेरा संकल्प,इस अवसर पर आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने कहा, सड़कें किसी भी क्षेत्र के विकास की जीवनरेखा होती हैं। विधायक बनने के बाद मेरा एकमात्र लक्ष्य था कि विकास केवल काग. जों तक सीमित न रहे, बल्कि गांव की अंतिम गली तक पहुँचे।ष उन्होंने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि इन सड़कों के निर्माण में सामग्री की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। सड़क बनने से शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं और स्थानीय रोजगार को सीधा लाभ मिलेगा, क्षेत्रवासियों में उत्साह, कार्यक्रम में मुख्य रूप से ब्लॉक प्रमुख मुंडापांडे डॉ. नवदीप यादव, निक्की प्रधान, दूल्हा लंबरदार, ग्राम प्रधान महिपाल, फारुख, सौदान सिंह, प्रदीप यादव, अकील, प्रेम, मनोज तोमर, रोहित सिंह, जय सिंह, रविन्द्र सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे। ग्रामीणों ने विकास कार्यों के लिए विधायक का आभार व्यक्त किया।

## एसआईआर में दावे व आपत्तियों के लिए 'तीन विशेष अभियान की तिथियां तय'

**कांठ( शाह टाइम्स )** एसआइ. आर अभियान के तहत प्रदेश में तीन विशेष अभियान की तिथियां निर्धारित कर दी गई हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक दावे और आपत्तियां प्राप्त करने की अवधि छह फरवरी तक है। इस अवधि में मतदाताओं की सुविधा के लिए 18 जनवरी रविवार, 31 जनवरी शनिवार और एक फरवरी रविवार को प्रदेशभर में विशेष अभियान चलाया जाएगा। इसके अतिरिक्त एक चौथी विशेष अभियान की तिथि जिला निर्वाचन अधिकारियों द्वारा जिला स्तर पर - स्थानीय आवश्यकताओं के अनुसार निर्धारित की जाएगी। विशेष अभियान की तिथियों के दौरान प्रदेश के सभी मतदान केंद्रों पर संबंधित बूथ लेवल अधिकारी(बीएलओ) सहायक स्टाफ के साथ निर्धारित समय पर उपस्थित रहेंगे। बीएलओ के पास छह जनवरी को प्रकाशित ड्राफ्ट मतदाता सूची, गणना अवधि के दौरान अप्राप्त (अनकलेक्टेबल) श्रेणी में चिह्नित मतदाताओं की सूची तथा अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृतक और डुप्लीकेट मतदाताओं की सूची रहेगी। दावे व आपत्तियों से संबंधित फार्म-6, फार्म-7, फार्म-8 पर्याप्त मात्रा में रखे जाएंगे। उन्होंने बताया कि विशेष अभियान के दौरान प्रत्येक मतदान केंद्र पर हेल्प डेस्क की स्थापना की जाएगी, जहां मतदाताओं को फार्म भरने में आवश्यक सहायता दी जाएगी। मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों द्वारा नियुक्त बीएलए को भी तिथियों की जानकारी देने को कहा गया है।

## बेटियां प्रकृति की सबसे सुंदर रचना, देश की सुरक्षा में भी आगे आकर कर रही हैं कामः शशिवाला





**कांठ ( शाह टाइम्स )** महर्षि दयानन्द इण्टर कॉलेज कांठ की राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के द्वितीय दिवस पर छात्र इकाई के स्वयंसेवकों ने ग्राम मौढ़ी हजरतपुर में तथा छात्रा इकाई की स्वयंसे. विकाओं ने ग्राम गुलड़िया में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के संदर्भ में जागरूकता रैली का आयोजन किया।

बौद्धिक संगोष्ठी का शुभारम्भ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित डायट प्रवक्ता शशिबाला ने मां सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण से किया। स्वयंसेवकों ने राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य गीत के साथ ही बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ से सम्बन्धित विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किए। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ विषय पर प्रकाश डालते हुए मुख्य अतिथि ने अपने वक्तव्य में कहा कि बेटियां प्रकृति की सुन्दरतम रचना हैं और आज के समय में बेटियां किसी तरह से बेटों से कम नहीं हैं।अत: समाज के सभी लोगों को बेटियों को शिक्षा एवं विकास के समान अवसर प्रदान करने चाहिए।

प्रधानाचार्य मदन सिंह ने कहा कि बेटियों को बेटों के समान अधिकार हैं और वर्तमान समय में बालिकाएं सभी क्षेत्रों में अपनी योग्यताओं का लोहा मनवा रही हैं।उन्होंने कन्या भ्रूण हत्या पर रोक लगाने के लिए समाज के सभी लोगों का आह्वान किया। बौद्धिक संगोष्ठी के उपरांत विद्यालय के प्रधानाचार्य मदन सिंह एवं स्वयंसेवकों ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य मदन सिंह,शशिबाला (डायट प्रवक्ता,कांठ),राष्ट्रीय सेवा योजना के बालक एवं बालिका इकाई के कार्यक्रम अधिकारी पदम सिंह व ऊषा सिंह, निशिकांत पाठक, अतवीर सिंह त्यागी,ओम प्रकाश सिंह, गजेन्द्र प्रताप सिंह राणा, पीतांबर सिंह, भानु प्रताप सिंह, सुन्दर सिंह, रानी राणा,रश्मि शर्मा,अशोक कुमार के साथ-साथ सभी शिक्षक एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के सभी स्वयंसेवक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संच. ालन निशिकांत पाठक ने किया।

## एसडीएम ने एसआईआर को लेकर बुलाई जन प्रतिनिधियों की बैठक



**कांठ( शाह टाइम्स )** एस आई आर को लेकर आज एसडीएम ने जन प्रतिनिधियों की बैठक बुलाई और इस कार्य की प्रगति से अवगत कराते हुए समस्याओं के बारे में जाना उन्होंने कहा कि एस आई आर के दौरान किसी प्रकार की परेशानी आ रही हो तो उन्हें अवगत कराए। संबंधित प्रपत्र जमा करने नए वोट बनवाने अन्य किसी तरह का शुद्धिकरण करने एवं इस संबंध में किसी भी प्रकार की परेशानी को लेकर उन्हें अवगत कराया जाए। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष सत्यवान सिंह राजपूत मंडल अध्यक्ष अंकुश चौहान प्रमोद कुमार डॉक्टर नेपाल विक्रम सिंह यादव आदि उपस्थित रहे।

## यूपी बोर्ड शैक्षिक सत्र 2026-27 से कक्षा 9 व 11 में व्यावसायिक शिक्षा अनिवार्य

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** यूपी बोर्ड ने शैक्षिक सत्र 2026-27 से कक्षा 9 एवं कक्षा 11 में व्यावसायिक शिक्षा को अनिवार्य करने की महत्वपूर्ण पहल की है। इस क्रम में आईटी एंड आईटीईएस (सूचना प्रौद्योगिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी आधारित सेवाएं), इलेक्ट्रॉनिक्स, एपेरल एवं ब्यूटी एंड वेलनेस विषयों के व्यावसायिक कोर्स का अनुमोदित पाठ्यक्रम विषय समितियों ने यूपी बोर्ड के सचिव भगवती सिंह को सौंप दिया। विषय-विशेषज्ञों ने अपर सचिव सत्येंद्र कुमार सिंह एवं स्कंद शुक्ल के निर्देशन एवं उप-सचिव डॉ. आनंद कुमार त्रिपाठी के संयोजन में कई चरणों में बैठकें कर इन सभी ट्रेड के तहत जॉब रोल आधारित पाठ्यक्रम विकसित किया है।विशेषज्ञ समिति ने अनुमोदित पाठ्यक्रम में वर्तमान तकनीकी आवश्यकताओं, उद्योग जगत की अपेक्षाओं तथा विद्यार्थियों की रोजगार क्षमता को केंद्र में रखते हुए व्यावहारिक, कौशल-आधारित एवं रोजगारोन्मुखी विषय-वस्तु को सम्मिलित किया है।

## एडी बेसिक पर उत्पीड़न का आरोप महिला आयोग पहुंचीं बीईओ

**कांठ( शाह टाइम्स )** जिला स्तर पर शिक्षा विभाग से जुड़ा मामला अब महिला आयोग तक पहुंच गया है। बीईओ ने एडी बेसिक बुद्धप्रिय सिंह पर मानसिक उत्पीड़न, कार्य में अनावश्यक हस्तक्षेप और दबाव बनाने जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं। महिला आयोग ने मामले को संज्ञान में लेते हुए पुलिस से विस्तृत रिपोर्ट तलब की है। बीईओ का आरोप है कि एडी बेसिक की ओर से लंबे समय से उन्हें मान. सिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा था। विभागीय कार्यों को लेकर बार-बार दबाव बनाया गया और अनुि. चत व्यवहार किया गया। इससे उनकी कार्यक्षमता और मानसिक स्थिति पर असर पड़ा। बीईओ का कहना है कि उन्होंने उच्च अधिकारियों से भी शिकायत की, लेकिन संतोषजनक कार्रवाई नहीं हुई। अंतत: मजबूर होकर उन्होंने महिला आयोग का दरवाजा खटखटाया है।

## परीक्षा पर चर्चा के दौरान दौड़ का आयोजन



**कांठ( शाह टाइम्स )** हॉवर्ड कान्वेंट स्कूल गढ़ी में परीक्षा पर चर्चा के अंतर्गत (स्वदेशी संकल्प दौड़ आत्मनिर्भरता हेतु विद्यार्थियों की दौड़) के अंतर्गत कक्षा 9 से 12 तक के छात्रों के बीच दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय के छात्रों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। दौड़ प्रतियोगिता में कक्षा 12 के छात्र रिहान ने प्रथम स्थान एवं कक्षा 12 के छात्र ने ही द्वितीय स्थान एवं कक्षा 10 के छात्र असद ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय प्रबंधक दीपेश सिंह एवं प्रधानाचार्या श्रीमती रेनू बिश्नोई ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि जीवन एक ऐसी परीक्षा है जिसका मूल्यांकन हमें खुद ही करना पड़ता है इसलिए हमें जीवन की दौड़ मेंआत्म निर्भर होना आवश्यक है। यह दौड़ न मात्र हमें लाभान्वित करती हैं बल्कि यह हमें एक स्वदेशी संकल्प नागरिक बनने की भी प्रेरणा प्रदान करती है। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक गण उपस्थित रहे।

# वार्डन व स्वयंसेवक के क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम का दूसरा दिन




**मुरादाबाद।** केंद्रीय गृह मंत्रालय भारत सरकार एवं निदेशालय नागरिक सुरक्षा उ0 प्र0 लखनऊ के निर्देशानुसार एम आई टी संस्थान में आयोजित वार्डन एवं स्वयंसेवक के क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम के तृतीय सत्र का दूसरा दिन आज दिनांक 17/01/2026 को प्रशिक्षण से पूर्व श्री नीरज चक, उपनियंत्रक के साथ सभी उपस्थित प्रशिक्षणार्थियों ने इतनी शक्ति हमें देना दाताष सर्वधर्म समभाव की प्रार्थना गायी। इसके बाद श्री एस डी आर एफ टीम द्वारा पहले सेशन में बचाव की आपातकालीन विधियां के बारे में बताया गया और प्रशिक्षणार्थियों को अभ्यास कराया गया। दूसरे सेशन में श्री सतीश कुमार द्वारा आग बुझाने की विधि एवं उपकरणों के बारे समझाया गया। दूसरे दिन के अंतिम सेशन में अग्निशमन विभाग द्वारा आग का वर्गीकरण, लगने के कारण एवं बचाव पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में कार्यालय से चमन कुमार शर्मा, तुषार अग्रवाल डिविजन वार्डन सुरेंद्र प्रकाश गुप्ता, मो खालिद, वसीम अख्तर, वसीम आदि ने उपस्थित रह कर सहयोग प्रदान किया।

# न्यायिक कर्मी ने की आत्महत्या, पत्नी से चल रहे तलाक केस के तनाव में उठाया कदम





**ठाकुरद्वारा।** ठाकुरद्वारा थाना क्षेत्र में एक न्यायिक कर्मी ने पारिवारिक तनाव के चलते फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। 28 कोतवाली क्षेत्र के गांव करना वाला जप्ती निवासी 28 वर्षीय मोहित कुमार पुत्र मुनेश, निवासी ठाकुरद्वारा मे जे.एम. कोर्ट में क्लर्क के पद पर कार्यरत थे। परिजनों के अनुसार मोहित का अपनी पत्नी से तलाक का मामला न्यायालय में विचाराधीन था, जिसे लेकर वह लंबे समय से मानसिक तनाव में चल रहे थे। बताया गया कि मोहित की शादी करीब दो वर्ष पूर्व अनीता पुत्री महावीर, निवासी गांव लम्बिया (निकट गजरौला) के साथ हुई थी। शादी के सवा महीने बाद ही पति-पत्नी के बीच अनबन हो गई और पत्नी मायके चली गई। इसके बाद से वह अपनी ससुराल नहीं आई थी और तलाक का केस दायर कर दिया गया था। घटना शनिवार सुबह की है। परिजनों ने बताया कि शुक्रवार रात करीब आठ बजे मोहित ने परिवार के साथ वैठ कर खाना खाया और अपने कमरे में सोने चला गया। शनिवार सुबह जब काफी देर तक वह बाहर नहीं आया तो परिजनों ने कमरे में जाकर देखा तो वह दुपट्टे से बने फंदे के सहारे छत के हुक से लटका मिला। यह दृश्य देखते ही परिवार में कोहराम मच गया। रोने-चीखने की आवाज सुनकर आसपास के लोग भी मौके पर पहुंच गए। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मोहित के परिवार में उनकी मां कुसुम देवी, बड़े भाई सोहित और बड़ी बहन पूजा हैं। परिजनों का कहना है कि तलाक केस के कारण मोहित मानसिक रूप से काफी समय से मानसिक तनाव में रहता था। उधर मुंशी कोर्ट मे तैनात कर्मियों को जैसे ही सूचना मिली कर्मचारियों में शोक की लहर प्राप्त हो गई । कर्मचारियों ने मृतक के घर पहुंच कर शोक संवे. दना व्यक्ति की। उधर पुलिस ने मामले की जांच शुरु कर दी है।

## एक नजर

### वैध पार्किंग बनी मुसीबत, व्यापारियों ने समाधान दिवस में नगर पालिका की शिकायत की



**ठाकुरद्वारा।** नगर के एसडीएम कोर्ट मार्ग पर अवैध रूप से खडी गाडयिों के कारण लगने वाले जाम से स्थानीय व्यापारी और राहगीर खासे परेशान हैं। इसी समस्या को लेकर शनिवार को तहसील प्रशासन द्वारा आयोजित समाधान दिवस में बड़ी संख्या में व्यापारी अधिकारियों के समक्ष पहुंचे और नगर पालिका पर गंभीर आरोप लगाए। व्यापारियों का कहना है कि एसडीएम कोर्ट रोड पर पूरे दिन सड़क किनारे वाहन खड़े रहते हैं, जिससे आए दिन जाम की स्थिति बनी रहती है। इसका सीधा असर व्यापार पर पड़ रहा है, वहीं राहगीरों को भी भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। व्यापारियों ने आरोप लगाया कि अवैध पार्किंग करने वालों को नगर पालिका का संरक्षण प्राप्त है, जिस कारण समस्या लगातार बनी हुई है। व्यापारियों ने बताया कि इस संबंध में कई बार नगर पालिका को अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। समस्या के समाधान न होने से लोगों में रोष बढ़ता जा रहा है। समाधान दिवस में मौजूद अधिकारियों ने व्यापारियों की शिकायत को गंभीरता से सुनते हुए जल्द ही अवैध पार्किंग की समस्या का निस्तारण कराने का आश्वासन दिया।

### नाली का पानी रोकने का आरोप, पीड़ित ने समाधान दिवस में प्रशासन से लगाई गुहार

**ठाकुरद्वारा।** तहसील क्षेत्र के गांव सरकड़ा परमपुर माफी में नाली का पानी रोके जाने को लेकर विवाद सामने आया है। पीड़ित ने संपूर्ण समाधान दिवस में प्रार्थना पत्र देकर प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई है।प्रार्थना पत्र में बताया गया है कि पीड़ित फुरकान पुत्र मुस्सत, निवासी ग्राम सरकड़ा परमपुर माफी, तहसील ठाकुरद्वारा का रहने वाला है। गांव का पानी सरकारी तालाब में जाता है, लेकिन आरोप है कि गांव के ही मुजफ्फर अली पुत्र अनवर अली द्वारा पीड़ित के घर की निकासी वाली नाली को रोक दिया गया है, जिससे घर का गंदा पानी तालाब में नहीं जा पा रहा है। पीड़ित का कहना है कि आरोपी अपनी मर्जी से पानी को दूसरी दिशा में मोड़ना चाहता है, जिसका उसने विरोध किया तो आरोपी गाली-गलौज करने लगा और धमकी देने लगा। पीड़ित ने बताया कि इस संबंध में ग्राम प्रधान से भी शिकायत की गई, लेकिन कोई समाधान नहीं हो सका। पीड़ित का आरोप है कि जब भी वह नाली खुलवाने की बात करता है, आरोपी झगडेष पर उतारू हो जाता है। इस समस्या को लेकर वह कई बार प्रार्थना पत्र दे चुका है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है, जिससे वह काफी परेशान है। पीड़ित ने प्रशासन से मांग की है कि उसके घर की नाली को खुलवाकर पानी की निकासी सुचारू कराई जाए, ताकि गंदा पानी सरकारी तालाब में जा सके और उसे राहत मिल सके। संपूर्ण समाधान दिवस में मौजूद अधिकारियों ने प्रार्थना पत्र को संज्ञान में लेते हुए जांच कर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

### कब्रिस्तान की भूमि पर अवैध कब्जे का आरोप, ग्रामीणों ने समाधान दिवस में सौंपा प्रार्थना पत्र

**ठाकुरद्वारा।** तहसील क्षेत्र के गांव हंसपुर में कब्रिस्तान की भूमि पर अवैध कब्जे का मामला सामने आया है। इस संबंध में ग्रामीणों ने संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान उपजिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र सौंपकर अवैध कब्जा हटवाने की मांग की है। प्रार्थना पत्र में बताया गया है कि ग्राम हंसपुर स्थित गाटा संख्या 87 रकबा 0.0570 हेक्टेयर भूमि गांव समाज के कब्रिस्तान के रूप में दर्ज है। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव के ही कुछ लोगों द्वारा उक्त भूमि पर अवैध रूप से कब्जा कर लिया गया है, जिससे गांव समाज में भारी रोष व्याप्त है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में किसी व्यक्ति की मृत्यु होने पर अंतिम संस्कार के लिए स्थान उपलब्ध न होने के कारण गंभीर समस्या उत्पन्न हो रही है। इस संबंध में पूर्व में भी प्रशासन को अवगत कराया गया था, जिस पर 5 जून 2025 को प्रशासनिक टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर भूमि का सीमांकन कराया गया था। सीमांकन में कब्रिस्तान की भूमि स्पष्ट पाई गई, इसके बावजूद अब तक अवैध कब्जा नहीं हटाया गया। प्रार्थना पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि अवैध कब्जे के कारण गांव का माहौल बिगड़ने की आशंका बनी हुई है। ग्रामीणों ने मांग की है कि कब्रिस्तान की भूमि से अवैध कब्जा शीघ्र हटवाकर उसे अंतिम संस्कार के उपयोग हेतु सुरक्षित किया जाए। संपूर्ण समाधान दिवस में मौजूद अधिकारियों ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच कर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

### जिला अस्पताल में आयोजित हुई अटेवा की बैठक में पेंशन क्रांति महासम्मेलन को सफल बनाने पर की गई चर्चा

**मुरादाबाद।** जिला अस्पताल के नर्सेज मेस सभागार में शनिवार को अटेवा की जनपदीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में आगामी 15 फरवरी को बिजनौर के इंदिरा बाल भवन में आयोजित होने वाले पेंशन क्रांति महासम्मेलन को सफल बनाने के लिए व्यापक रणनीति पर चर्चा की गई। संगठन पदाधिकारियों ने पुरानी पेंशन बहाली, निजीकरण के विरोध तथा टेट अनिवार्यता के खिलाफ अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग करने का आह्वान किया।बैठक को संबोधित करते हुए अटेवा मंडल अध्यक्ष रजनीश कुमार ने कहा कि जिस प्रकार दिल्ली के रामलीला मैदान में पुरानी पेंशन बहाली के समर्थन में पूरे देश ने एकजुट होकर आवाज बुलंद की, उसी तरह पश्चिमी उत्तर प्रदेश से बड़ी संख्या में कर्मचारी व शिक्षक इस महासम्मेलन में पहुंचकर सरकार के सामने अपना रोष प्रकट करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि जब तक पुरानी पेंशन बहाल नहीं होती, आंदोलन निरंतर जारी रहेगा।प्रदेश अध्यक्ष डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन संदीप बडोला ने कहा कि पेंशन समस्त शिक्षक एवं कर्मचारियों का संवैधानिक अधिकार है और इसे प्राप्त करने तक एकजुट संघर्ष किया जाएगा। अटेवा जिला महामंत्री हेमंत चौधरी ने नई पेंशन स्कीम को कर्मचारियों के साथ छलावा बताते हुए कहा कि 30ख्र40 वर्षों की सेवा के बाद मात्र दो से ढाई हजार रुपये पेंशन मिलना कर्मचारियों के भविष्य के साथ अन्याय है।

बैठक में संगठन मंत्री निश्चल भटनागर, नर्सेज संघ की जिला मंत्री प्रतिमा शर्मा, जिला अध्यक्ष पूनम मैसी, चतुर्थ श्रेणी महासंघ के मंडल अध्यक्ष चंद्रशेखर, जिला अध्यक्ष सुशील कुमार, एक्स-रे टेक्निशियन संघ के जिला मंत्री अरविंद कुमार सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में पेंशन विहीन शिक्षक-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### अरविंद वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ, छात्रो ने खेलों में दिखाया दमखम

मुरादाबाद। शनिवार को शिशु वाटिका इंटर कॉलेज एवं एस.वी. पब्लिक स्कूल, गोविंद नगर में संयुक्त रूप से भैया स्वर्गीय अरविंद जी की स्मृति में दो दिवसीय अरविंद वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता 2026 का शुभारंभ किया गया। प्रतियोगिता का आयोजन नेता जी सुभाष चंद्र बोस की 129वीं जयंती से पूर्व किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रबंधक अनुज अग्रवाल, अध्यक्ष जे.के. गोयल, निदेशक पंकज दर्पण, समिति सदस्य भरत अग्रवाल व प्रधानाचार्य हरिनिवास गुप्ता तथा एस. वी. पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्या ज्योत्सना गुप्ता द्वारा मां सरस्वती एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन व माल्यार्पण कर किया गया। इसके बाद अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान किया गया। प्रधानाचार्य हरिनिवास गुप्ता ने खिलाड़ियों को खेल भावना की शपथ दिलाई और भारोत्तोलन प्रतियोगिता से खेलों का विधिवत शुभारंभ किया।प्रथम दिन कक्षा 9 से 12 तक के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। पुशअप, भारोत्तोलन, कुर्सी दौड़, खो-खो, रस्सी कूद और शतरंज सहित विभिन्न खेलों में विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। शेष प्रतियोगिताएं 19 जनवरी को कक्षा 8 तक के बच्चों के लिए होंगी। विजेताओं को गणतंत्र दिवस के अवसर पर सम्मानित किया जाएगा।

# संपूर्ण समाधान दिवस में एडीएम ने सुनीं जनसमस्याएं

शाह टाइम्स संवाददाता

**चन्दौसी।** शनिवार को तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा एवं उपजिलाधिकारी आशुतोष तिवारी ने आमजन की समस्याएं सुनीं। समाधान दिवस में विभिन्न विभागों से जुड़ी कुल 45 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से 06 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया, जबकि शेष मामलों में संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। समाधान दिवस के दौरान मालगा. ेदाम रोड निवासी पवन शर्मा एडवोकेट द्वारा कृषि आराजी स्थित ग्राम मझावली, थाना बनियाठेर में चकमार्ग संख्या 934 को सही कराने की मांग की गई। उन्होंने बताया कि चकमार्ग से आवागमन होता है, किंतु आराजी संख्या 933 में भट्टा लगे होने के कारण मार्ग पर गहरा गड्ढा हो गया है, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। एचोली निवासी वीना पत्नी नेमपाल ने राशन कार्ड से संबंधित शिकायत दर्ज कराई। वहीं जारई गेट निवासी राशिद पुत्र माजिद हुसैन ने काशीराम शहरी गरीब आवास योजना के अंतर्गत आवास उपलब्ध कराने के लिए प्रार्थनापत्र दिया। गणेश कॉलोनी निवासी एक व्यक्ति ने तहसील चन्दौसी के क्वार्टर में रहने वाले लेखपाल गब्बर सिंह पर प्लॉट दिलाने के नाम पर पांच लाख रुपये की ठगी करने का आरोप लगाया, जिसे उपजिलाधिकारी ने गंभीरता से लिया। सीता रोड निवासी सुभाष शर्मा उर्फ मुन्ना गुरु ने अवैध रूप से बनी मजार की शिकायत की। शिकायतकर्ता ने बताया कि वर्ष 2021 से पूर्व उक्त स्थान पर मजार नहीं थी और इस संबंध में उसने संपूर्ण समाधान दिवस में प्रमाण भी प्रस्तुत किए। नगरपालिका कार्यालय में भी वर्ष 1971 तक का कोई अभिलेख उपलब्ध नहीं पाया गया।



इसके अतिरिक्त बहारनपुर निवासी रामसिंह पुत्र डोरीलाल ने शिकायत की कि उसकी पत्नी छह बच्चों को छोड़कर अपने प्रेमी के साथ फरार हो गई है। रामसिंह ने बताया कि उसकी पत्नी नन्हीं देवी का संबंध बरेली जनपद निवासी एक मुंह बोले मामा से था, जिसके साथ वह चली गई। समाधान दिवस में लेखपाल गब्बर सिंह के विरुद्ध ठगी से संबंधित कई शिकायती प्रार्थनापत्र सामने आए। आरोप है कि गब्बर सिंह ने अपने विभाग के लेखपालों, कानूनगो एवं निजी कर्मियों से लगभग एक करोड़ रुपये की ठगी की है। राजस्व कर्मियों ने बताया कि आर्मी में रह चुका होने व साथ में ट्रेनिंग करने के कारण वे उसकी बातों में आ गए। लेखपाल राजीव शर्मा ने बताया कि जब वेतन से लोन की किश्त कटी तब पता चला कि पांच लाख रुपये गब्बर सिंह द्वारा ऑनलाइन ट्रांसफर कराए गए थे, जबकि प्लॉट देने का वादा किया गया था। समाधान दिवस के दौरान रुस्तमपुर उगिया की एक आंगनबाड़ी कार्यकत्री अचानक बेहोश होकर गिर पड़ी, जिसे तहसील कर्मियों ने कुर्सी पर बैठाकर संभाला। होश में आने पर उसने बताया कि उसके पति लेखराज की मृत्यु हो चुकी है और ससुराल पक्ष द्वारा उसे परेशान किया जा रहा है।

उसने पूर्व में भी शिकायत की थी, लेकिन अब तक समाधान नहीं हुआ। संपूर्ण समाधान दिवस में राजस्व विभाग की 16, पुलिस विभाग की 08, चकबंदी विभाग की 05, विकास विभाग की 02, खाद्य एवं रसद विभाग की 01 तथा अन्य विभागों की 13 शिकायतें दर्ज की गईं। इस दौरान एडीएम प्रदीप वर्मा, एसडीएम आशुतोष तिवारी, नायब तहसीलदार, अधिशासी अधिकारी धर्मराज राम, खाद्य आपूर्ति अधिकारी, खंड विकास अधिकारी, कानूनगो बाबूराम आदि मौजूद रहे।

## पुलिस परिवार परामर्श केंद्र में 7 परिवारों का कराया गया सुलह समझौता

**चन्दौसी।** पुलिस परिवार परामर्श सुलह समझौता केंद्र की बैठक पुलिस लाइन मंडी समिति बहजोई में नियमित काउंसलिंग परामर्श केंद्र प्रभारी डॉ0 रुकमपाल सिंह की देखरेख में संपन्न हुई जिसमें पति-पत्नी के मध्य हुए आपसी विवादों को परिवार परामर्श केंद्र प्रभारी डॉ0 रुकमपाल सिंह के द्वारा काउंसलर्स के सहयोग से सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित करने का प्रयास किया गया। जहां कुल 46 पत्रावलियों को सुनकर 20 पत्रावलियों का निस्तारण किया गया तो वहीं 07 परिवारों को मिलाया गया। 09 पत्रावलियों पर आवेदक द्वारा बल न देने के कारण बंद किया गया तथा 03 पत्रावली में विधिक कार्यवाही करने की संस्तुति की गई। इस अवसर पर काउंसलर अखिलेश अग्रवाल, लवमोहन वार्ष्णेय, संगीता भार्गव, श्वेता गुप्ता, सीमा आर्य, बबीता शर्मा, कंचन माहेश्व. री तथा का0 शहजाद मलिक, महिला हेड सिपाही रश्मि गहलोत, महिला सिपाही ज्योति आदि लोग उपस्थित रहे।

## कोहरे में सुरक्षा बढ़ाने को मुरादाबाद पुलिस को मिली खास लाइट

**मुरादाबाद।** घने कोहरे के दौरान रात में पेट्रोलिंग के समय होने वाले हादसों को रोकने के लिए मुरादाबाद पुलिस को एक खास तरह की सेफ्टी लाइट उपलब्ध कराई गई है। यह छोटी लेकिन बेहद प्रभावी लाइट पुलिसकर्मियों की वर्दी पर लगाई जा रही है, जो लाल-नीली बत्ती की तरह लगातार जगमगाती रहती है। कोहरे और अंधेरे में यह लाइट दूर से ही साफ दिखाई देती है, पुलिस अधिकारियों का कहना है कि कोहरे में दृश्यता बेहद कम हो जाती है, ऐसे में यह लाइट पुलिसकर्मियों की सुरक्षा के साथ-साथ आम जनता की सुरक्षा भी सुनिश्चित करेगी। इससे न केवल पुलिस के साथ होने वाली दुर्घटनाओं में कमी आएगी, बल्कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने में भी मदद मिलेगी। पुलिस ने इस पहल को सड़क सुरक्षा की दिशा में एक अहम कदम बताया है।

# मेधावी छात्रों का प्रतिष्ठित प्रीग्रेड कंपनी में हुआ चयन

**मुरादाबाद।** टिमिट-कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट विद्यार्थियों के लिए अनेक सुनहरे अवसर लेकर आया है। शुरुआत से ही देश की नामी कंपनियाँ कैंपस में आ रही हैं और लगातार हमारे छात्र-छात्राओं को उच्च पैकेज पर अवसर प्रदान कर रही हैं। यह उपलब्धि कॉलेज के उत्तम सिलेबस, अनुभवी फैकल्टी, आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर और प्लेसमेंट टीम के मजबूत कॉरपोरेट संबंधों का परिणाम है।

हाल ही में बहुप्रतिष्ठित कंपनी ष्प्रीग्रेडष ने टिमिट के होनहार विद्यार्थियों-अमन कुमार, गायत्री कुमारी, ज्योति कुमारी, नूतन कुमारी, संयम जैन, तशु गुप्ता, उज्जवल शर्मा, वर्षा, अक्षिता जैन, वैभवी जैन और द्य दिव्यांशी अग्रवाल को बिजनेस डेवलपमेंट एसोसिएट के पद पर चयनित किया है। चयनित विद्यार्थियों को नोएडा में नियुक्ति प्रदान की गई है। इन छात्रों का चयन कंपनी द्वारा आयोजित ग्रुप डिस्कशन, इंटरव्यू और स्किल असेसमेंट टेस्ट जैसी सख्त प्रक्रिया के बाद हुआ। यह सफलता दर्शाती है कि द्य टिमिट के विद्यार्थी न केवल अकादमिक रूप से सक्षम हैं, बल्कि व्यावहारिक ज्ञान, कम्युनिकेशन द्य स्किल और कॉरपोरेट कल्चर के अनुरूप दक्षता भी रखते हैं। कॉलेज का मानना है कि शिक्षा का द्य असली उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल डिग्री दिलाना ही नहीं, बल्कि उन्हें करियर के सही मार्ग पर अग्रसर करना है।

फैकल्टी द्वारा लगातार मेंटॉरशिप, करियर काउंसलिंग और इंडस्ट्री-रेडी स्किल ट्रेनिंग ने इन विद्यार्थियों की इस उपलब्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस चयन के साथ टिमिट कॉलेज ने एक बार फिर साबित किया है कि यहाँ से निकलने वाले विद्यार्थी कॉरपोरेट जगत में प्रतिस्पर्धा करने और नेतृत्व करने में पूरी तरह सक्षम हैं। कॉलेज प्रबंधन, फैकल्टी और प्लेसमेंट सेल ने चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ दीं और विश्वास जताया कि वे अपने उज्ज्वल करियर से संस्थान का नाम और रोशन करेंगे। इस अवसर पर संस्थान के डीन फैकल्टी ऑफ कॉमर्स एण्ड मैनेजमेंट प्रो. (डॉ.) विपिन जैन ने सभी चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी और कहा कि टिमिट छात्रों, कार्पोरेट जगत व अभिभावकों के प्रति अपनी जिम्मेदारी बखूबी निभाता रहेगा व गुणवत्ता परक रोजगार परक शिक्षा के लिये हर संभव प्रयास करता रहेगा।

टिमिट के छात्र छात्राओं को बेहत. रीन प्लेसमेंट प्राप्त होने पर सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की व आशीर्वाद दिया और कहा कि हमारे छात्र-छात्रायें वैश्विक स्तर पर टिमिट, टीएमयू का नाम रोशन करें और नई तकनीक व खोज दुनिया को प्रदान करें। इस अवसर पर कॉरपोरेट रिसोर्स सेंटर के डायरेक्टर अरुण कुमार व डिप्टी डायरेक्टर श्री आकाश भटनागर ने कम्पनी के अधिकारियों का धन्यवाद व्यक्त किया व विद्यार्थियों को कडी मेहनत व लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने का मूलमंत्र प्रदान किया। विद्यार्थियों में बेहतरीन प्लेसमेंट पाकर उत्सव का माहौल है व अभिभावकों की प्रशंसा लगातार मिल रही है।




# महानगर में प्रथम दिन कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच संपन्न हुई लोक सेवा आयोग की परीक्षाएं

**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग, प्रयागराज द्वारा आयोजित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं का आयोजन मुरादाबाद जनपद में 17 एवं 18 जनवरी को किया जा रहा है। परीक्षाएं दो पालियों में संपन्न हो रही हैं। प्रथम दिन शनिवार को सुबह की प्रथम पाली में 28 परीक्षा केंद्रों तथा द्वितीय पाली में 19 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षाएं आयोजित की गईं।परीक्षाएं पूरी तरह शांतिपूर्ण, सुव्यवस्थित एवं नकल-विहीन रहीं। प्रशासन द्वारा सभी परीक्षा केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की गई थी। केंद्रों के बाहर पुलिस बल की तैनाती के साथ ही सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से सतत निगरानी की गई। परीक्षा केंद्रों में प्रवेश से पहले परीक्षार्थियों की सघन जांच की गई तथा आयोग के दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन कराया गया।जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों द्वारा विभिन्न केंद्रों का निरीक्षण भी किया गया, जिससे परीक्षा प्रक्रिया पारदर्शी बनी रही। परीक्षार्थियों ने केंद्रों पर की गई व्यवस्थाओं की सराहना की और शांतिपूर्ण माहौल में परीक्षा संपन्न होने पर संतोष व्यक्त किया।प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार शेष परीक्षाएं भी निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आयोजित की जाएंगी और परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

# एसएम डिग्री कॉलेज में प्राचार्य डॉ. दानवीर यादव की पुनर्बहाली

शाह टाइम्स संवाददाता

**चन्दौसी।** लंबे समय से एस.एम. डिग्री कॉलेज में प्रबंध समिति और आयोग से चयनित प्राचार्य डॉ. दानव. ीर यादव के बीच सामंजस्य न बन पाने के कारण कॉलेज प्रशासन विवादों में घिरा रहा। डॉ. दानवीर यादव द्वारा कार्यभार संभालने के बाद कॉलेज परिसर का वातावरण अनुशासित और छात्र-छात्राओं के लिए अनुकूल हुआ था। सौ वर्ष से अधिक पुराने इस प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान की प्रदेश में एक अलग पहचान है, किंतु प्रबंध समिति और प्राचार्य के बीच चले विवादों के चलते कॉलेज का अनुशासन प्रभावित हुआ और इसका प्रतिकूल असर विद्यार्थियों की पढ़ाई पर भी पड़ा। अपने कार्यकाल में प्राचार्य ने कॉलेज में अनुशासन एवं शैक्षणिक वातावरण को बेहतर बनाने का प्रयास किया, परंतु विवाद बढ़ने पर प्रबंध समिति द्वारा उन्हें पहले निलंबित किया गया और बाद में बर्खास्त तक कर दिया गया। कॉलेज के सभी प्रवेश द्वारों पर उनके प्रवेश पर रोक संबंधी नोटिस भी चस्पा कर दिए गए। इसी दौरान एक महिला असिस्टेंट प्रोफेसर द्वारा प्राचार्य पर लैंगिक उत्पीड़न से जुड़े आरोप भी लगाए गए। इन आरोपों से स्वयं को निर्दोष सिद्ध करने के लिए डॉ. दानवीर यादव ने लंबी कानूनी व प्रशासनिक लड़ाई लड़ी। मामले में गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद द्वारा भी पत्राचार किया गया। अंततः कॉलेज के कार्यों को सुचारु रूप से संचालित करने के उद्देश्य से शासन के निर्देश पर जिलाधिकारी सम्भल को कॉलेज का प्राधिकृत नियंत्रक नियुक्त किया गया, जिसके बाद डॉ. दानवीर यादव को पुनः प्राचार्य पद पर आसीन कर दिया गया।

# ब्लैक डे मनाकर सरकार के खिलाफ की नारेबाजी

**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश आशा वर्कर्स यूनियन ने आल इंडिया सेंट्रल काउंसिल ऑफ ट्रेड यूनियन्स के नेतृत्व में सिविल लाइंस स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर पार्क में जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान आशा वर्कर्स ने ब्लैक डे मनाते हुए सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और अपनी लंबित मांगों को लेकर रोष जताया।प्रदर्शनकारी आशा वर्कर्स ने बताया कि प्रदेश में आशा कर्मियों की प्रोत्साहन राशियों का लंबे समय से भुगतान नहीं किया गया है। कई बार मांग उठाने के बावजूद सरकार की उदासीनता बनी हुई है। इसी के चलते जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन का नोटिस दिया गया था, जबकि अनिश्चितक. ालीन राज्यव्यापी हड़ताल की चेता. वनी भी दी जा चुकी है।आशा वर्कर्स ने मांग की है कि वर्ष 2025 के कई माह का बकाया आधार प्रोत्साहन, राज्य वित्त प्रतिपूर्ति राशि तथा विभिन्न स्वास्थ्य अभियानों में किए गए कार्य का भुगतान तत्काल किया जाए। इसके साथ ही आशा और आशा संगिनी को मानद स्वयंसेवक की जगह 45वें भारतीय श्रम सम्मेलन की सिफारिशों के अनुरूप सरकारी कर्मचारी का दर्जा दिया जाए और प्रोत्साहन प्रणाली के बजाय न्यूनतम वेतन लागू किया जाए।आशा वर्कर्स ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगें जल्द नहीं मानी गईं तो वह अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने को मजबूर होंगी।



# सिंगापुर के नौसैनिक बेस पहुंचा भारतीय नौसेना का प्रशिक्षण स्क्वाड्रन



■ वर्ष 2026 को 'आसियान-भारत समुद्री सहयोग वर्ष 2026' के रूप में मनाया जा रहा है इसलिए यह तैनाती विशेष महत्व रखती है

**नई दिल्ली।** आसियान देशों के साथ समुद्री सहयोग और हिंद महासागर नौसेना संगोष्ठी (आईओएनएस) मंच में भारत के मौजूदा नेतृत्व के अनुरूप नौसेना का पहला प्रशिक्षण स्क्वाड्रन (1टीएस) सिंगापुर के चांगी नौसैनिक बेस पहुंचा है जिसमें नौसेना के आईएनएस तीर, आईएनएस शार्दुल, आईएनएस सुजाता तथा भारतीय तटरक्षक पोत सारथी शामिल हैं।

नौसेना के अनुसार यह प्रशिक्षण स्क्वाड्रन इन दिनों दक्षिण-पूर्व हिंद महासागर क्षेत्र में प्रशिक्षण तैनाती पर है। वर्ष 2026 को 'आसियान-भारत समुद्री सहयोग वर्ष 2026' के रूप में मनाया जा रहा है इसलिए यह तैनाती विशेष महत्व रखती है। यात्रा के दौरान भारतीय नौसेना और सिंगापुर नौसेना के नौसैनिक क्षमता निर्माण और समुद्री सहयोग को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से विभिन्न बंद. राग्रह गतिविधियों और पेशेवर संवादों में भाग लेंगे। दोनों नौसेनाओं के प्रशिक्षुओं के बीच संरचित प्रशिक्षण आदान-प्रदान, संयुक्त योग सत्र और खेल प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएंगी। सांस्कृतिक गतिविधियों के अंतर्गत भारतीय नौसेना बैंड द्वारा सिंगापुर के प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर प्रस्तुतियां दी जाएंगी। प्रवास के दौरान जहाजों को स्कूली बच्चों के दर्शन के लिए खोला जाएगा। सिंगापुर आगमन पर भारत के उच्चायुक्त डा. शिल्पक अंबुले ने 1टीएस के प्रशिक्षुओं से संवाद किया। वरिष्ठ अधिकारी 1टीएस और जहाजों के कमान अधिकारियों ने मैरीटाइम ट्रेनिंग एंड डॉक्ट्रिन कमान के कमांडर से भी शिष्टाचार भेंट की। यात्रा के दूसरे दिन सामुदायिक सहभागिता और सिंगापुर नौसेना के साथ विभिन्न संवाद आयोजित किए गए। इंफॉर्मेशन फ्यूजन सेंटर और आरएसएन म्यूजियम का भ्रमण, मैत्रीपूर्ण खेल प्रतियोगिताएं तथा नारायण वृद्धाश्रम और नर्सिंग होम में जनसंपर्क गति. विधि इस दिन के प्रमुख आकर्षण रहे। यह यात्रा भारत की एक्ट ईस्ट नीति के तहत दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों के साथ मजबूत समुद्री साझेदारी और सतत सहभागिता का और सुदृढ़ करती है।

## भारतीय सेना ने श्रीलंका में तीसरे बेली ब्रिज का निर्माण किया

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना के इंजीनियरों ने दित्वा चक्रवात से बुरी तरह प्रभावित श्रीलंका में बी-492 राजमार्ग पर 120 फुट लंबे तीसरे बेली ब्रिज का सफलतापूर्वक निर्माण किया है। सेना के अनुसार क्षेत्रीय एकजुटता और मानवीय सहायता के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करते हुए मध्य प्रांत में स्थित यह पुल कैंडी और नुवारा एलिया जिलों को जोड़ता है। इससे चक्रवात दित्वा के कारण हुई तबाही के बाद एक महीने से अधिक समय तक बाधित रहे महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग की बहाली हुई है। जाफना और कैंडी क्षेत्रों में पहले दो बेली ब्रिजों के सफल निर्माण के बाद वहां सेना की यह तीसरी उपलब्धि है। सेना के प्रयासों से इस क्षेत्र में सड़क संपर्क बहाल होने के साथ-साथ आवश्यक सेवाओं तक पहुंच में सुधार हुआ है और चक्रवात से प्रभावित समुदायों को जरूरी राहत मिली है। सेना ने यह निर्माण कार्य ऑपरेशन सागर बंधु के तहत किया है जो भारत की त्वरित, भरोसेमंद और प्रभावी मानवीय सहायता एवं आपदा राहत प्रतिक्रिया को दर्शाता है। भारतीय सेना द्वारा इंजीनियरिंग विशेषज्ञता और संसाधनों की शीघ्र तैनाती प्राकृतिक आपदाओं के समय सहयोग और एकजुटता की भावना को बताती है। यह पहल भारत की पड़ोसी प्रथम की नीति और वसुधैव कुटुम्बकम की शाश्वत भावना को रेखांकित करती है।



**नई दिल्ली। आगामी गणतंत्र दिवस परेड के पूर्वाभ्यास के दौरान भारतीय सेना के वाहन।**

## वेनेजुएला के कार्यवाहक राष्ट्रपति ने की मंत्रिमंडल में फेरबदल की घोषणा

**काराकास।** वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज ने शुक्रवार को अपने मंत्रिमंडल में तीन फेरबदल की घोषणा की। रोड्रिगेज ने टेलीग्राम पर बताया कि मिगुएल परेज पिरेला को संचार एवं सूचना मंत्री नियुक्त किया गया है, जो फ्रेडी नैनेज की जगह लेंगे, जो पर्यावरण-समाजवाद मंत्रालय के प्रमुख होंगे। रोड्रिगेज ने कहा कि अपनी नई भूमिका में, नैनेज हमारी पृथ्वी की सुरक्षा एवं पर्यावरण संरक्षण से संबंधित सभी मामलों के लिए सार्वजनिक नीतियों को बढ़ावा देना जारी रखेंगे। कार्यवाहक राष्ट्रपति रोड्रिगज ने एनीबल कोरोनाडो को परिवहन मंत्री नियुक्त किया।

## संक्षिप्त समाचार

### ईरान के समर्थन में बगदाद में बड़ा प्रदर्शन

**बगदाद।** ईरान को लेकर अमेरिकी धमकियों के खिलाफ इराक की राजधानी बगदाद में एक बड़ा प्रदर्शन आयोजित किया गया जिसमें सैकड़ों इराकी नागरिकों ने भाग लिया। यह जानकारी स्पुतनिक संवाददाता ने शनिवार को दी। ईराक में हजारों आम नागरिकों और शिया समूहों के समर्थकों ने शुक्रवार को अमे. रिकी खतरों के बीच ईरानी क्षेत्र पर हमला करने के खिलाफ बगदाद में ईरानी दूतावास के सामने प्रदर्शन किया, जिसमें ईरान और ईरानी नागरिकों का समर्थन किया। इराकी प्रदर्शनकारियों ने अमेरिकी और इजरायली विरोधी नारे लगाए और अमेरिकी और इजरायली झंडे जलाने की कोशिश की।

### चीन का शिजियान-32 उपग्रह प्रक्षेपण मिशन विफल

**शीचांग।** चीन के शीचांग उपग्रह प्रक्षेपण केंद्र से शिजियान-32 उपग्रह का प्रक्षेपण शनिवार को विफल रहा। इसके प्रक्षेपण में लॉन्ग मार्च-3बी वाहक रॉकेट का उपयोग किया गया था। दक्षिण-पश्चिमी सिचुआन प्रांत के प्रक्षेपण केंद्र से रॉकेट ने 00:55 बजे (बीजिंग समयानुसार) उड़ान भरी लेकिन उड़ान के दौरान एक असामान्य घटना घटित हुई। विफलता के कारणों की जांच की जा रही है।

### माली के अधिकारियों ने ज्यून अफ्रीक अखबार पर प्रतिबंध लगाया

**माली।** माली के क्षेत्रीय प्रशासन और विकेंद्रीकरण मंत्री अब्दुलाए माइगा ने देश में ज्यून अफ्रीक समाचार पत्र के प्रकाशन, वितरण और बिक्री पर प्रतिबंध लगाने का आदेश जारी किया है। माली की समाचार वेबसाइट 'अ-बमाको' ने शुक्रवार को माइगा के आदेश का हवाला देते हुए बताया कि यह प्रतिबंध अखबार की कथित झूठी, अस्थिर करने वाली और पक्षपातपूर्ण खबर के प्रकाशन के कारण लगाया गया है, विशेष रूप से ईंधन आपूर्ति संकट के कवरेज के संदर्भ में।

# ग्रीनलैंड पर कब्जे का विरोध, तो टैरिफ लगाएंगे

## राष्ट्रपति ट्रम्प ने दुनियाभर के देशों को धमकी दी, कनाडाई पीएम बोलेः हम हर हाल में ग्रीनलैंड के साथ



■ नाटो देश होने के नाते ग्रीनलैंड के तरफ हमारी जिम्मेदारी बरकरार है
■ ग्रीनलैंड का भविष्य ग्रीनलैंड और डेनमार्क के लोगों का फैसला है

**वाशिंगटन।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ग्रीनलैंड को अमेरिका में शामिल करने को लेकर खुली धमकी दी है। बीबीसी के मुता. बिक, उन्होंने कहा कि अगर किसी देश ने ग्रीनलैंड पर कब्जे वाले प्लान में उनका साथ नहीं दिया तो वे उन देशों पर टैरिफ लगाएंगे। ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में एक बैठक के दौरान यह बयान दिया। हालांकि, उन्होंने साफ नहीं किया कि किन देशों पर टैरिफ लगाया जाएगा और इसके लिए वह किस कानूनी अधिकार का इस्तेमाल करेंगे।

दूसरी ओर कनाडाई प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने कहा कि ग्रीनलैंड के मालिकाना हक का फैसला अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का नहीं है। नाटो देश होने के नाते ग्रीनलैंड के तरफ हमारी जिम्मेदारी बरकरार है। उन्होंने कहा के ग्रीनलैंड का भविष्य ग्रीनलैंड और डेनमार्क के लोगों का फैसला है। कार्नी ने नाटो सहयोगियों, खासकर अमे. रिका से कहा कि वे अपने वादों का सम्मान करें। ट्रम्प ने ग्रीनलैंड को गोल्डन डोम नामक बड़े रक्षा प्रोजेक्ट के लिए भी अहम बताया है। गोल्डन डोम अमेरिका का मिसा. इल डिफेंस प्रोजेक्ट है।

यह इजरायल के आयरन डोम से प्रेरित है। गोल्डन डोम का मकसद चीन, रूस जैसे देशों से आने वाले खतरे से अमेरिका को बचाना है। ट्रम्प ने बताया कि अमेरिका ग्रीनलैंड को लेकर नाटो से भी बातचीत कर रहा है। ट्रम्प पहले भी कह चुके हैं कि नाटो को अमेरिका का साथ देना चाहिए। अगर अमेरिका ने ग्रीनलैंड पर कंट्रोल नहीं किया, तो रूस या चीन वहां अपना असर बढ़ा सकते हैं, जो किसी भी हालत में स्वीकार नहीं किया जाएगा। ट्रम्प के बयान के वक्त अमेरिकी संसद का एक द्विदलीय प्रतिनिधिमंडल ग्रीनलैंड के दौरे पर था। इस 11 सदस्यीय टीम का नेतृत्व डेमोक्रेट सीनेटर क्रिस कून्स कर रहे हैं। इसमें रिपब्लिकन सीनेटर थाम टिलिस और लिसा मर्कोव्स्की भी शामिल हैं। प्रतिनिधिमंडल ने ग्रीनलैंड के सांसदों के अलावा डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिक्सन और ग्रीनलैंड के प्रधानमंत्री जेन्स-फ्रेडरिक नीलसन से मुलाकात की। टीम का मकसद स्थानीय लोगों की बात सुनना और वाशिंगटन में तनाव कम करना है। सीनेटर कून्स ने कहा, हम ग्रीनलैंड के लोगों की सुन रहे हैं और उनकी राय लेकर वापस जाएंगे, ताकि स्थिति शांत हो। ग्रीनलैंड की सांसद आजा चेमनित्ज ने कहा कि हमें दोस्तों और सहयोगियों की जरूरत है। अमेरिका 2019 से दबाव बना रहा है। यह एक लंबी दौड़ है, जो अभी खत्म नहीं हुई। जितना ज्यादा समर्थन मिले, उतना अच्छा। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह मुलाकात फायदेमंद साबित होगी। अमेरिकी सीनेटर मर्कोव्स्की ने ग्रीनलैंड को जबरन लेने के खिलाफ संसद में एक बिल पेश किया है। वहीं, एक रिपब्लिकन सांसद ने ग्रीनलैंड को जोड़ने के पक्ष में दूसरा बिल पेश किया। ट्रम्प के विशेष दूत जेफ लैंड्री ने बताया कि अमे. रिका को ग्रीनलैंड के नेताओं से सीधे बात करनी चाहिए, न कि डेनमार्क से। उन्होंने कहा ट्रम्प गंभीर हैं। जल्द ही सौदा हो जाएगा। डेनमार्क के विदेश मंत्री लार्स लोक्के रासमुसेन और ग्रीनलैंड की विदेश मंत्री विवियन मोट्ज़फेल्ट ने व्हाइट हाउस में उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और विदेश मंत्री मार्को रुबियो से मुलाकात की थी। एक डेनिश अधिकारी ने कहा कि सैन्य कार्रवाई की कोई बात नहीं हुई, लेकिन ट्रम्प के बयानों को गंभीरता से लिया जा रहा है। अमेरिकी सांसद कांग्रेसमैन रैंडी फाइन ने 12 जनवरी को ग्रीनलैंड एनेक्सेशन एंड स्टेटहुड बिलय पेश किया, जो अभी हाउस और सीनेट दोनों में पास होना बाकी है। व्हाइट हाउस में बुधवार को हुई बातचीत में डेनमार्क, ग्रीनलैंड और अमेरिका के बीच कोई बड़ा समझौता नहीं हुआ। हालांकि, बैठक के बाद तीनों पक्षों ने ग्रीनलैंड से जुड़े मुद्दों पर चर्चा के लिए एक संयुक्त वर्किंग ग्रुप बनाने पर सहमति जताई, जिसकी बैठकें आने वाले हफ्तों में होंगी। रासमुसेन ने साफ कहा कि अमेरिका के साथ असहमति बनी हुई है। हमारा रुख काफी अलग है। उन्होंने ट्रम्प के ग्रीनलैंड को खरीदने या कब्जा करने के विचार को पूरी तरह अस्वीकार्य बताया। उन्होंने कहा कि हमने बहुत स्पष्ट रूप से कहा है कि यह डेनमार्क के हित में नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि दोनों देश आर्कटिक में सुरक्षा सहयोग बढ़ाने के लिए तैयार हैं।

## व्हाइट हाउस ने गाजा शांति बोर्ड के सदस्यों के नामों की घोषणा की

**वाशिंगटन।** व्हाइट हाउस ने शुक्रवार को एक बयान जारी कर गाजा के लिए शांति बोर्ड के सदस्यों के नामों की आधिकारिक घोषणा की। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प इस शांति बोर्ड की अध्यक्षता करेंगे। बयान में कहा गया कि बोर्ड के सदस्यों में अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो, ट्रम्प के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ, ट्रम्प के दामाद जेरेड कुशनर और ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री टोनी ब्लेयर शामिल हैं। राष्ट्रपति ट्रम्प ने गुरुवार को कहा था कि गाजा के लिए शांति बोर्ड की स्थापना कर दी गई है और बोर्ड के सदस्यों की घोषणा जल्द ही की जाएगी।

# घने कोहरे ने पाकिस्तान में ली 24 लोगों की जान



■ पंजाब और बलूचिस्तान में सड़क हादसों से मचा कोहराम

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में शनिवार को घने कोहरे ने दो बड़े सड़क हादसों को जन्म दिया। पंजाब और बलूचिस्तान में अलग-अलग दुर्घटनाओं में कम से कम 24 लोगों की मौत हो गई, जबकि 20 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। सबसे दर्दनाक हादसा पंजाब के सरगोधा जिले में हुआ, जहां एक ट्रक पुल से नीचे सूखी नहर में गिर गया। वहीं बलूचिस्तान के ओरमारा इलाके में एक कोच पलट गई।

दोनों घटनाओं ने पूरे इलाके में अफरा-तफरी मचा दी। पंजाब के सरगोधा जिले में यह हादसा तड़के हुआ। रेस्क्यू अधिकारियों के मुता. बिक, ट्रक इस्लामाबाद से फैसलाबाद जा रहा था। इसमें 23 लोग सवार थे, जो एक जनाजे में शामिल होने जा रहे थे। घने कोहरे के कारण मोटरवे बंद थी, इसलिए चालक ने स्थानीय रास्ता अपनाया। कोट मोमिन तहसील के गालापुर बंगला पुल पर पहुंचते ही ट्रक चालक का नियंत्रण बिगड़ गया और वाहन पुल से नीचे सूखी नहर में जा गिरा। इस हादसे में 14 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जिनमें छह बच्चे भी शामिल थे। नौ लोग गंभीर रूप से घायल हुए। ट्रक पलटने के बाद कई यात्री उसके नीचे फंस गए, जिससे रेस्क्यू कार्य बेहद मुश्किल हो गया। घायलों को मौके पर प्राथमिक उपचार देने के बाद सिविल अस्पताल कोट मोमिन ले जाया गया। इनमें से तीन घायलों को बाद में तहसील मुख्यालय अस्पताल रेफर किया गया। रेस्क्यू टीम को घटना की सूचना रात एक बजकर 48 मिनट पर मिली थी, जिसके बाद तुरंत राहत कार्य शुरू किया गया। सर्दियों के मौसम में पंजाब और आसपास के इलाकों में घना कोहरा आम बात है। कोहरे के चलते खतरा बेहद कम हो जाती है, जिससे वाहन चालकों को सड़क और पुल का अंदाजा नहीं लग पाता। इसी वजह से शनिवार को एम-1, एम-2, एम-3, एम-4 और एम-11 समेत कई मोटरवे को बंद करना पड़ा। बार-बार हो रहे ऐसे हादसे यह दिखाते हैं कि खराब मौसम में वैकल्पिक मार्गों पर सुरक्षा इंतजाम पर्याप्त नहीं हैं।

# अमेरिका में भारतीय नागरिक को ढाई साल की जेल की सजा

■ हवाई उपकरण अवैध रूप से रूस भेजने का आरोप

**वाशिंगटन।** अमेरिका में एक 58 वर्षीय भारतीय नागरिक को ढाई साल जेल की सजा सुनाई गई है। भारतीय नागरिक पर आरोप है कि उसने निर्यातित हवाई उपकरण अवैध रूप से रूस भेजने की साजिश रची।

इस हफ्ते की शुरुआत में सुनाए गए फैसले में, ओरेगन डिस्ट्रिक्ट के अमेरिकी अटार्नी स्काट ब्रैडफोर्ड ने कहा कि आरोपी संजय कौशिक ने जानबूझकर और मुनाफे के लिए ये साजिश रची। आरोपी संजय कौशिक दिल्ली का निवासी है। अटार्नी ने कहा कि यह एक सोची-समझी साजिश के तहत बनाई गई योजना थी जिसमें विदेशी साजिशकर्ताओं के साथ तालमेल शामिल था। रूस की प्रतिबंधित कंपनियां भी इस साजिश में शामिल थीं। आरोपी ने कई बार अपने निजी फायदे के लिए अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा और विदेश नीति के लिए जरूरी सुरक्षा उपायों को कमजोर करने की कोशिश की। आरोपी ने एक्सपोर्ट कंट्रोल रिफार्म एक्ट का उल्लंघन किया, जिसके लिए उसे फेडरल जेल में 30 महीने और 36 महीने की सुपरवाइज्ड रिहाई की सजा सुनाई। राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए असिस्टेंट अटार्नी जनरल जान आइजनबर्ग ने इस मामले पर कहा कि जो लोग अमेरिकी एक्सपोर्ट कंट्रोल कानूनों को चकमा देने की योजना बनाते हैं, खासकर जब इसमें मिलिट्री इस्तेमाल वाली टेक्नोलाजी शामिल होती है-तो उन पर कानून के तहत पूरी सख्ती से कार्रवाई की जाएगी।

## अमेरिका के मिनियापोलिस में प्रदर्शन जारी, 12 लोगों को किया गिरफ्तारी

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिका के मिनेसोटा राज्य के सबसे बड़े शहर मिनियापोलिस में आव्रजन एवं सीमा शुल्क प्रवर्तन (आईसीई) के अभियानों के विरोध में हो रहे प्रदर्शनों के दौरान 12 लोगों को गिरफ्तार किया गया। यह जानका. री अधिकारियों ने शुक्रवार को दी। अमेरिकी गृह सुरक्षा विभाग (डीएचएस) ने कल कहा कि कानून प्रवर्तन अधिकारियों पर हमला करने के आरोप में आईसीई विरोधी 12 प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार किया गया है। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, प्रदर्शन जारी रहा और बिशप हेनरी व्हिपल फेडरल बिल्डिंग के बाहर भीड़ जमा होती रही। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोशल मीडिया ट्रुथ पर मिनेसोटा में शासन कर रहे डेमोक्रेट्स की आलोचना की।

# अमेरिका की एयरलाइंस को दी गई हिदायत

## मेक्सिको के ऊपर उड़ते समय सावधान रहें, 60 दिन की पाबंदी लगाई



■ पिछले हफ्ते ड्रग कार्टेल को लेकर हमले की धमकी दी थी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन (एफएए) ने अपनी एयरलाइंस के लिए चेतावनी जारी की। इसमें कहा गया है कि वे मेक्सिको, मध्य अमेरिका और दक्षिण अमेरिका के कुछ हिस्सों के ऊपर उड़ान भरते समय सतर्क रहें। यह चेतावनी संभावित सैन्य गतिविधियों और जीपीएस सिग्नल में रुकावट के खतरे के कारण दी गई है।

एफएए ने मेक्सिको, मध्य अमेरिकी देशों, इक्वाडोर, कोलंबिया और पूर्वी प्रशांत महा. सागर के कुछ हवाई क्षेत्रों के लिए नोटिस टू एयरमेन जारी किए हैं। ये चेतावनियां 16 जनवरी 2026 से शुरू होकर 60 दिनों तक, यानी मार्च 2027 तक प्रभावी रहेंगी। मेक्सिको सरकार ने एफएए की इस चेतावनी पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि यह सिर्फ एक सावधानी है। इससे मेक्सिको की हवाई सीमा या वहां की एयरलाइंस पर कोई पाबंदी नहीं लगी है। यह नोटिस केवल अमेरिकी आपरेटरों (एयरलाइंस) पर लागू होता है और मेक्सिको में उड़ानें सामान्य रूप से जारी रहेंगी। ट्रम्प ने 8 दिसम्बर को कहा था कि मेक्सिको में ड्रग कार्टेल देश चला रहे हैं और अमेरिका इनके खिलाफ जमीन पर हमले कर सकता है। वेनेजुएला पर कार्रवाई के बाद राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने 8 दिसम्बर को कहा था कि उनका प्रशासन जल्द ही जमीन पर मौजूद ड्रग कार्टेल को निशाना बनाने के लिए कार्रवाई शुरू करेगा। ट्रम्प ने फाक्स न्यूज को दिए एक इंटरव्यू में दावा किया कि मेक्सिको पर ड्रग कार्टेल का राज है। यह अमेरिका में हर साल 2.5 लाख से 3 लाख लोगों की मौत का कारण बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि समुद्र के रास्ते से ड्रग्स की तस्करी को 97 प्रतिशत तक रोक दिया है, इसलिए अब जमीन पर कार्रवाई की जाएगी। हालांकि उन्होंने योजनाओं के बारे में और कोई जानकारी नहीं दी। मेक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबाम ने ट्रम्प के बयानों का कड़ा जवाब दिया है। उन्होंने मादुरो की गिरफ्तारी के बाद कहा कि अमेरिका किसी भी क्षेत्र का मालिक नहीं है। ट्रम्प बोले: मेक्सिको में ड्रग कार्टेल्स खत्म करने की पेशकश की, राष्ट्रपति नहीं मानी। मेक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबाम ने साफ किया कि मेक्सिको दूसरे देशों के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप को पूरी तरह खारिज करता है।

# मस्क की एक्स गर्लफ्रेंड ने ग्रोक पर केस किया

## स्वास्तिक प्रिंट वाली बिकनी पहने फोटो बनाई थी, मस्क की कंपनी ने भी काउंटर केस किया





■ ग्रोक से बनाई गई फोटो में उनकी 14 साल की उम्र की एक पुरानी फोटो को बदला

**न्यूयार्क।** टेस्ला और एक्स (पहले ट्विटर) के मालिक इलान मस्क के बच्चों में से एक की मां एश्ले सेंट क्लेयर ने एआई कंपनी के खिलाफ केस दर्ज कराया है। उनका आरोप कि एआई के चैटबाट ग्रोक (ग्रोक) ने यूजर्स को उनकी आपत्तिजनक डीपफेक फोटो बनाने की परमिशन दी, जिससे उन्हें मानसिक पीड़ा और बदनामी झेलनी पड़ी। राइटर और पालिटिकल स्ट्रैटेजिस्ट 27 साल की एश्ले सेंट क्लेयर ने गुरुवार को न्यूयार्क सिटी की स्टेट सुप्रीम कोर्ट में यह मुकदमा दायर किया।

उन्होंने आरोप लगाया कि ग्रोक से बनाई गई फोटो में उनकी 14 साल की उम्र की एक पुरानी फोटो को बदला। इसमें उन्हें बिकिनी पहने दिखाया गया। इसके अलावा कुछ दूसरी फोटो में उन्हें एक एडल्ट महिला के रूप में सेक्सुअल पोजिशन में और यहां तक कि स्वस्तिक छपी बिकिनी पहने दिखाया गया। एश्ले सेंट क्लेयर यहूदी हैं, इसलिए उन्होंने इसे और भी अपमान. जनक और डराने वाला बताया। वहीं, एआई का आरोप है कि सेंट क्लेयर ने अपने यूजर एग्रीमेंट का उल्लंघन किया है। जिसमें कहा गया है कि कंपनी के खिलाफ केस केवल टेक्सास के फेडरल कोर्ट में ही किया जा सकता है। गुरुवार को ही एआई ने इस केस को न्यूयार्क स्टेट कोर्ट से हटाकर मैनहट्टन के फेडरल कोर्ट में ट्रांसफर करा लिया। इतना ही नहीं, उसी दिन एआई ने टेक्सास के फेडरल कोर्ट में एश्ले सेंट क्लेयर के खिलाफ दावा भी दायर कर दिया। इस दावे में एआई ने हर्जाने की रकम की मांग की है। सेंट क्लेयर का कहना है कि जैसे ही उन्हें इन डीपफेक फोटो के बारे में पता चला, उन्होंने पिछले साल ही एक्स को इसकी शिकायत की और तस्वीरें हटाने की मांग की। लेकिन शुरुआती जवाब में प्लेटफार्म ने कहा कि ये फोटो उसकी पालिसी का उल्लंघन नहीं करतीं। बाद में एक्स ने यह भरोसा दिलाया कि उनकी सहमति के बिना उनकी फोटो का इस्तेमाल या एडिटिंग नहीं की जाएगी। इसके बावजूद सेंट क्लेयर का दावा है कि उनके साथ जवाबी कार्रवाई (रिटैलियेशन) की गई। उन्होंने आरोप लगाया-उनका प्रीमियम एक्स सब्सक्रिप्शन और वेरिफिकेशन चेकमार्क हटा दिया गया। उनके अकाउंट से कमाई (मानेटाइजेशन) बंद कर दी गई जबकि उनके करीब 10 लाख फालोअर्स हैं।

## आर्कटिक में रूस-चीन का डर दिखाना पश्चिम का खोखला बहानाः रूसी राजदूत

**मास्को।** नार्वे में रूस के राजदूत निकोलाई कोरचुनोव ने रूसी सरका. री समाचार एजेंसी आरआईए नोवोस्ती से बात करते हुए कहा कि आर्कटिक में रूस और चीन की तथाकथित 'धमकी भरी मौजूदगी' को डराने-धमकाने के बहाने के रूप में इस्तेमाल करने की पश्चिम की नीति गलत साबित हुई है और ग्रीनलैंड के संदर्भ में यह उनके अपने ही यूरोपीय समर्थकों के खिलाफ उलटी पड़ गई है। कोर्चुनोव ने कहा कि कुछ यूरोपीय देश, जो उस क्षेत्र के बाहर हैं, आर्कटिक राज्यों के बीच असहमति का फायदा उठाने की को. शिश कर रहे हैं, ताकि आर्कटिक में अपनी भूमिका और स्थिति मजबूत कर सकें।

# अमेरिकी कॉमेडियन ने ट्रम्प का मजाक उड़ाया

■ कहाः अप्रवासियों की गिरफ्तारी रोकें अपने अवार्ड दूंगा, व्हाइट हाउस बोलाः अपने पास रखो, नौकरी जाने पर गिरवी रखना

**वाशिंगटन।** अमेरिकी लेट-नाइट होस्ट और कामेडियन जिमी किमेल ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का मजाक उड़ाते हुए एक आफर दिया है। उन्होंने कहा कि ट्रम्प को अवार्ड्स बहुत पसंद हैं, इसलिए अगर ट्रम्प मिनियापोलिस से आईसीई (अमेरिकी इमिग्रेशन एंड कस्टम्स एनफोर्समेंट) के एजेंट्स को हटा लें और उन्हें वापस बार्डर पर भेज दें, तो वह ट्रम्प को अपने अवार्ड्स दे देंगे।

यह मजाक जिमी किमेल लाइव शो के गुरुवार रात के एपिसोड में आया। किमेल ने ट्रम्प को अपना 1999 का डेटाइम एमी अवार्ड, क्लियो अवार्ड, बेबी अवार्ड, राइटर्स गिल्ड अवार्ड और यहां तक कि 2015 का सोल ट्रेन अवार्ड व्हाइट पर्सन आफ द ईयर देने की पेशकश की। किमेल ने कहा कि 'इस वक्त एक अच्छा राष्ट्रपति हालात को शांत करने का रास्ता खोजता, लेकिन हमारे डोनाल्ड ऐसे नहीं हैं। वह जहां जाते हैं, वहां का तापमान बढ़ा देते हैं।' ट्रम्प ने अमेरिका के मिनेसोटा में सेना तैनात करने की धमकी दी थी। यहां अप्रवासियों की गिरफ्तारी के बाद हिंसा भड़क गई थी। जिमी किमेल के इस आफर पर व्हाइट हाउस ने भी प्रतिक्रिया दी है। व्हाइट हाउस के कम्युनिकेशन डायरेक्टर स्टीवन चेउंग ने शुक्रवार को एक्स पर लिखा, जिमी को ये अवार्ड अपने पास ही रखने चाहिए, ताकि जब खराब रेटिंग्स की वजह से उन्हें नौकरी से निकाल दिया जाए, तो वे इन्हें गिरवी रख सकें। किमेल बोले: राष्ट्रपति किसी के गले से भी मेडल खींच सकते हैं। यह व्यंग्य ऐसे समय आया जब वेनेजुएला की विपक्षी नेता मारिया कोरिना माचाडो ने व्हाइट हाउस में ट्रम्प को अपना नोबेल पीस प्राइज मेडल भेंट किया। ट्रम्प ने महीनों से नोबेल प्राइज न मिलने की शिकायत की थी। किमेल ने मजाक उड़ाया कि कभी-कभी कोई राष्ट्रपति किसी के गले से भी नोबेल प्राइज का मेडल खींच लेता है। उन्होंने ट्रम्प की फोटो दिखाते हुए कहा कि देखिए कितने खुश हैं ट्रम्प। क्या आपने कभी किसी को इतना खुश देखा है जिसने कोई प्राइज खुद नहीं जीता हो? किमेल ने आगे कहा कि माचाडो खाली हाथ नहीं गई, उन्हें एक 'मेक अमेरिका ग्रेट अगेन' मग गिफ्ट के तौर पर मिला।

# दीया मिर्जा वायरल ट्रेंड में शामिल हुई



**नई दिल्ली।** बॉलीवुड अभिनेत्री दीया मिर्जा वायरल 'दिस वाज 2016' ट्रेंड में शामिल होकर अपने प्रशंसकों को पुरानी यादों में ले गईं और अपनी कुछ पुरानी तस्वीरें साझा कीं, जिससे उनके प्रशंसकों को अपनी शुरुआती फिल्मों की यादें ताजा हो गईं। शनिवार को इंस्टाग्राम पर तस्वीरें साझा करते हुए, दीया ने अपने 'रहना है तेरे दिल में' (आरएचटीडीएम) के सह-कलाकार आर- माधवन, जिन्हें मैडी के नाम से जाना जाता है, के साथ फिल्म के पर्दे के पीछे और फोटोशूट की तस्वीरें पोस्ट कीं।

फिल्म की 25वीं वर्षगांठ इस अक्टूबर में आ रही है। अपने कैप्शन में दीया ने लिखा कि यह 2016 था। 19 अक्टूबर 2026 को 25 साल पूरे हो जाएंगे। एक ऐसा तोहफा जो हमेशा मिलता रहता है। फिल्म 2001 में रिलीज हुई थी। फिल्म का नाम बताओ। ओह मैडी मैडी, देखो क्या आ गया? कई प्रशंसकों के लिए, रीना और मैडी के रूप में दीया और माधवन बॉलीवुड की सबसे प्रिय जोड़ियों में से एक हैं। दो दशक से अधिक समय पहले रिलीज होने के बावजूद फिल्म के गाने, संवाद और कहानी आज भी दर्शकों के दिलों में एक खास जगह रखते हैं। वाशु भगनानी की पूजा एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित, 'आरएचटीडीएम' में सैफ अली खान ने भी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी और यह माधवन और दीया मिर्जा दोनों की बॉलीवुड में पहली फिल्म थी। गौतम वासुद. `व मेनन निर्देशित यह रोमांटिक ड्रामा उनकी अपनी तमिल फिल्म मिन्नाले का हिदी रीमेक है, जो उसी वर्ष पहले रिलीज हुई थी।



## भाभी जी घर पर हैं, फन ऑन द रन का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** फिल्म 'भाबीजी घर पर हैं!- फन ऑन द रन' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। एक दशक से ज्यादा समय तक टीवी पर दर्शकों को गुदगुदाने के बाद, 'भाबीजी घर पर हैं!' अब अपनी दुनिया को और बड़ा करते हुए अपनी आने वाली थिएट्रिकल फिल्म 'भाबीजी घर पर हैं!- फन ऑन द रन' के साथ तैयार है।

जी स्टूडियोज और एडिट टू ने इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज कर दिया है। 'भाबीजी घर पर हैं!- फन ऑन द रन' को जी सिनेमा, संजय कोहली और बिनैफर कोहली ने प्रोड्यूस किया है और जी स्टूडियोज व संजय कोहली ने इसे प्रस्तुत किया है। इस फिल्म में शुभांगी अत्रे, विदिशा श्रीवास्तव, आसिफ शेख, रोहिताश्व गौर, रवि किशन, मुकेश तिवारी और निरहुआ अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे।

शुभांगी अत्रे ने कहा, भाबीजी यूनिवर्स हमेशा मेरे दिल के बहुत करीब रहा है और अब इसे बड़े पर्दे पर फिल्म के रूप में देखना मेरे लिए सच में अलग एहसास है। हमने यह फिल्म सिर्फ 17 दिनों में शूट की और उस दौरान हम सबने बहुत मस्ती भी की।

इस बार दर्शक अंगूरी की शरारतों का नया रंग देखेंगे और कई सरप्राइज भी मिलेंगे। रवि किशन सर और मुकेश तिवारी सर के साथ काम करना मेरे लिए सीखने वाला अनुभव रहा और मुझे उम्मीद है कि फैंस को जो आगे आने वाला है, वह उन्हें बहुत पसंद आएगा। रवि किशन ने कहा, ष्जब मैंने इस फिल्म की स्क्रिप्ट पढ़ी, तो मैं बहुत खुश हो गया, क्योंकि मुझे पता चल गया था कि यह कोई आम कॉमेडी नहीं है। 'भाबीजी घर पर हैं!' एक कल्ट शो है और फिल्म का हिस्सा बनना मेरे लिए शानदार अनुभव रहा। सेट पर सभी के साथ मेरी बहुत अच्छी बॉन्डिग बन गई। शुभांगी के साथ भी मेरा बहुत मजेदार समय रहा, हमारे कई सीन साथ थे और सेट पर लगातार हंसी का माहौल था। मेरा किरदार एकदम विलेन वाला है और कहानी में कुछ ऐसे ट्विस्ट लाता है, जो दर्शकों ने सोचे भी नहीं होंगे। 'भाबीजी घर पर हैं!- फन ऑन द रन' 06 फरवरी, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है।

## 5 मार्च 2027 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी प्रभास की फिल्म 'स्पिरिट'

**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के मेगा स्टार प्रभास की आने वाली फिल्म 'स्पिरिट' 05 मार्च 2027 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। संदीप रेड्डी वांगा द्वारा निर्देशित इस फिल्म में प्रभास के साथ तृप्ति डिमरी नजर आएंगी।

स्पिरिट के मेकर टी-सीरीज ने सोशल मीडिया पर एक पोस्टर शेयर किया जिसमें बताया गया कि यह फिल्म 05 मार्च 2027 को दुनिया भर में रिलीज होगी। मेकर्स ने लिखा, 'याद रखें स्पिरिट 05 मार्च 2027 को दुनिया भर में रिलीज होने वाली है'। फिल्म 'स्पिरिट' में प्रभास और तृप्ति मुख्य भूमिकाओं में हैं, जबकि प्रकाश राज, विवेक ओबेरॉय और कंचना सहायक भूमिकाओं में नजर आएंगे।

## फिल्म 'ओ रोमियो' का 'हम तो तेरे ही लिए थे' गाना रिलीज

**नई दिल्ली।** निर्देशक विशाल भारद्वाज की आगामी फिल्म 'ओ रोमियो' का गाना 'हम तो तेरे ही लिए थे' शुक्रवार को रिलीज कर दिया गया। यह गीत फिल्म की कहानी की मार्मिक झलक पेश करता है। फिल्म में शाहिद कपूर, तृप्ति डिमरी, विक्रांत मैसी, तमन्ना भाटिया, अविनाश तिवारी और फरीदा जलाल सहित कई प्रमुख कलाकार हैं। 'ओ रोमियो' फिल्म के सख्त और स्याह परिवेश के बीच, यह गीत एक मार्मिक भावनात्मक विरोधाभास के रूप में उभरता है, जहां नर्म अहसास तल्ख हकीकत से टकराते हैं। विशाल भारद्वाज के ट्रैक में उनका विशिष्ट हस्ताक्षर गहराई और मधुरता है।

## 'इत्ती सी खुशी' में रजत वर्मा को नए लुक की प्रेरणा शाहरुख से मिली

**मुंबई।** अभिनेता रजत वर्मा ने सोनी सब के शो 'इत्ती सी खुशी' में अपने नए लुक की प्रेरणा शाहरुख खान की फिल्म 'मोहब्बतें' में उनके आइकॉनिक लुक से ली है। शो 'इत्ती सी खुशी' अपनी दिलचस्प कहानी से दर्शकों का दिल जीत रहा है। विराट वर्मा का किरदार निभा रहे रजत वर्मा ने हाल ही में अपने स्टाइल में एक बड़ा बदलाव किया है, जिससे स्क्रीन पर उनके किरदार में एक नई गहराई आई है। शुरुआत में वह एक लापरवाह, कूल यंग लड़के के रूप में कैजुअल कपड़ों में दिखे थे, लेकिन अब उनका लुक जडादा मैच्योर और स्वाभाविक रूप से ष्मर्दानाष हो गया है। जैसे-जैसे किरदार अनुभवों और जम्मिेदारियों के साथ बड़ा होता है, विराट की स्टाइलिग भी बदल गई है। क्लीन कट्स, हल्के रंग और करीने से पहने गए कपड़े अब उनके किरदार को परिभाषित करते हैं और उनकी अंदरूनी मैच्योरिटी को दिखाते हैं। दिलचस्प बात यह है कि विराट के मौजूदा लुक के पीछे की प्रेरणा शाहरुख खान के 'मोहब्बतें' में आइकॉनिक लुक से मिली है, जिसमें स्टाइलिग टीम ने शाहरुख का सादगी भरी एलिगेंस, मिनिमल लेकिन असरदार, शांत लेकिन आत्मविश्वासी अंदाज से प्रेरणा लेकर विराट के बदले हुए व्यक्तित्व को आकार दिया है। हल्के फैब्रिक से लेकर हल्के रंगों तक, हर स्टाइलिग चॉइस उस दौर को दिखाती है जिससे विराट अभी गुजर रहा है, एक ऐसा आदमी जो गंभीर जम्मिेदारियों और मुश्किल हालात का सामना कर रहा है। उनका लुक जवानी की आसानी से हटकर जडादा शांत हो गया है, जो दिखाता है कि विराट भावनात्मक रूप से कैसे बड़ा हुआ है और अब वह खुद को जडादा मैच्योरिटी और गहराई के साथ पेश करता है। रजत वर्मा ने कहा कि जब मैंने विराट का किरदार निभाना शुरू किया, तो उसके कपड़े उस समय के उसके व्यक्तित्व को दिखाते थे, लापरवाह, थोड़ा जल्दबाज, और पल में जीने वाला। जैसे-जैसे किरदार बड़ा हुआ और कहानी आगे बढ़ी, स्टाइलिग स्वाभाविक रूप से जडादा साफ-सुथरी और मैच्योर हो गई, ठीक वैसे ही जैसे उसकी सोच। जब टीम ने इस बदलाव पर चर्चा की, तो सबसे पहला रेफरेंस जो मेरे दिमाग में आया, वह 'मोहब्बतें' के शाहरुख खान का था। नया स्टाइल एक खास गंभीरता लाता है, और इसने मुझे विराट के जडादा जमीनी, विकसित रूप को अपनाने में मदद की है। यह उसका एक ऐसा रूप है जिसे खोजने में मुझे मजा आ रहा है, और मुझे उम्मीद है कि दर्शक भी इस बदलाव को उतनी ही शिद्दत से



महसूस करेंगे, जितनी शिद्दत से हम इसे बनाते समय महसूस करते हैं। 'इत्ती सी खुशी' हर सोमवार से शनिवार रात नौ बजे, सिर्फ सोनी सब पर प्रसारित होता है।




## अपनी शायरी से जावेद अख्तर ने सभी को किया मदहोश



**मुंबई।** बॉलीवुड के जानेमाने शायर और गीतकार जावेद अख्तर आज 81 वर्ष के हो गए। 17 जनवरी 1945 को शायर-गीतकार जां निसार अख्तर के घर जब एक लड़के ने जन्म लिया तो उसका नाम रखा गया "जादू"। यह नाम जां निसार अख्तर के ही एक शेर की एक पंक्ति "लंबा लंबा किसी जादू का फसाना होगा" से लिया गया है। बाद मे जां निसार के यही पुत्र जादू "जावेद अख्तर" के नाम से फिल्म इंडस्ट्री में विख्यात हुए। बचपन से ही शायरी से जावेद अख्तर का गहरा रिश्ता रहा। उनके घर शेरो-शायरी की महफिलें सजा करती थी जिन्हें वह बड़े चाव से सुना करते थे। उन्होंने जिदगी के उतार-चढ़ाव को बहुत करीब से देखा था इसलिए उनकी शायरी में जिदगी के फसाने को बड़ी शिद्दत से महसूस किया जा सकता है। जावेद अख्तर के गीतों की यह खूबी रही है कि वह अपनी बात बड़ी आसानी से दूसरों को समझाते हैं। उनके जन्म के कुछ समय के बाद उनका परिवार लखनऊ आ गया। उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा लखनऊ से पूरी की।कुछ समय तक वहां रहने के बाद वह अलीगढ़ आ गए जहां वह अपनी खाला के साथ रहने लगे। जावेद अख्तर ने अपनी मैट्रिक की पढ़ाई अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी से पूरी की। इसके बाद उन्होंने अपनी स्नातक की शिक्षा भोपाल के साफिया कॉलेज से पूरी की लेकिन कुछ दिनों के बाद उनका मन वहां नहीं लगा और वह अपने सपनों को नया रूप देने के लिए वर्ष 1964 में मुंबई आ गए। मुंबई पहुंचने पर जावेद अख्तर को कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। मुंबई में कुछ दिनों तक वह महज 100 रुपये के वेतन पर फिल्मों मे डॉयलाग लिखने का काम करने लगे। इस दौरान उन्होंने कई फिल्मों के लिए डॉयलाग लिखे लेकिन इनमें से कोई फिल्म बॉक्स आफिस पर सफल नहीं हुई। मुंबई में जावेद अख्तर की मुलाकात सलीम खान से हुई जो फिल्म इंडस्ट्री में बतौर संवाद लेखक अपनी पहचान बनाना चाह रहे थे। इसके बाद वह और सलीम खान संयुक्त रूप से काम करने लगे। वर्ष 1970 में प्रदर्शित फिल्म "अंदाज" की कामयाबी के बाद जावेद अख्तर कुछ हद तक बतौर डॉयलाग रायटर फिल्म इंडस्ट्री में अपनी पहचान बनाने मे सफल हो गए। फिल्म "अंदाज" की सफलता के बाद जावेद अख्तर और सलीम खान को कई अच्छी फिल्मों के प्रस्ताव मिलने शुरू हो गए। इन फिल्मों में "हाथी मेरे साथी, सीता और गीता, जंजीर, यादों की बारात" जैसी फिल्में शामिल है। सीता और गीता के निर्माण के दौरान उनकी मुलाकात "हनी ईरानी" से हुई और जल्द हीं जावेद अख्तर ने हनी ईरानी से निकाह कर लिया। अस्सी के दशक में जावेद अख्तर ने हनी इरानी से तलाक लेने के बाद शबाना आजमी से शादी कर ली। वर्ष 1981 में निर्माता-निर्देशक यश चोपड़ा अपनी नई फिल्म सिलसिला के लिए गीतकार की तलाश कर रहे थे। उन दिनों फिल्म जगत में जावेद अख्तर बतौर संवाद लेखक अपनी पहचान बना चुके थे। यश चोपड़ा ने जावेद अख्तर से फिल्म सिलसिला के गीत लिखने की पेशकश की। फिल्म "सिल. सिला" में जावेद अख्तर के गीत "देखा एक ख्वाब तो सिलसिले हुए और ए कहां आ गए हम" श्रोताओं के बीच काफी लोकप्रिय हुए। फिल्म सिलसिला में अपने गीत की सफलता से उत्साहित जावेद अख्तर ने गीतकार के रूप में भी काम करना शुरू किया। इसके बाद उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा। उन्होंने एक से बढ़कर एक गीत लिखकर जन जन के हृदय के तार झनझनाए।

